CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :24°C
न्यूनतम: 11°C

नई दिल्ली, शुक्रवार 28 नवम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 237 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 6 जमादिउल उखरा1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




बीएलओ की मौत पर एक करोड़ मुआवजा दे आयोग, सपा देगी दो लाख मददः अखिलेश पेज 2



दीप्ति को मिली 3.2 करोड़ की बड़ी राशि, फिर से यूपीडब्ल्यू की टीम में हुई शामिल खेल टाइम्स



गाजा का पुनर्निर्माण : वैज्ञानिकों की क्या है भूमिका सम्पादकीय



इमरान खान जेल में, बाहर मौत की अफवाह पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### भारत के पहले निजी नेविगेशन केन्द्र 'एसीईएन' का शुभारंभ

**तिरुवनंतपुरम।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी. नारायणन ने भारत के पहले निजी क्षेत्र के नेविगेशन नवाचार केंद्र अनंत सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर नेविगेशन (एसीईएन) का उद्घाटन केरल के तिरुवनंतपुरम में किया। अनंत टेक्नोलॉजीज द्वारा स्थापित इस केंद्र का उद्घाटन मंगलवार को किया गया। उद्घाटन समारोह में रक्षा, अंतरिक्ष और शैक्षणिक संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए थे। कंपनी ने नेविगेशन के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह आधुनिक रक्षा और नागरिक जीवन की अदृश्य रीढ़ है। इस दृष्टि से यह केंद्र नेविगेशन प्रौद्योगिकियों में राष्ट्र की आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है।

### दिव्यांगों के लिए फंड जुटाएं यूट्यूबर्स: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सोशल मीडिया के कंटेंट से जुड़े दो मामलों पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा कि सोशल मीडिया पर डाले जाने वाले एडल्ट कंटेंट के लिए किसी न किसी को जिम्मेदारी लेनी ही होगी। केंद्र सरकार इसके लिए 4 हफ्ते में रेगुलेशन बनाए और कानून एससी/एसटी एक्ट की तरह सख्त हों। वहीं दिव्यांगों से जुड़े दूसरे मामले में इंडियाज गॉट लेटेंट के होस्ट और यूट्यूबर समय रैना को आदेश दिया कि वे अपने शो में दिव्यांग लोगों की सफलता की कहानियां दिखाएं, ताकि उनकी मदद के लिए फंड इकट्ठा किया जा सके।

### धोखाधड़ी रोकने के लिए बदले साइबर सुरक्षा से जुड़े नियम

**नई दिल्ली।** मोबाइल के जरिये होने वाली धोखाधड़ी पर लगाम लगाने के लिए सरकार ने दूरसंचार साइबर सुरक्षा नियम, 2025 में संशोधन किए हैं। दूरसंचार विभाग द्वारा नियमों में तीन बदलाव किए गए हैं। मोबाइल नंबर, आईएमईआई और आईपी जैसे आईडेंटिफायर का रिकॉर्ड रखने वाले निकायों को टेलीकॉम आईडेंटिफायर यूजर एंटिटी (टीआईयूई) के रूप में परिभाषित किया गया है। नए नियमों के मुताबिक, विशिष्ट परिस्थितियों में और नियामकीय प्रक्रिया के तहत टीआईयूई के लिए सरकार के साथ टेलीकॉम आईडेंटिफायर डाटा साझा करना जरूरी होगा।

### मेडिकल कॉलेज भ्रष्टाचार मामले में देशभर में छापेमारी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, राजस्थान, बिहार, उत्तर प्रदेश और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में 15 स्थानों पर तलाशी अभियान चला रहा है। ईडी ने कहा कि यह मामला सीबीआई की प्राथमिकी पर आधारित है जिसमें आरोप लगाया गया है कि मेडिकल कॉलेजों के निरीक्षण से संबंधित गोपनीय जानकारी के बदले राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के अधिकारियों और कई सरकारी अधिकारियों को रिश्वत दी गई थी।

# परमाणु क्षेत्र भी निजी क्षेत्र के लिए खोला जाएगा: मोदी

हैदराबाद, वार्ता

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने अंतरिक्ष क्षेत्र में 21वीं सदी को भारत की सदी बताते हुए गुरुवार को कहा कि सरकार इस क्षेत्र की तरह अब परमाणु क्षेत्र को भी निजी क्षेत्र के लिए खोलने की दिशा में आगे बढ़ रही है, जिससे देश की ऊर्जा सुरक्षा तथा प्रौद्योगिकी नेतृत्व को बल मिलेगा।

श्री मोदी ने उच्च प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुसंधान तथा नवाचार पर विशेष बल देते हुए कहा कि आने वाले दिनों में सरकार देश भर में विद्यार्थियों के लिए और 50,000 अटल टिकरिंग लैब बनाने पर काम कर रही है। अटल टिकरिंग लैब भारत सरकार की एक पहल है जिसका उद्देश्य स्कूलों में छात्रों के बीच रचनात्मकता और नवाचार को बढ़ावा देना है। श्री मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हैदराबाद में अंतरिक्ष उद्योग क्षेत्र की स्टार्टअप कंपनी स्काईरूट के इन्फिनिटी कैंपस का उद्घाटन कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने स्काईरूट के पहले



■ हम न्यूक्लियर सेक्टर को भी निजी क्षेत्र के लिए खोलने की तरफ आगे बढ़ रहे हैं: प्रधानमंत्री

### भारत का पहला प्राइवेट ऑर्बिटल रॉकेट तैयार

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये भारत के पहले प्राइवेट आर्बिटल रॉकेट विक्रम-1 को दुनिया के सामने रखा। इस रॉकेट की ऊंचाई 26 मीटर यानी करीब 85 फीट है। रॉकेट को प्राइवेट स्पेस कंपनी स्काईरूट एयरोस्पेस ने बनाया है। इस रॉकेट को 2026 में लॉन्च किया जाएगा। यह अपने साथ 300 किग्रा सैटेलाइट ले जाने में सक्षम है। पीएम ने रॉकेट के अलावा कंपनी के नए इनफिनिटी कैंपस का भी इनॉगरेशन किया। इस कैंपस में कई लॉन्च व्हीकल के डिजाइन, डेवलपमेंट, इंटीग्रेशन और टेस्टिंग का काम किया जाएगा। कैंपस तेलंगाना के हैदराबाद में बना है। कंपनी का हेड ऑफिस भी यहीं है।

ऑर्बिटल रॉकेट विक्रम-1 का अनावरण किया, जिसमें उपग्रहों को कक्षा में प्रक्षेपित करने की क्षमता है। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि जैसे हमने अंतरिक्ष क्षेत्र में नवाचार को प्राइवेट सेक्टर के लिए खोला, वैसे ही हम एक बहुत महत्वपूर्ण क्षेत्र में भी कदम उठाने जा रहे हैं। हम न्यूक्लियर सेक्टर को भी (निजी क्षेत्र के लिए) खोलने की तरफ आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम परमाणु क्षेत्र में प्राइवेट सेक्टर की सशक्त भूमिका की नींव रखने जा रहे हैं। इससे छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर, उन्नत रिएक्टर और परमाणु प्रौद्योगिकी क्षेत्र में नवाचार के अवसर बनेंगे।

### ईडी ने विनजो गेम्स के निदेशकों को गिरफ्तार किया 505 करोड़ की संपत्ति जब्त

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार रात विनजो गेम्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक सौम्या सिंह राठौर और पवन नंदा को गिरफ्तार किया और उन्हें बेंगलुरु के एक न्यायाधीश के घर पर पेश किया। ईडी ने विनजो गेम्स प्राइवेट लिमिटेड की 505 करोड़ रुपये की संपत्ति भी जब्त कर ली। अदालत ने दोनों निदेशकों को ईडी की हिरासत में भेज दिया है और आदेश दिया है कि आरोपियों को एजेंसी द्वारा फाइल की गई रिमांड एप्लीकेशन पर दलीलों की सुनवाई के लिए गुरुवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे फिर से पेश किया जाए। ये गिरफ्तारियां ईडी द्वारा हाल ही में किए गए कई अभियानों के बाद हुई हैं। ईडी की बेंगलुरु जोनल टीम ने विनजो गेम्स ऐप से जुड़े धन-शोधन मामले के सिलसिले में 18 से 22 नवम्बर, 2025 के बीच दिल्ली और गुरुग्राम में चार जगहों पर छापे मारे। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत की गई।

# आधार कार्ड वाले घुसपैठियों को क्या दे दें वोटिंग का अधिकार: सुप्रीम कोर्ट

## आधार केवल सरकारी योजनाओं के लिए है, नागरिकता साबित करने के लिए नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया की संवैधानिक वैधता पर एक अहम सुनवाई के दौरान गुरुवार को पूछा कि क्या ऐसे लोग जो गैर-कानूनी तरीके से भारत में आए हैं, लेकिन जिनके पास कल्याणकारी योजनाओं के लाभों को लेने के लिए आधार कार्ड हैं, उन्हें भी वोट देने का हक होना चाहिए? मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की एक पीठ ने एसआईआर को चुनौती देने वाली अलग-अलग राज्यों की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह बात कही।

यह बात पश्चिम बंगाल और केरल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल के इस तर्क के बाद आई कि आधार कार्ड होने के बावजूद मतदाताओं को बाहर रखा जा रहा है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने स्पष्ट किया कि आधार का मकसद इसे बनाने वाले कानून के तहत योजनाओं का लाभ पाने तक ही सीमित है। उन्होंने पूछा कि मान लीजिए कि पड़ोसी देशों से लोग यहां आते हैं और यहां रिक्शा चलाने या मज़दूरी करने लगते हैं। अगर आप आधार कार्ड इसलिए जारी करते हैं, ताकि उन्हें सब्सिडी वाला राशन मिल सके, तो यह हमारे संवैधानिक मूल्यों के हिसाब से है। लेकिन क्या इसका मतलब यह है कि क्योंकि उन्हें यह फायदा दिया गया है, तो अब उन्हें वोटर भी बना देना चाहिए? बिहार में मतदाता सूची से नाम हटाने को लेकर जताई गई चिंताओं पर मुख्य न्यायाधीश ने -**शेष पृष्ठ दो पर**

SIR पर हुई सुनवाई




■ आधार से वोटर होने का नहीं मिल सकता अधिकार

### दिल्ली प्रदूषण पर बोले सीजेआई हमारे पास जादू की छड़ी नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत ने गुरुवार को दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण पर सुनवाई की। उन्होंने कहा कि हमारे पास कोई जादू की छड़ी नहीं है। मुझे बताइए कि हम क्या आदेश दे सकते हैं, जिससे हवा तुरंत साफ हो जाए।

सीजेआई ने कहा कि दिल्ली में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) के बिगड़ने के कई कारण हैं। इस क्षेत्र के एक्सपर्ट्स और साइंटिस्ट्स ही इसका हल निकाल सकते हैं। समस्या हम सबको पता है। समाधान ढूंढने की जरूरत है। प्रदूषण का कोई एक कारण है, यह सोचना बहुत बड़ी गलती हो सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए एक दिसम्बर की तारीख तय की।




# सुरक्षा चुनौतियों से निपटने को सेना में बड़े बदलाव की जरूरत : सेना प्रमुख

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा है कि तेजी से बदलते और अनिश्चित वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य की चुनौतियों से निपटने के लिए सेना में बड़े स्तर पर बदलाव किए जाने की जरूरत है।

जनरल द्विवेदी ने यहां सेना के सेमिनार 'चाणक्य डिफेंस डायलॉग - 2025' को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया एक उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है, जहां बड़ी ताकतें लगातार टकरा रही हैं और प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया शीत युद्ध की द्विध्रुवीयता से संक्षिप्त एकध्रुवीय दौर के बाद अब एक अनिश्चित और बिखरी हुई व्यवस्था की ओर अग्रसर है। अभी दुनिया भर में 50 से अधिक संघर्ष चल रहे हैं और यह कहना कि हम अशांत समय में जी रहे हैं, शायद हल्की टिप्पणी होगी। उन्होंने कहा कि वैश्विक भू-राजनीति प्रतिरोधक क्षमता, राष्ट्रीय सुरक्षा और युद्ध तैयारियों में जुटी है और ऐसे में सेना के समक्ष एक मूलभूत प्रश्न उठता है कि उसे किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने की तैयारी के तहत किस तरह के बदलावों की जरूरत है। उन्होंने इस बारे में एक दीर्घकालिक रूपरेखा पेश करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य सेना का एकीकरण और इसे प्रौद्योगिकी से लैस करना है। सेना प्रमुख ने कहा कि सेना में व्यापक बदलावों के तहत आत्मनिर्भरता, त्वरित नवाचार, अनुकूलन और पारिस्थितिकी तंत्र सुधार और सैन्य-नागरिक समन्वय पर जोर दिए जाने की जरूरत है। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में गहन तालमेल की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि युद्धक क्षमता का विकास बहु-एजेंसी और बहु-आयामी प्रयास होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सैन्य संगठन संकोच छोड़ रहा है और फायरिंग रेंज खोल रहा है, स्टार्ट-अप को फंड दे रहा है और राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी मिशनों में शामिल हो रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि दीर्घकालिक वैश्विक साझेदारियों के लिए शिक्षाविदों, उद्योग और सेना में सहयोग जरूरी है। सेमिनार का विषय बदलाव के लिए सुधार : सशक्त, सुरक्षित और विकसित भारत है और इसका आयोजन सेना तथा सेंटर फॉर लैंड वॉरफेयर स्टडीज़ द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। सेना प्रमुख ने कहा कि इस सेमिनार की शुरुआत 2023 में उनके पूर्ववर्ती जनरल मनोज पांडे ने की थी और उन्होंने उस वर्ष को भारतीय सेना के रूपांतरण वर्ष के रूप में घोषित किया था। उन्होंने कहा कि इससे स्पष्ट है कि वास्तविक बदलाव अलग-थलग होकर नहीं किया जा सकता। इसके लिए व्यापक समझ और प्रौद्योगिकी क्षेत्र के सभी हितधारकों के साथ सहयोग आवश्यक है। तब से यह मंच आकार तथा प्रभाव में बढ़ा है।



■ दुनिया एक अनिश्चित व बिखरी हुई व्यवस्था की ओर अग्रसर

# जेवर एयरपोर्ट का सीएम योगी ने किया निरीक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**गौतमबुद्ध नगर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किन्जरापु के साथ जेवर एयरपोर्ट परियोजना का स्थल निरीक्षण किया तथा अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया।

जेवर में विकसित हो रहा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट देश के प्रमुख ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट प्रोजेक्ट्स में शामिल है, जिसे एनसीआर के लिए एक बड़े हवाई केंद्र के रूप में तैयार किया जा रहा है।



# क्रिकेट सट्टेबाजी से कमाया हर मुनाफा अपराध: दिल्ली हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट सट्टेबाजी रैकेट से जुड़ी 6 याचिकाएं खारिज करते हुए कहा कि नेटवर्क अपराध पर खड़ा था। इसलिए इससे कमाया हर मुनाफा अपराध है।

दरअसल, क्रिकेट सट्टेबाजी से जुड़े मुकेश कुमार, उमेश चौटालिया, नरेश बंसल, घनश्याम भाई पटेल और अन्य ने याचिका लगाई थी। कहा था कि ईडी के जारी अस्थायी अटैचमेंट और नोटिस रद्द किए जाएं। क्रिकेट सट्टेबाजी पीएमएलए में अपराध नहीं है। उनकी संपत्ति गैर-कानूनी आय नहीं मान सकते। हाईकोर्ट ने फैसले में कहा कि दलीलें खारिज की जाती हैं। रैकेट की बुनियाद अपराध पर टिकी थी। डिजिटल फर्जीवाड़े, फर्जी केवाईसी, हवाला चेन और बिना दस्तावेज वाले सुपर मास्टर लॉगिन आईडी मुख्य अपराध की बुनियाद हैं। यह सब जहरीले पेड़ की तरह है, जब पेड़ जहरीला हो तो फल कैसे वैध हो सकता है।

■ कहा- यह जहरीले पेड़ की तरह, इसका फल कैसे वैध
■ पीएमएलए में सट्टेबाजी अपराध नहीं

# दिल्ली-एनसीआर में बेकाबू होता प्रदूषण



**नई दिल्ली।** राजधानी में हवा की दिशा बदलने और गति कम होने के चलते वायु प्रदूषण में एक बार फिर से बढ़ोतरी हुई है। बीते दिनों में लगातार घटता जा रहा प्रदूषण फिर से बढ़ते क्रम की दिशा पर चल पड़ा है। गुरुवार सुबह की शुरुआत धुंध और हल्के कोहरे से हुई।

वहीं, आसमान में स्मॉग की चादर भी दिखाई दी। इसके चलते दृश्यता भी कम रही। इस दौरान लोग मास्क पहने नजर आए। साथ ही, सांस के मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इस दौरान वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 377 दर्ज किया गया। यह हवा की बेहद खराब श्रेणी है। इसमें बुधवार की तुलना में 50 सूचकांक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। दूसरी ओर, एनसीआर में नोएडा की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। यहां एक्यूआई 381 दर्ज किया गया, यह बेहद खराब श्रेणी है। वहीं, ग्रेटर नोएडा में 381, गाजियाबाद में 358 और गुरुग्राम में 317 एक्यूआई दर्ज किया गया। इसके अलावा फरीदाबाद की हवा सबसे साफ रही। यहां सूचकांक 203 दर्ज किया गया।

■ सुबह की शुरुआत धुंध और हल्के कोहरे से, जहरीली हवा में सांस लेना हुआ मुश्किल, नोएडा की वायु सबसे प्रदूषित

# भारत की आतंकवाद-रोधी रणनीति को मिली नई पहचान: मुर्मू

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति और तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर द्रौपदी मुर्मू ने ऑपरेशन सिंदूर को भारत की आतंकवाद-रोधी और प्रतिरोधक रणनीति का प्रतीक बताते हुए कहा है कि भारत शांति चाहता है लेकिन अपनी सीमाओं तथा लोगों की सुरक्षा के लिए दृढ़ता और संकल्प के साथ किसी भी स्थिति से निपटने को तैयार है।

श्रीमती मुर्मू ने गुरुवार को यहां सेना द्वारा आयोजित संगोष्ठी 'चाणक्य डिफेंस डायलॉग-2025' के तीसरे संस्करण के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने देश की संप्रभुता की रक्षा में पेशेवराना दक्षता और देशभक्ति का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि हमारे बलों ने हर सुरक्षा चुनौती चाहे पारंपरिक हो, उग्रवाद विरोधी हो या मानवीय, हमारे बलों ने अद्भुत क्षमता और दृढ़ संकल्प दिखाया है। 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता को देश की आतंकवाद-रोधी और प्रतिरोधक रणनीति का निर्णायक क्षण बताते हुए उन्होंने कहा कि इसने न केवल भारत की सैन्य क्षमता को दुनिया के सामने रखा, बल्कि जिम्मेदार और दृढ़ तरीके से शांति के लिए कार्य करने की भारत की नैतिक स्पष्टता को भी प्रदर्शित किया। श्रीमती मुर्मू ने कहा सशस्त्र बल अपने संचालन दायित्वों से परे राष्ट्रीय विकास के स्तंभ भी हैं। सीमाओं को मजबूत करने के साथ-साथ उन्होंने बुनियादी ढांचा, कनेक्टिविटी, पर्यटन और शिक्षा के माध्यम से सीमा क्षेत्र के विकास में भी योगदान दिया है। राष्ट्रपति ने कहा कि मौजूदा भू-राजनीतिक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। वैश्विक व्यवस्था प्रतिस्पर्धी शक्ति केंद्रों, तकनीकी उथल-पुथल और बदलते गठबंधन के कारण नया आकार ले रही है। साइबर, अंतरिक्ष और सूचना युद्ध जैसे नए प्रतिस्पर्धी क्षेत्रों ने शांति और संघर्ष की रेखाओं को धुंधला कर दिया है। उन्होंने कहा कि 'वसुधैव कुटुंबकम' की हमारी सभ्यतागत भावना से प्रेरित होकर भारत ने दिखाया है कि रणनीतिक स्वायत्तता वैश्विक जिम्मेदारी के साथ हमारी कूटनीति, अर्थव्यवस्था और सशस्त्र बल मिलकर ऐसे भारत की छवि प्रस्तुत करते हैं, जो शांति चाहता है, लेकिन अपने सीमाओं और नागरिकों की सुरक्षा के लिए दृढ़ता और संकल्प के साथ तैयार है।



■ राष्ट्रपति ने कहा: ऑपरेशन सिंदूर भारत की सैन्य शक्ति और शांति के संकल्प का प्रतीक

## संक्षिप्त समाचार

### जम्मू-कश्मीर में प्रतिबंधित संगठन पर बड़ी कार्रवाई

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने गुरुवार को कई जिलों में प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी के सदस्यों और संस्थानों को निशाना बनाते हुए छापेमारी की। पुलिस ने बताया कि प्रतिबंधित संगठन के 'पूरे आतंकी तंत्र और अलगाववादी प्रचार को खत्म करने' के लिए कुलगाम, अनंतनाग और बडगाम जिलों में बड़ी छापेमारियां की गई। गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत प्रतिबंधित जमात से जुड़े व्यक्तियों और परिसरों को लक्षित करते हुए कुलगाम में कई स्थानों पर सावधानीपूर्वक समन्वित तलाशी अभियान चलाए गए। तलाशी के दौरान, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, साहित्य और कई दस्तावेज बरामद हुए, जिन्हें मौके पर ही जब्त कर लिया गया। उन्होंने बताया कि अनंतनाग में भी जमात के खिलाफ इसी तरह की छापेमारी की गई।

### घोसी विस सीट पर छह महीने को अंदर होगा उपचुनाव

**लखनऊ।** यूपी में जल्द ही एक बार फिर से उपचुनाव होने जा रहे हैं। विधानसभा सचिवालय की ओर से मऊ की घोसी विधानसभा सीट रिक्त घोषित कर दी गई हैं। समाजवादी पार्टी के विधायक सुधाकर सिंह के निधन के बाद ये सीट खाली हुई हैं, जिसके बाद अब जल्द ही इस सीट पर उपचुनाव कराएं जाएंगे। विधानसभा सचिवालय की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसे लेकर राज्यपाल, मुख्यमंत्री, विधानसभा के सदस्य, डीएम मऊ और मुख्य निर्वाचन अधिकारी समेत सभी संबंधित विभागों को इसकी जानकारी दे दी गई है। ऐसे में अब छह महीने के भीतर इस सीट पर उपचुनाव कराए जाएंगे।

### कांग्रेस ने एसआईआर प्रक्रिया को बताया देश के लिए घातक

# बीएलओ की मौत पर पीएम व ज्ञानेश जबाव दें

नई दिल्ली, वार्ता



- बीएलओ को मजबूर किया जा रहा, पिछड़े तथा दलितों के वोट काटे जा रहे हैं
- भाजपा के इशारे पर देश की लोकतांत्रिक मजबूती को तबाह किया जा रहा : सुप्रिया श्रीनेत

कांग्रेस ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को घातक बताते हुए कहा है कि इस प्रक्रिया को अंजाम दे रहे बीएलओ काम के दबाव में जान देने को मजबूर हो रहे हैं और इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथ मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार जिम्मेदार हैं।

कांग्रेस सोशल मीडिया तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बीएलओ को मजबूर किया जा रहा है और पिछड़े तथा दलितों के वोट काटे जा रहे हैं। कनपट्टी पर कट्टा लगाकर एसआईआर कराने का कोई औचित्य नहीं है। भाजपा के इशारे पर देश की लोकतांत्रिक मजबूती को तबाह किया जा रहा है और एसआईआर को लेकर जो सवाल कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पूछे हैं, उनका जवाब नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बीएलओ पर काम का जबरदस्त दबाव है और इसके कारण उन्हें आत्महत्या करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। एसआईआर के लिए भारी दबाव में काम करवाया जा रहा है और 20 दिन में 26 बीएलओ की मौत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि ये दिनदहाड़े हत्या है। गोंडा के बीएलओ विपिन यादव ने जहर खाकर अपनी जान दे दी। विपिन यादव पर वोटर लिस्ट से ओबीसी वोटरों के नाम काटने का दबाव बनाया जा रहा था। बीएलओ की एसआईआर के दबाव में जान जा रही है और मोदी तथा ज्ञानेश कुमार इसके लिए जिम्मेदार हैं और उन्हें इसका जवाब देना चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि सवाल इस बात का है कि 'कनपटी पर कट्टा' रखकर एसआईआर क्यों करवाया जा रहा है। आज ही महाराष्ट्र स्थानीय निकाय चुनाव से पहले जबरदस्त 'वोट चोरी' सामने आई है। दो कोचिंग सेंटरों में 600 लोग रजिस्टर्ड हैं, वहीं 3,500 से ज्यादा लोग ऐसे हैं, जिनका पता ही गलत है। दूसरी ओर चीन हमारे अरुणाचल प्रदेश को अपना बता रहा है और प्रधानमंत्री लाल आंखें मूंदकर बैठे हुए हैं। एसआईआर 'वोट चोरी' करती हुई धरी गई है। एक राज्य जहां 20 साल से भाजपा की सरकार है, वहां 93 प्रतिशत की स्ट्राइक रेट आना संभव ही नहीं है। ऐसे में बच्चा-बच्चा जानता है कि एसआईआर के जरिए 'वोट चोरी' का काम कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सच्चाई ये है कि देश को खतरा मोदी सरकार से है, जिसने युवाओं का भविष्य चौपट किया है। किसानों को फसल का दाम नहीं मिल रहा है, लोगों से वोट का अधिकार छीना जा रहा है, महिलाओं के साथ अत्याचार हो रहा है।

### नई श्रमिक संहिताएं मजदूर विरोधी, वापस ले सरकार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि श्रम सुधारों के नाम पर सरकार हाल में जो नई श्रम संहिताएं लेकर आई हैं वे श्रमिकों के खिलाफ हैं और इन्हें तत्काल वापस लिया जाना चाहिए। असंगठित श्रमिक एवं कर्मचारी कांग्रेस के अध्यक्ष डा. उदित राज ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी सरकार द्वारा लाए नई श्रमिक संहिताओं का कांग्रेस विरोध करती है और सरकार को इसे वापस लेना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इन संहिताओं को वापस नहीं लिया जाता है, तो उनका संगठन पूरे देश में इनके खिलाफ आंदोलन करेगा। असंगठित श्रमिक एवं कर्मचारी कांग्रेस ने 22 नवम्बर को यहां श्रम शक्ति भवन पर प्रदर्शन किया था। ये सभी श्रमिक संहिताएं मजदूर विरोधी हैं और इन चारों लेबर कोड्स-औद्योगिक संबंध संहिता- 2020, व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य संहिता- 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता- 2020 तथा वेतन संहिता, 2019 कारपोरेट की हितैषी और मजदूर विरोधी हैं।

# बीएलओ की मौत पर सपा देगी दो लाख की सहायता

शाह टाइम्स ब्यूरो



- केंद्र सरकार को एक करोड़ मुआवजा देना चाहिए

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में चल रहे एसआईआर के बीच बीएलओ द्वारा आत्महत्या किए जाने को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी सरकार को आड़े हाथों लिया है।

अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार सत्ता के अहंकार में इस भ्रम में है कि काम के दबाव में किसी की मृत्यु होने पर न तो वे अपनी व्यवस्था सुधारेंगे, न ही कोई मुआवज़ा देंगे। चुनाव आयोग से अपील है कि मृतक आश्रितों को 1 करोड़ रुपये का मुआवज़ा दिया जाए। समाजवादी पार्टी मृतक आश्रितों को 2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करेगी।

गुरुवार को पार्टी की तरफ से जारी बयान में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि बीएलओ भाई-बहनों पर एसआईआर का अव्यावहारिक एवं असंभव लक्ष्य थोपकर जो अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है, वह अत्यंत निंदनीय और घोर आपत्तिजनक है। भाजपा राज में कर्मचारियों को प्रताड़ना, दबाव और अशांति के अलावा कुछ नहीं मिला है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने नई नौकरियां नहीं दीं और जो मौजूदा व्यवस्थाएं हैं, उन्हें इतना कठिन बना दिया है कि लोग हताश होकर नौकरी छोड़ने को मजबूर हों। बीएलओ से मशीन की तरह काम करने की उम्मीद रखना अमानवीय है। यह सब भाजपा अपने चुनावी महाघोटाले के लिए कर रही है, जो बीएलओ हताश होकर नौकरी छोड़ रहे हैं या जो अपनी जान तक जोखिम में डाल रहे हैं, वे आखिर इस सियासी घपले का खामियाज़ा क्यों भुगतें? देशभर के कर्मचारियों को इसके विरुद्ध एकजुट होकर आवाज उठानी चाहिए। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हर बीएलओ के साथ खड़ी है।

# भाजपा ने यूपी के 14 जिलाध्यक्षों को हटाया, पांच को दोबारा दिया मौका

शाह टाइम्स ब्यूरो

- अब तक 98 में से 84 जिलाध्यक्षों के नामों का कर चुकी ऐलान

**लखनऊ।** भाजपा ने यूपी में बुधवार देर रात 14 जिलाध्यक्षों को हटाकर नए जिलाध्यक्ष को जिम्मेदारी दे दी है। इसकी घोषणा पूर्व केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय ने की। इस तरह भाजपा अब तक 98 में 84 जिलाध्यक्षों के नामों की घोषणा कर चुकी है। अब 14 जिलाध्यक्षों के नामों का ऐलान होना ही बाकी रह गया है। पांच जिलों में पुराने जिलाध्यक्षों को फिर मौका दिया गया है। बीजेपी ने इस संबंध में सोशल मीडिया पर भी लिस्ट जारी की है। कुल 84 जिलों के लिए घोषित जिलाध्यक्षों में सात सामान्य, छह पिछड़े वर्ग (ओबीस) और एक अनुसूचित जाति (एससी) से प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया गया है।

इस सूची में बृज क्षेत्र के अलीगढ़ जिले में सामान्य वर्ग से एक नाम शामिल है, जबकि अन्य जिलों में ओबीसी और एससी प्रतिनिधियों को प्राथमिकता दी गई। कुल मिलाकर, 84 जिलाध्यक्षों में सामान्य वर्ग से 45, ओबीसी से 32 और एससी से सात का चयन हुआ है। सभी वर्गों को जोड़ने का प्रयास किया गया। यह घोषणा मार्च 2025 में 70 जिलाध्यक्षों के चयन के बाद की कड़ी है, जब दिल्ली-लखनऊ में कई दौर की चर्चाओं के बाद सूची अंतिम रूप ले चुकी थी। उस समय भी पार्टी ने संगठनात्मक पुनर्गठन पर जोर दिया था, ताकि जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़े। बीजेपी के 98 संगठनात्मक जिलों में अब 14 जिले बचे हुए हैं, जिनके अध्यक्षों का चयन किया जाना है। बीते कई माह से भाजपा यूपी में 98 जिलाध्यक्षों को लेकर नामों का ऐलान कर रही है। बुधवार देर रात बीजेपी की ओर से इसी कड़ी में 14 नए जिलाध्यक्षों की सूची जारी की गई, इनमें 5 चेहरे पुराने पुराने हैं। इस तरह बीजेपी अब तक 98 में 84 जिलाध्यक्षों का नामों का ऐलान कर चुकी है। अब सिर्फ 14 नामों का ऐलान होना ही बाकी है।

# पुतिन के दौरे से यूपी की लेदर इंडस्ट्री को बूस्टर डोज की उम्मीद

लखनऊ, वार्ता

- अमेरिकी टैरिफ के चलते प्रभावित हो रहे बाजार

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत दौरे से जहां रक्षा क्षेत्र को मजबूती मिलने की उम्मीद है वहीं उत्तर प्रदेश की लेदर इंडस्ट्री की भी निगाहें टिकी हुई है।

लेदर इंडस्ट्री को उम्मीद है कि अमेरिकी टैरिफ के चलते प्रभावित हो रहे व्यापार के लिए रूस के बाजार उनके लिए खुल सकते हैं। जो एमएसएमई सेक्टर के लिए बूस्टर डोज का काम करेगी। रूस को लेकर भारत के इस समय अमेरिका समेत उसके पश्चिमी सहयोगियों के साथ जो कूटनीतिक रिश्ते हैं, उसको देखते हुए पुतिन की इस यात्रा पर दुनिया भर की नजरें लगी हुई हैं लेकिन, भारत और रूस अपने सामरिक, रक्षा और आर्थिक संबंधों में इनकी वजह से किसी भी तरह से दबाव में आने वाले नहीं हैं। ऐसे में पांच दिसम्बर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच 5 दिसम्बर बेहद अहम द्विपक्षीय सम्मेलन होने वाला है। इसमें भारत अपनी रक्षा क्षमताओं के विस्तार और आत्मनिर्भरता की दिशा में रूस के साथ बड़ी डील को अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है। पुतिन के साथ भारत दौरे पर आने वाले प्रतिनिधिमंडल के साथ द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने पर मंथन होगा।

### विदेशों में सोशल मीडिया अकाउंट्स से की जा रही देशविरोधी बयानबाजी: भाजपा

**नई दिल्ली।** बीजेपी ने गुरुवार को कांग्रेस और वामपंथी विचारधारा वाले दलों पर आरोप लगाया कि वे विदेशों में स्थित सोशल मीडिया अकाउंट्स के जरिए भारत विरोधी बयानबाजी कर रहे हैं और देश विरोधी माहौल बना रहे हैं। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने पार्टी मुख्यालय में पत्रकार सम्मेलन में आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और उनकी टीम के साथ साथ वामपंथी दलों के जाने-माने चेहरे करीब 2014 से लगातार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत को अपमानित करने के लिए कोई कोर-कसर बाकी नहीं छोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल इसके लिए विदेशी ताकतों की मदद ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि जानकारी के मुताबिक देश विरोधी बयानों और भाजपा सरकार के खिलाफ बयानबाजी विदेशों से संचालित एकाउंट्स के जरिए की जा रही है, ताकि देश में सरकार विरोधी माहौल बनाया जा सके। पात्रा ने कहा कि वर्तमान में सोशल मीडिया एक्स पर कुछ दिन पहले एक नया फीचर आया है, जिसके माध्यम से आप जान सकते हैं कि जिनका एकाउंट है, वो किस देश से इसे ऑपरेट कर रहे है या फिर उनकी लोकेशन क्या है।



सेंसेक्स 85720.38
निफ्टी 26215.55



सोना रु. 127800
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 160800
प्रति किलो



# शेयर बाजार: सेंसेक्स 86000 अंक को छूकर लौटा

मुंबई, वार्ता



आईटी, निजी बैंकों और वित्तीय कंपनियों में लिवाली से गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स बीच कारोबार में पहली बार 86,000 अंक को छूने में कामयाब रहा।

सेंसेक्स बढ़त में खुलने के बाद बीच कारोबार में एक समय 446 अंक उछलकर 86,055.86 अंक पर पहुंच गया था। अंत में यह 110.87 अंक (0.13 प्रतिशत) की बढ़त में 85,720.38 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी बीच कारोबार में 105 अंक चढ़कर 26,310.45 अंक पर पहुंच गया, हालांकि अंत में यह 10.25 अंक यानी 0.04 प्रतिशत ऊपर 26,215.55 अंक पर बंद हुआ। दोनों प्रमुख सूचकांकों यह सितम्बर 2024 के बाद का उच्चतम बंद स्तर है। मझौली कंपनियों में भी लिवाली का जोर रहा जबकि छोटी कंपनियों में निवेशकों ने बिकवाली की। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.16 प्रतिशत चढ़ गया। वहीं, निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 0.53 प्रतिशत की गिरावट रही। एनएसई में कुल 3,193 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ। इनमें 1,598 के शेयर लाल निशान में और 1,486 के शेयर हरे निशान में रहे। वहीं 109 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंत में अपरिवर्तित बंद हुए। मीडिया, आईटी, वित्तीय कंपनियों और निजी बैंकों के समूहों से सूचकांक हरे निशान में रहे। ऑटो, सार्वजनिक बैंकों, तेल एवं गैस, रियलिटी और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पादों के सूचकांक लाल निशान में रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 15 के शेयर हरे निशान में और अन्य 15 के लाल निशान में रहे। बजाज फाइनेंस का शेयर सबसे अधिक 2.27 प्रतिशत चढ़ा। आईसीआईसीआई बैंक में 1.24 प्रतिशत, हिंदुस्तान यूनीलिवर में 1.05, बजाज फिनसर्व में 0.93, एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 0.68, इंफोसिस और एचडीएफसी बैंक दोनों में 0.54 और एलएंडटी में 0.52 प्रतिशत की तेजी रही। आईटीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, एनटीपीसी और सनफार्मा के शेयर भी बढ़त में बंद हुए। मारुति सुजुकी में सबसे ज्यादा 1.56 फीसदी की गिरावट रही। इटरनल का शेयर 1.35 फीसदी, अल्ट्राटेक सीमेंट का 1.15, भारतीय स्टेट बैंक का 1.14, टाटा स्टील का 0.97 और टीसीएस का 0.80 प्रतिशत टूट गया। टेक महिंद्रा, ट्रेंट, भारती एयरटेल, पावरग्रिड, बीईएल, रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के शेयर भी लाल निशान में रहे। वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान का निक्केई 1.23 प्रतिशत, चीन का शंघाई कंपोजिट 0.29 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.07 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.20 प्रतिशत ऊपर था, जबकि ब्रिटेन के एफटीएसई में 0.19 प्रतिशत की गिरावट रही।

### सोना-चांदी के दाम में अचानक आया उछाल

**नई दिल्ली।** सोना और चांदी के दाम में अचानक उछाल आ गया। गुरुवार के दाम के अनुसार चांदी का भाव एक लाख 60 हजार 800 रुपये प्रति किलो है, वहीं 24 कैरट सोने की कीमत एक लाख 27 हजार 800 रुपये प्रति 10 ग्राम है। 22 कैरट सोना एक लाख 17 हजार 485 रुपये प्रति दस ग्राम है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा कि सुरक्षित निवेश की नई मांग के कारण सोने में तेजी आई, जबकि अमेरिकी श्रम बाजार में कमजोरी के लगातार संकेत से ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद बनी हुई है। वैश्विक मोर्चे पर हाजिर सोना लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ 46.32 डॉलर या 1.14 प्रतिशत बढ़कर 4,114.01 डॉलर प्रति औंस हो गया। विदेशी कारोबार में चांदी हाजिर 3.09 प्रतिशत बढ़कर 52.26 डॉलर प्रति औंस हो गई। मिराए एसेट शेयरखान के कमोडिटीज प्रमुख प्रवीण सिंह ने कहा कि सोना हाजिर 4,084 डॉलर के स्तर से ऊपर कारोबार कर रहा है, क्योंकि एफओएमसी की अक्टूबर बैठक के विवरण का इंतजार कर रहे हैं, जो आज रात जारी होगा।

# चावल, गेहूं नरम, चीनी मजबूत दालों, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के भाव टूट गए। चावल के साथ गेहूं में भी गिरावट रही। आवक कम रहने से चीनी में तेजी रही, जबकि खाद्य तेलों और दालों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 10 रुपये प्रति क्विंटल फिसलकर 3,844.42 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

गेहूं भी तीन रुपये की गिरावट के साथ 2,854.46 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गया। आटे की कीमत भी तीन रुपये टूट गई। दाल-दलहनों में उड़द दाल 13 रुपये और मूंग दाल आठ रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। तुअर दाल 15 रुपये और चना दाल नौ रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। वहीं मसूर दाल की कीमत 21 रुपये प्रति क्विटल टूट गई। विदेशों में बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का फरवरी वायदा 65 रिंगिट चढ़कर 4089 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन 33 रुपये और वनस्पति 15 रुपये प्रति क्विटल सस्ता हुआ। मूंगफली तेल की कीमत भी 64 रुपये प्रति क्विटल बढ़ गई। पाम ऑयल में 27 रुपये और सोया तेल में 18 रुपये प्रति क्विटल की तेजी रही। सूरजमुखी तेल सात रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ गत दिवस के स्तर पर स्थिर रहा जबकि चीनी चार रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7893.50 रुपये, मसूर काली 8158.13 रुपये, मूंग दाल 10130.80 रुपये, उड़द दाल 10384.09 रुपये, तूअर दाल 10638.42 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2854.46 रुपये और चावल 3844.42 रुपये प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**आधार कार्ड...**

कहा कि बड़े पैमाने पर मीडिया कवरेज ने एसआईआर प्रक्रिया को पूरे राज्य में मशहूर कर दिया है। कभी-कभी हमें मीडिया को पूरा क्रेडिट देना चाहिए। अगर दूर-दराज़ के इलाकों के लोगों को जानकारी थी कि नई लिस्ट आ रही है, तो क्या कोई कह सकता है कि उन्हें पता नहीं था?

अधिवक्ता सिब्बल की इस बात पर कि एसआईआर प्रक्रिया का बोझ मतदाताओं पर नहीं पड़ना चाहिए, और सॉफ्टवेयर फर्जी मतदाताओं का असरदार तरीके से पता लगा सकता है, न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि तकनीकी उपकरण मृत मतदाताओं की पहचान नहीं कर सकते। यह सब राजनीतिक रुझान पर निर्भर करता है। अगर पार्टी 'अ' मज़बूत है, तो सभी मृत मतदाता उसी पार्टी को वोट देंगे। इसीलिए मृत मतदाताओं को हटाना होगा। बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) की गलतियों के बारे में चिंता जताते हुए, न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि सर्वे शायद ही कभी पूर्ण होते हैं और इसलिए सुधार के लिए मसौदा सूची प्रकाशित की जाती हैं। पीठ ने दोहराया कि सूची से हटाए गए और बाहर चले गए मतदाताओं की सूची न केवल ऑनलाइन बल्कि पंचायतों और स्थानीय निकायों में भी अपलोड की जानी चाहिए। पीठ ने पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल में एसआईआर प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर चुनाव आयोग से भी जवाब मांगा। इसने कहा कि अगर ज़रूरत पड़ी, तो न्यायालय मसौदा मतदाता सूची के प्रकाशन की समयसीमा बढ़ा सकता है। एसआईआर के दूसरे चरण के कार्यक्रम के अनुसार, गणना फॉर्म 4 दिसम्बर को जमा करने हैं, और मसौदा सूची 9 दिसम्बर को प्रकाशित की जाएगी। न्यायमर्ति सूर्यकांत ने जोर देकर कहा कि अगर आप कोई केस बनाते हैं, तो न्यायालय हमेशा तारीखें बढ़ाने का निर्देश दे सकता है।

इन्हें टालने का विरोध करते हुए चुनाव आयोग की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने कहा कि 99 प्रतिशत मतदाताओं को को गणना प्रपत्र मिल गए हैं और 50 प्रतिशत से ज्यादा डिजिटाइज हो गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य चुनाव कार्यालय और चुनाव आयोग बेहतर तरीक से समन्वय कर रहे थे और उन्हें संचालनात्मक दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ा। केरल में 9 और 11 दिसम्बर को होने वाले स्थानीय निकाय चुनाव की अर्जी को देखते हुए न्यायालय केरल की याचिका पर 2 दिसम्बर को सुनवाई के लिए सहमत हो गया। तमिलनाडु मामले पर चार दिसम्बर और पश्चिम बंगाल मामले पर नौ दिसम्बर को सुनवाई होगी।

# बंगाल में एसआईआर में 26 लाख मतदाताओं की पहचान नहीं हो पाई

- अब तक छह करोड़ मतदाताओं के विवरण का मिलान हो चुका

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान संभावित नाम हटाए जाने की बढ़ती आशंकाओं के बीच मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने पुष्टि की है कि मिलान प्रक्रिया के दौरान अब तक लगभग 26 लाख मतदाताओं की पहचान नहीं हो पाई है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अब तक छह करोड़ मतदाताओं के विवरणों का मिलान किया जा चुका है, जिनमें से लगभग 26 लाख का डिजिटल डेटाबेस के माध्यम से सत्यापन नहीं हो सका है। अधिकारी ने नाम न छापने का अनुरोध करते हुए कहा कि जमा किए गए गणना प्रपत्रों के मिलान की प्रक्रिया आगे बढ़ने के साथ यह संख्या बढ़ने की संभावना है। हालांकि मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने स्पष्ट किया कि सिर्फ इन विसंगतियों के कारण नाम नहीं हटाए जाएंगे। इसके बजाय, अधिकारी कोई भी निर्णय लेने से पहले दूसरे दौर के भौतिक सत्यापन के लिए मुद्रित मतदाता सूचियों पर निर्भर रहेंगे। आयोग के सूत्रों के अनुसार राज्य भर में 7.64 करोड़ गणना फॉर्म वितरित किए जा चुके हैं, जिनमें से 6.01 करोड़ का डिजिटलीकरण हो चुका है। एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि शेष फॉर्म भी जल्द ही डिजिटल कर दिए जाएंगे। कुल मिलाकर पश्चिम बंगाल इस समय डिजिटलीकरण के मामले में देश में सबसे आगे है। इस बीच निर्वाचन आयोग ने बुधवार को एसआईआर प्रक्रिया को सुचारू रूप से पूरा करने के लिए तीन केंद्रीय अधिकारियों को कोलकाता में तैनात किया। ये अधिकारी, प्रधान सचिव बीसी पात्रा, सचिव सौम्यजीत घोष और उप सचिव बीबर अग्रवाल, पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज अग्रवाल के अधीन काम करेंगे। निर्वाचन आयोग ने बुधवार को पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय के बाहर बूथ स्तर के अधिकारियों के एक वर्ग द्वारा पिछले दो दिनों से किए जा रहे विरोध प्रदर्शन के बाद कोलकाता पुलिस से 48 घंटों के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है। सीईओ के अधिकारियों ने कहा कि आयोग अपने अधिकारियों और कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर रूप से चिंतित है और उनका मानना है कि कार्यालय में मौजूदा सुरक्षा व्यवस्था अपर्याप्त है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
कालीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैराअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिसीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# पार्लियामेंट सुरक्षा को लेकर सीआईएसएफ ने किया योजनाओं में बदलाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पार्लियामेंट की सुरक्षा को ओर ज्यादा मजबूती देने के लिये सीआईएसएफ समय समय पर काम करता रहता है और योजनाओं को अंजाम दे रहा है। इसी क्रम में एक बार फिर से सीआईएसएफ ने पार्लियामेंट की सुरक्षा को लेकर अपनी योजनाओं में बदलाव किया है।

बता दें कि 20 मई 2024 को पूरे हुए एक फेज्ड टेकओवर में, सीआईएसएफ ने पार्लियामेंट में सभी कोर सिक्योरिटी लेयर्स की जिम्मेदारी संभाली,जिसमें एक्सेस कंट्रोल, पेरिमीटर और इंटरनल सिक्योरिटी, काउंटर-टेरर और काउंटर-सैबोटेज रिस्पॉन्स, बम थ्रेट मैनेजमेंट और फायर और डिजास्टर की तैयारी शामिल है। 200 से ज्यादा फायर और डिजास्टर मैनेजमेंट स्पेशलिस्ट समेत 3,300 से ज्यादा लोगों की एक टुकड़ी को एयरपोर्ट-स्टाइल सिक्योरिटी प्रोटोकॉल जैसे एडवांस्ड फ्रिस्किंग, एक्स-रे बैगेज चेक और मल्टी-लेवल एक्सेस वेरिफिकेशन शुरू करने के लिए तैनात किया गया था। फोर्स लगातार नए खतरों का सामना



करने के लिए अपनी क्षमताओं को बढ़ा रही है, जिसमें ड्रोन खतरों, साइबर सिक्योरिटी, सीबीआरएन रिस्पॉन्स पर फोकस करने वाले खास ट्रेनिंग मॉड्यूल के साथ-साथ नेशनल सिक्योरिटी गार्ड और इंडियन आर्मी की एलीट यूनिट्स के साथ बैटल-इनोक्यूलेशन कोर्स भी शामिल हैं।

बेहतर स्टेबिलिटी और सूटेबिलिटी के लिए रिवाइज्ड पोस्टिंग पॉलिसी अपनी चल रही कैपेबिलिटी बढ़ाने के हिस्से के तौर पर, सीआईएसएफ ने पार्लियामेंट सिक्योरिटी ड्यूटी के लिए एक रिवाइज्ड पोस्टिंग पॉलिसी शुरू की है। नए फ्रेमवर्क के तहत, कर्मचारियों का कार्यकाल मौजूदा तीन साल से बढ़ाकर चार साल कर दिया गया है, जिसमें सूटेबिलिटी के आधार पर एक और साल बढ़ाया जा सकता है। ऑपरेशनल कंटिन्यूटी सुनिश्चित करने के लिए और साथ ही नए लोगों की लगातार भर्ती के लिए सबसे अच्छा रोटेशन सुनिश्चित करने के लिए, हर साल मंजूर संख्या का एक तय हिस्सा बदला जाएगा।

बढ़ा हुआ कार्यकाल कर्मचारियों की पार्लियामेंट मेंबर्स और पीएचसी के अंदर मूवमेंट पैटर्न से जान-पहचान को और मजबूत करेगा, जो सही पहचान, सुरक्षित एक्सेस प्रोटोकॉल, लेयर्ड थ्रेट डिटेक्शन और रिस्पॉन्स सुनिश्चित करने के लिए बहुत जरूरी है। कड़े एलिजिबिलिटी नॉर्म्स और मल्टी-स्टेज स्क्रीनिंग अपडेट की गई गाइडलाइंस में गैजेटेड ऑफिसर्स और नॉन-गजेटेड ऑफिसर्स के लिए साफ एलिजिबिलिटी नॉर्म्स तय किए गए हैं।

# हर नागरिक का हर रुपया सुरक्षित, हर हकदार तक पहुंचेगा उसका अधिकारः रेखा गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित 'आपकी पूंजी, आपका अधिकार' कार्यक्रम में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के साथ सहभागिता की। इस राष्ट्रीय अभियान का उद्देश्य देशभर के नागरिकों को यह विश्वास दिलाना है कि उनका प्रत्येक अनक्लेम्ड रुपया, चाहे वह बैंक जमा ,म्यूचुअल फंड, बीमा, शेयर या डिविडेंड से संबंधित हो, पूर्ण रूप से सुरक्षित है और उसे वास्तविक हकदार को ही वापस किया जा रहा है।

इस अभियान के तहत दिल्ली के प्रत्येक जिले में शिविर स्थापित किए जा रहे हैं। हर कैंप में विशेष हेल्पडेस्क बनाए गए हैं, जहां नागरिक डिजिटल माध्यम से अपनी अनक्लेम्ड राशि से जुड़ी जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। प्रशिक्षित अधिकारी हर परिवार की सहायता कर रहे हैं, ताकि पूरी प्रक्रिया को सरल, सुलभ और भरोसेमंद बनाया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अभियान मध्यवर्ग और गरीब परिवारों के लिए सच्चे अर्थों में राहत और सम्मान लेकर आया है। वर्षों से अनक्लेम्ड पड़ी वह राशि, जो कभी मेहनत की कमाई थी, आज अपने असली हकदारों तक पहुंचने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने आम परिवारों की इस चिंता को समझा, उनकी कठिनाई को महसूस किया और इस अनक्लेम्ड पूंजी को तेज, पारदर्शी और सुरक्षित तरीके से लोगों तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त किया है । इस अभियान ने जनता के भीतर विश्वास की एक मजबूत भावना पैदा की है और केंद्र सरकार ने पारदर्शिता, तकनीक और नागरिक- अनुकूल व्यवस्था से यह साबित कर दिया है कि जनता की पूंजी सुरक्षित हाथों में है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि दिल्ली सरकार, वित्त मंत्रालय के सहयोग से राजधानी में बड़े पैमाने पर कैंप लगाएगी, ताकि हर नागरिक अपनी अनक्लेम्ड राशि की जानकारी प्राप्त कर सके।

उन्होंने कहा कि डिजिटल माध्यमों, टीवी, रेडियो और प्रिंट मीडिया के जरिए अभियान की जानकारी घर-घर पहुंचाई जाएगी, ताकि बैंक खातों, बीमा पॉलिसियों, शेयरों और डिविडेंड में जमा सभी अनक्लेम्ड एसेट वास्तविक हकदारों को वापस मिल सकें। उन्होंने कहा कि यह अभियान न सिर्फ नागरिकों को उनका अधिकार दिलाएगा, बल्कि आर्थिक गतिविधियों को भी गति देगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार इस अभियान को हर नागरिक तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# एनडीएमसी ने आवासीय व व्यवसायिक इलाकों में चलाया सफाई अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) ने आज अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले खास आवासीय और व्यवसायिक इलाकों में एक घंटे का विशेष गहन सफाई अभियान चलाया, जिससे सफाई के नतीजे जल्दी, दिखने वाले और ज्यादा असर वाले मिले। विशेष सफाई अभियान एक फोकस्ड, समय पर चलने वाले ऑपरेशन के तौर पर डिजाइन किया गया था, जिसका मकसद तुरंत सफाई के स्तर पर जमीनी बदलाव लाना था। इस अभियान के तहत, पालिका परिषद की टीमों ने काका नगर रेजिडेंशियल कॉलोनी और बीकेएस मार्ग पर सेंट्रल गवर्नमेंट एम्प्लॉई रेजिडेंशियल कॉम्प्लेक्स के ब्लॉक 01 से 18 समेत विशेष रेजिडेंशियल इलाकों में गहन सफाई की।

इस सफाई अभियान में, बड़े कमर्शियल एरियाख्रखासकर कनॉट प्लेस के। ब्लॉक, G ब्लॉक, और अंदरूनी, बीच वाले और बाहरी सर्कल के साथ-साथ आस-पास की रेडियल सड़कोंख्रकी अच्छी तरह से सफाई की गई ताकि पब्लिक सैनिटेशन को बेहतर बनाया जा सके और इन ज्यादा आने-जाने वाले जोन में विजिटर के अनुभव को बेहतर बनाया जा सके।पालिका परिषद के विशेष गहन सफाई अभियान में ज्यादा से ज्यादा काम करने के लिए, हर जगह आठ पालिका सहायकों को तैनात किया गया था, जिन्हें तेजी से कचरा इकट्ठा करने और फेंकने के लिए स्वीपिंग ट्रॉलियों से लैस मैनुअल स्वीपर का सपोर्ट मिला। लोगों में जागरूकता बढ़ाने और लगातार सफाई की कोशिशों के लिए पालिका परिषद के कमिटमेंट को दिखाने के लिए जहाँ भी उपलब्ध थे, विजिबिलिटी बैनर लगाए गए थे। आज रूटीन के सफाई अभियान के उलट, इस खास गहन साफ अभियान को "रैपिड-रिस्पॉन्स सैनिटेशन एक्शन" के तौर पर सोचा गया था, जिससे टीमें संवेदनशील रिहायशी इलाकों और भीड़भाड़ वाले कमर्शियल कॉरिडोर को तेजी से कवर कर सकें।



एनडीएमसी ने आवासीय व व्यवसायिक इलाकों में एक घंटे का विशेष सफाई अभियान चलाया।

## एक नजर

### उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक ने की एक्सिस सिक्योरिटीज के साथ साझेदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (उत्कर्ष एसएफबीएल) ने आज अपने ग्राहकों को एंड-टू-एंड ट्रेडिंग और निवेश सेवाएं' प्रदान करने के लिए एक्सिस सिक्योरिटीज के साथ एक अहम रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। यह साझेदारी अगली पीढ़ी के वित्तीय समाधान प्रदान करने की बैंक की क्षमताओं के विस्तार की दिशा में उठाया गया एक अहम कदम है। इस साझेदारी पर उत्कर्ष एसएफबीएल के एमडी व सीईओ गोविंद सिंह ने कहा, उत्कर्ष एसएफबीएल ग्राहकों को सभी वित्तीय समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एक्सिस सिक्योरिटीज के साथ यह साझेदारी ग्राहकों को शाखाओं, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग और असिस्टेड सेवाओं जैसे कई चौनलों के माध्यम से बैंकिंग व निवेश की एकीकृत सेवाओं उपलब्ध कराएगी।

### पर्यावरण-अनुकूल दाह-संस्कार को लेकर शुरू होगा पायलट प्रोजेक्टः सत्या शर्मा



**नई दिल्ली।** स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा की अध्यक्षता में आज एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें अतिरिक्त आयुक्त पंकज नरेश अग्रवाल, जन स्वास्थ्य विभाग, पशु चिकित्सा विभाग तथा निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में दाह-संस्कार प्रक्रिया को अधिक पर्यावरण-अनुकूल बनाने हेतु गाय के उपलों के उपयोग को बढ़ावा देने के संबंध में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। अध्यक्ष श्रीमती सत्या शर्मा ने कहा कि यह पहल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देगी और स्वच्छ, पारंपरिक दाह-संस्कार को प्रोत्साहित करेगी। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि बैठक में लिए गए निर्णयों का समयबद्ध और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

### बरवाला गांव में फैक्ट्रियों ने किया लोगों का सांस लेना मुहाल

**नई दिल्ली।** पूठखुर्द और बवाना औधोगिक क्षेत्र के कुछ गैर जिम्मेदार फैक्ट्री वाले अपना इंडस्ट्रियल वेस्ट रात के अंधेरे में अपने वाहनों से यूईआर-2, रोहिणी के खाली पड़े सेक्टरों 34,35,36,37 में फेंक कर उसमें आग लगाकर भारी प्रदूषण फैला रहे हैं। इस असामाजिक फैक्ट्री मालिकों को किसी का डर नहीं है। आपकी यह गैर कानूनी गतिविधियां रात के अंधेरे में उस समय शुरू होती हैं जब लोग सो रहे होते हैं। बवाना विधानसभा का गांव बरवाला इनसे बहुत परेशान हैं।



रात को इतना प्रदूषण होता है कि कोई बाहर निकलने की सोच भी नहीं सकता। घरों के भीतर भी सांस लेना दूभर हो गया है। बरवाला गांव की रेजीडेन्ट वैल्फेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स ने दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता, पर्यावरण मंत्री श्री मनजिंदर सिंह सिरसा को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करके इन फैक्ट्रियों के मालि. कों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

### वयस्कों के लिए वेलनेस इकोसिस्टम की शुरुआत

**नई दिल्ली।** तनूरा स्वेथा मेनन ने वेलनेस आइकन सुनील शेट्टी के साथ एजवेल की शुरुआत की। 40 वर्ष से अधिक आयु के वयस्कों के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया यह भारत का पहला समग्र वेलनेस इकोसिस्टम है।

इसमें एंटी-एजिंग प्रोडक्ट्स, हेल्दी एजिंग सॉल्यूशन्स और लॉन्गेविटी पर केंद्रित कम्युनिटी प्लेटफॉर्म्स को एक साथ जोड़ा गया है। यह एक राष्ट्रीय स्वास्थ्य आंदोलन की शुरुआत है। उन्होंने भारत में बुजुर्गों की जरूरतें, छूटे हुए अवसर और मौजूदा व्यवस्थाओं की कमियां करीब से समझीं और हर परिवार के लिए एकीकृत वेलनेस इकोसिस्टम तैयार किया है।

## दो दिवसीय प्रशिक्षण का दिया निर्देश

**नई दिल्ली।**संविधानिक शासन में पूर्ण डिजिटल कार्यप्रणाली की दिशा में एक बड़े कदम के रूप में, दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष श्री विजेंद्र गुप्ता ने आज संसदीय मामलों के मंत्रालय , दिल्ली विधान सभा सचिवालय और सभी संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की। गुप्ता ने निर्देश दिया कि जीएन सीटीडी के 40 विभाग 2 और 3 दिसंबर को विधानसभा प्रश्नों के उत्तर देने, बिल प्रस्तुत करने और राष्ट्रीय ई-विधान एप्लिकेशन के माध्यम से सभी संबंधित विधायी कार्यों के लिए डिजिटल प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि आगामी शीतकालीन सत्र के मद्देनजर, अब विधानसभा और जीएनसीटी दिल्ली के विभागों के बीच सभी प्रश्न, नोटिस, उत्तर और विधायी कार्य पूरी तरह से पेपरलेस और डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से संचालित होंगे।

# ट्रेड फेयर में झारखंड को मिला गोल्ड मेडल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** 44वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2025 में फोकस स्टेट झारखंड को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए " स्वर्ण पदक " से सम्मानित किया गया, जिससे झारखंड पवेलियन पूरे मेले का प्रमुख आकर्षण बन गया। यह सम्मान झारखंड की नवाचार क्षमता, सांस्कृतिक विविधता और अद्भुत प्रस्तुति कौशल का प्रतीक है, जिसने आगंतुकों और निर्णायकों दोनों का दिल जीता। यह उपलब्धि झारखंड के प्रयासों, कौशल और उत्कृष्ट प्रस्तुति का मजबूत प्रमाण है और राज्य के लिए गौरव का क्षण प्रस्तुत करती है।



बृहस्पतिवार को देश के सबसे बड़े व्यापार प्रदर्शनी आयोजन प्प्ज्थ 2025 का भारत मंडपम में भव्य समापन हुआ। इस वर्ष फोकस स्टेट झारखंड ने अपनी विशिष्ट थीम, विविध उत्पादों, नवाचारपूर्ण सज्जा और आकर्षक लाइव डेमो के माध्यम से आगंतुकों पर गहरा प्रभाव छोड़ा। मेले के अंतिम दिन झारखंड पवेलियन में भारी भीड़ उमड़ी, जहां दर्शकों ने कला, संस्कृति, उद्योग और तकनीक का जीवंत संगम देखा और स्थानीय उत्पादों की खरीदारी का भरपूर आनंद लिया। इस वर्ष झारखंड पवेलियन के स्टॉल ऑपरेटरों ने अपने उत्कृष्ट उत्पादों और सेवाओं से दर्शकों को विशेष अनुभव प्रदान किया। करियातपुर ब्रास, झारक्राफ्ट, तसर उत्पाद, हस्तशिल्प, बांस शिल्प, फ्यूजन ज्वेलरी, आदिवासी हस्त निर्मित उत्पादों सहित कई स्टॉल पर पूरे मेले के दौरान शानदार बिक्री हुई। अंतिम दिन आकर्षक छूट और ऑफरों के चलते खरीदारों की कतारें लगी रहीं।

# चैतन्यानंद के खिलाफ 1077 पन्नों की चार्जशीट दाखिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पटियाला हाउस स्थित न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में वसंत कुंज स्थित श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट एंड रिसर्च के पूर्व प्रबंधक चैतन्यानंद सरस्वती के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने 1077 पन्नों का विस्तृत आरोपपत्र दाखिल किया। चैतन्यानंद के खिलाफ इंस्टीट्यूट की 17 छात्राओं के साथ यौन उत्पीड़न का आरा. ेप है।

पुलिस के मुताबिक, चैतन्यानंद पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत यौन उत्पीड़न, महिला की मर्यादा का अपमान, झूठे साक्ष्य देने और आपराधिक धमकी देने के आरोप लगाए गए हैं। चार्जशीट 43 गवाहों के बयान और तकनीकी साक्ष्यों पर आधारित है। आरोपपत्र में तीन अन्य महिलाओं भावना कपिल, श्वेता और काजल कपिल के नाम भी शामिल किए गए हैं। आरोप है कि इन्होंने पीड़िताओं पर दबाव बनाकर चौतन्यानंद की मांगें मानने को मजबूर किया। एक अन्य आरोपि हरीश सिंह कपकोटी पर एक गवाह के पिता को धमकाने और चैतन्यानंद को फरार होने में मदद करने का आरोप है। दिल्ली पुलिस के अनुसार, चैतन्यानंद को 28 सितंबर को आगरा के एक होटल से गिरफ्तार किया गया था और वो फिलहाल तिहाड़ जेल में न्यायिक हिरासत में है। उसके खिलाफ इंस्टीट्यूट चलाने वाली धार्मिक संस्था की शिकायत पर 20 करोड़ की धनराशि के दुरुपयोग का मामला भी दर्ज है।



विधानसभा अध्यक्ष बिजेंद्र गुप्ता शीतकालीन सत्र से पहले दो दिवसीय प्रशिक्षण निर्देश देते हुए।

# दिव्यांग बच्चों ने उठाया पिकनिक का आंनद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** निस्वार्थ सेवा संकल्प ट्रस्टष् द्वारा विशेष बच्चों ( मानसिक व शारीरिक रूप से दिव्यांग ) को चिल्ड्रन पार्क, इंडिया गेट और रेलवे म्यूजियम पिकनिक ले जाया गया, जहां दिव्यांग बच्चो ने भरपूर आंनद उठाया और नया अनुभव प्राप्त किया।

इस पिकनिक का उद्देश्य बच्चों को एक मजेदार बाहरी अनुभव प्रदान करना था, सामाजिक मेलजोल को प्रोत्साहित करना, आत्मविश्वास बढ़ाना और खूबसूरत यादें बनाना था स पिकनिक के दौरान खेल, संगीत, चित्रकारी और टीम-निर्माण अभ्यास जैसी विभिन्न आकर्षक गतिविधियां आयोजित की गयी। संस्था की टीम और स्वयंसेवक ने पिकनिक के दौरान एक सुरक्षित देखभाल करने वाला और समावेशी वातावरण




सुनिश्चित किया। यह पहल विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को खुशी, शिक्षा और सहयोग प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

संस्था का मानना है कि सभी बच्चे प्यार, देखभाल और आनंद के हकदार है। नॉर्मल बच्चो की तरह दिव्यांग बच्चो को अच्छे मौके उपलब्ध कराना संस्था का दायित्व है। संस्था की तरफ से विपुल ने बताया की दिव्यांग बच्चों को विशेष देखभाल की आवश्यकता होती है इनको काफी कम मौके मिलते है,हमारी संस्था विशेष बच्चो के लिए निरंतर काम करती रहती है स इस मौके पर संस्था से जुड़े शिवम शुक्ला, सोहनलाल ने पूरी जिम्मेदारी के साथ अपना दायित्व निभाया।

# जाकिर हुसैन को श्रद्धांजलि देने को एकजुट होंगे कलाकार

**नई दिल्ली :** जाकिर हुसैन को वैश्विक श्रद्धांजलि देने के लिए एनसीपीए में 50 से अधिक कलाकार एकजुट होंगे।

14 और 15 दिसंबर को होने वाला यह दो-दिवसीय स्मारक कार्यक्रम, सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक, कई एनसीपीए स्थलों पर आयोजित किया जाएगा और जाकिर हुसैन के संगीत में अतुलनीय योगदान और उन्होंने जिन अनगिनत लोगों के जीवन को छुआ, उसका एक गवाह होगा।



पिछले साल 15 दिसंबर को, जाकिर हुसैन के निधन के साथ संगीत की दुनिया जगत मौन हो गया।एक दूरदर्शी तालवादक, संगीतकार और सहयोगी, हुसैन की प्रतिभा ने भारतीय और पश्चिमी शास्त्रीय संगीत से लेकर रॉक, पॉप, जैज, विश्व संगीत और उससे परे तक सीमाओं और शैलियों को पार कर दिया। लाइन-अप में जॉनमैकलॉघलिन, लुइस बैंक्स, डेवहॉलैंड, गणेश राजगोपालन, रंजीत बारोट, वी. सेल्वागणेश, शंकर महादेवन, क्रिस पॉटर, संजय दिवेचा, गिनो बैंक्स, अजॉयचक्रबर्ती, अमजद अली खान और राकेश चौरसिया जैसे प्रतिष्ठित नाम शामिल हैं।

कलाकारों और प्रशंसकों के साथ उनकी पत्नी एंटोनिया, बेटियाँ अनीसा और इसाबेला, और उनके भाई शामिल होंगे - जो उस व्यक्ति की स्मृति का सम्मान करने के लिए एकत्रित होंगे जिसने तबले को फिर से परिभाषित किया और पीढ़ियों को प्रेरित किया।

## अवैध मोबाइल फैक्ट्री का भंडाफोड़ , 5 दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** करोल बाग थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार को अवैध मोबा. इल फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो गैर-कानूनी रूप से मोबाइल असेंबलिंग और आईएमईआई से छेड़छाड़ करते थे। आरोपियों के कब्जे से कुल 1826 मोबाइल फोन (कीपैड और स्मार्टफोन) बरामद किए गए। पुलिस से मिली प्राथमिक जानकारी के मुता. बिक, आरोपियों से आईएमईआई बदलने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला लैपटॉप जब्त किया गया है। मालूम हो कि करोल बाग थाने की पुलिस पिछले 15 दिनों से इलाके में गैर-कानूनी मोबाइल फोन गति. विधियों को रोकने के लिए काम कर रही थी।

# ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था को किया सशक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** डॉ. प्रमोद राघव के नेतृत्व में निस्वार्थ कदम संस्था ने हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के घुरदौड़ गांव में मनु हेल्थ केयर सेंटर की स्थापना की है।

यह पहल दूरस्थ हिमालयी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को मुफ्त, भरोसेमंद और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इस परियोजना को शास्त्र सोसाइटी के सहयोग में संचालित किया जा रहा है।

पहाड़ी गांवों में स्वास्थ्य सुविधाओं की भारी कमी को देखते हुए निस्वार्थ कदम ने एक ऐसा स्वास्थ्य केंद्र बनने की योजना बनाई, जहां ग्रामीणों को मुफ्त इलाज, मुफ्त दवाइयाँ और निरंतर स्वास्थ्य सहायता उनके ही क्षेत्र में मिल सके।

स्वास्थ्य सेवाएँ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना यह केंद्र न केवल आने वाले मरीजों का इलाज कर रहा है, बल्कि स्वास्थ्य सेवाएँ उनके घरों तक भी पहुँचा रहा है। डॉ. प्रमोद राघव लम्बे समय से जनकल्याण, सामाजिक उत्थान और सामुदायिक विकास से जुड़े रहे हैं। उनके नेतृत्व ने इस मिशन को सम्मान, समानता, सुलभता और संवेदनशीलता के साथ आगे बढ़ाया है। निस्वार्थ कदम के साथ उनका जुड़ाव इस स्वास्थ्य अभियान को एक संगठित और टिकाऊ रूप प्रदान कर रहा है।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्सः 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं



फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्षः भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भगवान पार्श्वनाथ जन्म कल्याणम व गुफा मंदिर का किया लोकार्पण

# योगी ने याद दिलाए विश्व नवकार महामंत्र दिवस से जुड़े मोदी के '9 संकल्प'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** तरूणसागरम् बसंतपुर सेंतली मुरादनगर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा भगवान पार्श्वनाथ का जन्म कल्याणम् एवं 100 दिवस में नवनिर्मित गुफा का लोकार्पण किया गया। तदोपरांत मुख्यमंत्री द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। आयोज. कों द्वारा मुख्यमंत्री को कमंडल, माला, चित्र भेंट कर एवं पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम में अपने उद्‌बोधन के दौरान जैन धर्म से संबंधित कुछ मंत्रों का उच्चारण करते हुए कार्यक्रम समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी सहित अन्य गणमान्यों को उन्हें इस पावन धार्मिक कार्य में आमंत्रण हेतु धन्यवाद दिया तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रति. निधियों एवं अन्य गणमान्यों को संबोधित करते हुए कहा कि भाइयों और बहनों आज मुझे इस गुफा मंदिर में भगवान पार्श्वनाथ और क्रांतिकारी संत पूज्य तरूण सागर जी महाराज की स्मृतियों को नमन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, मैं इसके लिए कार्यक्रम प्रबंधकों एवं जैन समिति का आभार व्यक्त करता हूं।



मुख्यमंत्री ने कहा कि आध्यात्मिक उन्नयन के लिए सुरक्षित, सुसभ्य और साफ सुथरा वातावरण चाहिए और यह भारत ने ही पहले दुनिया को दिया है और आज भी भारत ही इस कार्य को कर रहा है हमें इस बात पर गर्व होना चाहिए। हम सभी आध्यात्मिक संदेशों और भारत की ऋषि मुनि परंपरा को लेकर बढ़ रहे हैं। यदि हम सभी इसका आत्मसात करते हैं तो यही विश्व मानव कल्याण का मार्ग प्रशस्त कर सकता है।

उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली में विश्व नवकार महामंत्र दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का उद्‌घाटन किया था, जिसमें उन्होंने नौ संकल्प सभी लोगों को प्रदान किए थे, जिसमें पानी का बचाव, एक पेड़ मां के नाम, स्वच्छता का मिशन, वोकल फोर लोकल, देश दर्शन, प्राकृतिक खेती, स्वस्थ जीवन शैली अपनायें , योग और खेल को जीवन में लाना और गरीबों के कल्याण के लिए सदैव समर्पित भाव से कार्य करना।

कार्यक्रम के उपरांत मुख्यमंत्री द्वारा मंदिर प्रांगण में पौधारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महापौर नगर निगम गाजियाबाद, विधायकगण, भाजपा महानगर अध्यक्ष सहित अन्य गणमान्य लोगों उपस्थित रहे।

# एचएलएम कॉलेज में हुआ जर्नल ऑफ एप्लाइड रिसर्च का भव्य उद्घाटन

■ कार्यक्रम के दूसरे चरण में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्पोर्ट्स अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किए गए।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एचएलएम कॉलेज में ज्ञान और खेल–दोनों ही क्षेत्रों को समर्पित एक गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। "जर्नल ऑफ एप्लाइड रिसर्च" के शुभारंभ के साथ–साथ कॉलेज ने अपने प्रतिभाशाली छात्र–छात्राओं को खेल उपलब्धि पुरस्कार प्रदान कर उनकी मेहनत और उपलब्धियों का सम्मान किया। इस अवसर पर एचएलएम कॉलेज के चेयरमेन सुनील मिगलानी, वाइस चेयरमेन सोनिया मिगलानी और डायरेक्ट डॉ अनुज अग्रवाल, सहायक निद. शक डॉ. धीरज शर्मा और बीटेक डायरेक्ट डॉ. पंकज कुमार सिंह।

मुख्य अतिथि राकेश मिश्रा (उपाध्यक्ष उप्र क्रिकेट एसोसिएशन) डॉ संजीव शर्मा, संदीप सिंघल, प्रवीन चौधरी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ एचएलएम, एवं मिगसन ग्रुप के चेयरमेन सुनील मिगलानी द्वारा दीप प्रज्वलन और जर्नल ऑफ एप्लाइड रिसर्च के औपचारिक विमोचन से हुआ।

यह जर्नल शोध, नवाचार और अकादमिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रका. शित किया गया है, जो विद्यार्थियों व शोधकर्ताओं के लिए एक नया शैक्षणिक मंच प्रदान करेगा।

इस अवसर कॉलेज के डायरेक्ट डॉ अनुज अग्रवाल ने कहा, एचएलएम कॉलेज हमेशा शोध, शिक्षा और खेल–तीनों क्षेत्र में विद्यार्थियों को सर्वोत्तम अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। आज का कार्यक्रम संस्था की प्रगतिशील सोच का प्रतीक है।" सहायक निदेशक डॉ धीरज शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि– इस जर्नल का प्रकाशन एचएलएम कॉलेज की शैक्षणिक गुणवत्ता और शोध–दृष्टि का प्रतीक है। साथ ही, खेल पुरस्कार समारोह कॉलेज की उस ऊर्जा का उत्सव है जो विद्यार्थियों को पूर्ण व्यक्तित्व विकास की ओर प्रेरित करती है।

कार्यक्रम के दूसरे चरण में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्पोर्ट्स अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किए गए। क्रिकेट, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, वॉलीबॉल आदि खेलों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

पूरे सभागार में तालियों की गूंज विद्यार्थियों के जोश और समर्पण का साक्षी बनी। अंत में धन्यवाद ज्ञापन करते हुए शारी. रिक शिक्षा विभाग के डॉ अर्जुन सिंह पंवार ने कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को और ऊँचाइयों तक पहुँचने के लिए प्रेरित करता रहेगा।

# मुरादनगर की ईदगाह कमेटी की घोषणा की गई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** पूर्व विधायक/ पालिकाध्यक्ष वहाब चौधरी के कैम्प कार्यालय पर मुरादनगर के मोअज्जिज लोगों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुरादनगर की ईदगाह कमेटी की घोषणा की गई।

सर्वसम्मति से ईदगाह कमेटी में पूर्व विधायक/ चेयरमैन वहाब चौधरी को दूसरी बार सदर/ अध्यक्ष तथा शहर के अजीम शख्सियत हकीम हारून फिदाई साहब को सरपरस्त परवेज गौहर को सेक्रेटरी जावेद अब्बासी को सह–सचिव मा इमरान को खजांची चुना गया।

कुंवर फारूक चौधरी को नायब सदर सदस्यगण नवाब साहब यूसुफ कुरैशी हाजी शाकिर अंसारी हाजी साबिर अंसारी हाजी परवेज चौधरी सैयद तोसीफ हसन गुड्डू हाजी हशमत बड़के वाले हाजी नौशाद शेख मोहम्मद अब्बास मलिक (रेवड़ी वाले) जुल्फिकार अल्वी एडवोकेट हाजी फारूक मलिक फारूक कुरैशी सभासद हाजी रियासत सब्बाग मालू इदरीस सभासद आदि को बनाया गया। इस अवसर पर शहर के जिम्मेदार व मोअज्जिज लोगों ने सभी को मुबारकबाद पेश की।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का डॉ. आरपी चड्ढा व अर्पित चड्ढा ने किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** मुरादनगर। आईटीएस–द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ. आरपी चड्ढा एवं वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संस्थान में आगमन पर ससम्मान स्वागत एवं अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आगमन निर्धारित था।

इस अवसर पर उनका हेलीकॉप्टर आईटीएस डेंटल कॉलेज के ग्राउंड पर उतरा, जहाँ से वे अपने काफिले सहित आगामी कार्यक्रम हेतु रवाना हुए। प्रातः काल से ही उत्तर प्रदेश पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी एवं सुरक्षा बल संस्थान परिसर में मौजूद रहे तथा आईटीएस स्टाफ के साथ समन्वय कर समुचित सुरक्षा एवं सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया।

इस अवसर पर अर्पित चड्ढा ने मुख्यमंत्री को संस्थान की शैक्षणिक उपलब्धियों, प्रगति तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु संचालित विभिन्न नवाचारों से अवगत कराया। उन्होंने विद्यार्थियों के



उज्जवल भविष्य हेतु मुख्यमंत्री से मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद की कामना की। आईटीएस परिवार के लिए यह अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण रहा।

अर्पित चड्ढा ने बताया कि योगी आदित्यनाथ एक अत्यंत सरल, दूरदर्शी एवं समानता में विश्वास रखने वाले व्यक्तित्व है, जो समाज के प्रत्येक वर्ग को समान दृष्टिकोण से देखते है। अंत में अर्पित चड्ढा ने इस महत्वपूर्ण भेंट के लिए अपना समय प्रदान करने हेतु मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हृदय पूर्वक आभार प्रकट किया।

# ब्राह्मण समाज ने आईएएस संतोष वर्मा का फूंका पुतला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** मध्यप्रदेश के वरिष्ठ आईएएस सन्तोष वर्मा जो कि हाल ही में मध्यप्रदेश अनूसूि. चत जाति जनजाति वर्ग के सरकारी कर्मचारियों के संगठन आजाम्स के अध्यक्ष बने हैं ने कार्यक्रम के दौरान ब्राह्मण बेटियों के विरुद्ध जो बहुत ही अशोभनीय व अमर्यादित टिप्पणी की है उस पर देश के ब्राह्मण समाज में भारी आक्रोश है। जिसके चलते देश में जगह जगह विरोध प्रदर्शन व उन पर अविलंब कठोरतम कानूनी कार्यवाही की मांग ब्रह्माण समाज द्वारा की जा रही है।

इसी कड़ी में विरोध स्वरूप आज राष्ट्रवादी ब्राह्मण महासंघ के तत्वावधान में लोनी के संगम



विहार में संतोष वर्मा की शव यात्रा निकालने के बाद उनके पुतले को जलाया गया। शव यात्रा में सम्मिलित लोग ब्राह्मण बेटियों का अपमान नहीं सहेगा ब्राह्मण समाज, संतोष वर्मा को तुरंत गिरफ्तार करो। भगवान परशुराम की जय के नारे भी लगा रहे थे।

पुतला दहन के बाद संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं प्रवेश दत्त भारद्वाज ने थाना लोनी बोर्डर पर एक लिखित तहरीर देकर संतोष वर्मा के विरुद्ध उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की मांग की। जिस को थाना लोनी बोर्डर ने तहरीर लेकर रिसीविंग दे दी है एवं उचित कार्यवाही करने का आश्वासन भी दिया है। आज की शव यात्रा व पुतला दहन में प्रमुख रूप से

पंडित अंकुर शर्मा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, पंडित विनोद शर्मा पुर राष्ट्रीय मंत्री, पंडित गौरी शंकर पांडे प्रदेश महामंत्री उत्तर प्रदेश, पंडित बच्चों प्रधान, पंडित मोि. हत शर्मा मंडल महामंत्री मेरठ, पंडित कैलाश शर्मा जिला अध्यक्ष, पंडित संदीप कौशिक जिला अध्यक्ष उत्तर पूर्वी दिल्ली, पंडित धर्मपाल शर्मा, पंडित अशोक शर्मा जिला महामंत्री, पंडित ललित शर्मा जिला उपाध्यक्ष, राजकुमार गौड़, राक. ेश शर्मा, अमित शर्मा, युवा नगर अध्यक्ष लोनी, पंडित शिवकुमार शर्मा, पंडित देवेंद्र शर्मा, पंडित सुनील शर्मा, सत्येंद्र भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

# एमपीएस पब्लिक स्कूल में संविधान दिवस के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एमपीएस पब्लिक स्कूल जागृति विहार संजय नगर में संविधान दिवस के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्रों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया और संविधान के महत्व को समझने का प्रयास किया। समारोह की शुरुआत विद्यालय की प्रिंसिपल सुनीता जॉनसन द्वारा संविधान की प्रस्तावना का पाठ करने के साथ हुई। इसके बाद, छात्रों ने संविधान के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए और संविधान के महत्व को समझाया। समारोह के दौरान, छात्रों ने संविधान से संबंधित स्किट प्रतियोगिता में बढ़–



चढ़कर भाग लिया। जिसमें शिवाजी हाउस ने 65 अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया, तिलक हाउस ने 70 अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया, और नेहरू हाउस ने 74 अंकों के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रबंधक राजीव त्यागी व प्रिंसिपल ने अपने संबोधन में कहा कि संविधान दिवस हमें अपने देश के संविधान के प्रति सम्मान और समर्पण की याद दिलाता है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे संविधान के मूल्यों को अपने जीवन में अपनाएं और देश के विकास में योगदान दें। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### डीजीआर पब्लिक स्कूल में 78वां

# एनसीसी दिवस उत्साह व अनुशासन के साथ मनाया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** डीजीआर पब्लिक स्कूल, पतला में 78वाँ एनसीसी दिवस गरिमा, ऊर्जा और राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। समारोह की शुरुआत एनसीसी गीत के साथ हुई, जिसकी स्वर लहरियों ने वातावरण को देशभक्ति, जोश और अनुशासन के रंग में रंग दिया। कैडेट्स ने ड्रिल एवं march past के माध्यम से एनसीसी के मूल सिद्धांत – "एकता, अनुशासन और सेवा" – को प्रभावी रूप में प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में विशेष रूप से नायब सुबेदार सुर्यमान घले, हवलदार अरविंद दीक्षित तथा



ANO गुड्डू गुप्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने कैडेट्स को एनसीसी के जीवन मूल्यों एवं भविष्य निर्माण में इसकी भूमिका से अवगत कराया। उनकी उपस्थिति और मार्गदर्शन ने विद्यार्थियों का उत्साह कई गुना बढ़ाया।

विद्यालय की डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. सोनल चौधरी ने अपने सम्बोधन में कहा कि एनसीसी केवल प्रशिक्षण का कार्यक्रम नहीं, बल्कि भविष्य के नेतृत्व की प्रयोगशाला है। यह विद्यार्थियों को आत्मविश्वासी, जिम्मेदार नागरिक एवं राष्ट्र के सशक्त स्तंभ बनने के लिए तैयार करती है। कार्यक्रम चेयरमैन गुल. बीर सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिन्होंने कैडेट्स के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

# आईटीएस मोहननगर में वेस्ट मैनेजमेंट व सेग्रिगेशन पर कार्यशाला का सफल आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आई.टी.एस मोहन नगर के यूजी कैंपस में मास मीडिया एवं कम्यूनिकेशन क्लब द्वारा "वेस्ट मैनेजमेंट एवं सेग्रिगेशन" विषय पर एक विशेष कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को स्वच्छता, पर्यावरण सुरक्षा, कचरा प्रबंधन और सतत जीवन शैली के महत्व के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर आईटीएस – द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने अपने सन्देश में ष्वेस्ट मैनेजमेंट एवं सेग्रिगेशनष कार्यशाला की महत्वता एवं उपयोगिता बताते हुए कहा कि ऐसी कार्यशाला निरंतर होती रहनी चाहियें और सभी उपस्थित छात्रों को स्वच्छता, पर्यावरण, सतत विकास को ध्यान में रख कर अपने जीवन में आगे बढ़ते रहना चाहिए। यूजी कैंपस की प्राचार्या डॉ. नैन्सी शर्मा ने अतिथि वक्ताओं का मोमेंटो और गुड लक प्लांट देकर



स्वागत किया और वेस्ट मैनेजमेंट के महत्व पर संक्षिप्त परिचय देते हुए छात्रों को पर्यावरण संरक्षण में युवाओं की भूमिका पर प्रेरक संबोधन दिया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता "सेव मदर अर्थ मिशन" के सह–संस्थापक श्याम तायल रहे, जिन्होंने कचरा प्रबंधन की प्रक्रिया, पर्यावरण प्रदूषण की चुनौतियों और स्वच्छता में छोटे–छोटे प्रयासों की बड़ी भूमिका पर विस्तृत चर्चा की। इसके बाद "सेव मदर अर्थ मिशन" की संस्थापक तनु अग्रवाल ने 5R-Refuse, Reduce, Reuse, Repurpose, Recycle- के सिद्धांतों के माध्यम से छात्रों को प्लास्टिक वेस्ट के प्रबंधन और रीसाइक्लिंग प्रक्रिया को सरल और प्रभावी तरीके से समझाया। उन्होंने एक विस्तृत फ्लो–चार्ट के माध्यम से दिखाया कि कैसे प्लास्टिक कचरा संग्रहण से लेकर IPCA केंद्रों में प्रोसेसिंग तक उपयोगी उत्पादों में परिवर्तित किया जाता है।

## एसआईआर कार्य के दबाव में शिक्षक हो रहे बीमार, समय सीमा बढ़ाने की मांग

**गाजियाबाद।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के कार्य के दबाव में शिक्षक हाईपरटेंशन, शुगर और बीपी जैसे रोग के शिकार हो रहे हैं, जिससे उनकी कार्यक्षमता प्रभावित हो रही है। प्रदेश में कई मौत भी हो चुकी हैं। जिले में भी ऐसी स्थिति न हो जाए, इसको लेकर सोशल मीडिया पर भावुक पोस्ट करते हुए प्राथमिक शिक्षक संघ ने एसआईआर कार्य की अवधि बढ़ाने की मांग की है, ताकि शिक्षकों को राहत मिल सके। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने एसआईआर कार्य के चलते शिक्षकों की परेशानी को बताते हुए डीएम के नाम एक पत्र एक्स पर पोस्ट किया है। इसमें लिखा है कि जिले के दो हजार से अधिक शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एसआईआर के लिए बीएलओ का कार्य कर रहे हैं। काम के अत्यधिक दबाव और देर रात तक काम की वजह से उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। शिक्षकों को अनिद्रा, हाई बीपी और हाईपरटेंशन की शिकायतें हो रही हैं। काम के दबाव में प्रदेश में कई बीएलओ की मौत हो चुकी है। नोएडा में भी दो शिक्षक त्यागपत्र दे चुके हैं। गाजियाबाद में भी कहीं ऐसी कोई घटना न हो जाए, ऐसी स्थिति से बचने के लिए शिक्षक संघ ने डीएम से अपील करते हुए कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग से बात कर एसआईआर कार्य की अवधि आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाए, ताकि शिक्षकों को राहत मिल सके। रातभर जागकर अपडेट कर रहे आंकड़े उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा ने बताया कि एसआईआर के लिए 4 दिसंबर तक की समयसीमा तय की है।

# सुंदरदीप कॉलेज में फार्मा व हेल्थकेयर इंडस्ट्री में परिवर्तन पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सुंदरदीप फार्मेसी कॉलेज द्वारा 'चौथी औद्योगिक क्रांति और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस: फार्मा एवं हेल्थकेयर इंडस्ट्री में परिवर्तन' विषय पर एक दिवसीय अतिथि व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ पर सुंदरदीप ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स एवं एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष महेन्द्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष अखिल अग्रवाल एवं प्रो चांसलर नितिन अग्रवाल ने उपस्थित छात्र– छात्राओं को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार (एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी) ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि वैज्ञानिक अनुसंधान में सटीकता और गुणवत्ता के लिए आधुनिक तकनीकों को अपनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि नई प्रौद्योगिकियां न केवल अनुसंधान को उन्नत बना रही हैं, बल्कि नैतिकता के साथ दवा निर्माण को भी अधिक प्रभावशाली बना रही हैं, जिससे मानव जीवन की गुणवत्ता में सुधार, बीमारियों के बोझ में कमी और स्वास्थ्य स्थिरता को बढ़ावा मिल रहा है।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. पुनीत गुप्ता (सचिव, आई.पी.ए. उत्तर प्रदेश एवं मुख्य समन्वयक, औषधि खोज, एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा) ने अपने अनुभव और विशेषज्ञता साझा



करते हुए कहा कि चौथी औद्योगिक क्रांति स्वास्थ्य क्षेत्र में एक क्रांतिकारी परिवर्तन ला रही है। यह न केवल उपचार और निदान की पद्धतियों को बदल रही है, बल्कि स्वास्थ्य पेशेवरों और रोगियों के बीच संबंधों और स्वास्थ्य प्रणालियों के संगठनात्मक ढांचे को भी पुनर्परिभाषित कर रही है। कॉलेज के निदेशक एवं कार्यक्रम संयोजक प्रोफेसर (डॉ.) आर. डी. गुप्ता ने उद्‌घाटन भाषण में कहा कि फार्मास्युटिकल क्षेत्र में नई तकनीकों को आत्मसात करना छात्रों के भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम की समन्वयक सुष्मिता मिश्रा एवं नेहा जैन (एसोसिएट प्रोफेसर, सुंदरदीप फार्मेसी कॉलेज) ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। कार्यक्रम में डॉ. राजीव रतन (रजिस्ट्रार, एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी), प्रो. (डॉ. ) ए. शंमुगनाथन (डीन अकादमिक्स, एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी), डॉ. नितिन कुमार, डॉ. सीमा जैन, निधि सिंह, सुंदरदीप कॉलेज ऑफ फार्मेसी के सभी शिक्षकगण, छात्र–छात्राएं और स्टाफ सदस्य उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे। यह सेमिनार छात्रों और शिक्षकों के लिए ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।

डॉ. पुनीत गुप्ता जैसे अनुभवी वक्ता की उपस्थिति ने इस आयोजन को और अधिक प्रभावशाली बनाया। कार्यक्रम का समापन नेहा जैन के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें सभी आयोजकों, वक्ताओं और प्रतिभागियों को उनके सहयोग और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया गया।

# कोहनी से गला घोंट किया लिव इन पार्टनर का कत्ल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक 44 वर्षीय महिला की उसके लिव-इन पार्टनर ने हत्या कर दी। आरोपी शराब के नशे में इतना धुत था कि शव को कार तक ले तो गया, लेकिन गाड़ी चला नहीं सका और कार में ही छोड़कर घर लौटकर सो गया।

पुलिस के अनुसार आरोपी वीरेंद्र (35) बस कंपनी में काम करता है और शादीशुदा है। वह पिछले दो वर्षों से मृतका के साथ लिव-इन में रह रहा था। दोनों ने मिलकर कुछ समय पहले पालम स्थित महिला का मकान बेचा था और उसी रकम से अगस्त में वीरेंद्र के नाम पर तीन मंजिला मकान खरीदा था। अधिकारियों ने बताया कि मकान बेचने के बाद बचे 21 लाख रुपये भी वीरेंद्र के पास थे, जो दोनों के बीच झगड़े का कारण बना रहता था।

25 और 26 नवंबर की रात दोनों शराब पी रहे थे जब कहासुनी बढ़कर हिंसा में बदल गई। गुस्से में वीरेंद्र ने महिला को बिस्तर पर दबा.चकर अपनी कोहनी से गला दबाकर मार डाला। हत्या के बाद वीरेंद्र ने अपने दो दोस्तों एक पुरुष और एक महिला को बुलाया। दोनों ने मिलकर शव को नीचे कार तक पहुंचाने में उसकी मदद की और फिर वहां से चले गए। वीरेंद्र ने शव को ठिकाने लगाने के लिए कार चलाने की कोशिश की, लेकिन नशे की हालत में वह 100 मीटर से आगे नहीं जा सका और वापस घर लौटकर फिर शराब पीते-पीते सो गया। सुबह करीब 9 बजे एक पड़ोसी की नजर कार में पड़े शव पर पड़ी। पड़ोसी, जो दोनों को पति-पत्नी समझता था, ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस पहुंची तो आरोपी घर में सोता मिला और उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अब आरोपी के दोनों साथियों की तलाश कर रही है, जिन्होंने शव को कार तक पहुंचाने में उसकी मदद की थी।

## कोहरे की आमद से कई ट्रेनें चल रही लेट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कोहरे और ठंडक के लगातार बढ़ते एहसास के बीच गुरुवार सुबह भी न्यूनतम तापमान में गिरावट बरकरार रही। मौसम विभाग की मानें तो ठंड लगातार बढ़ेगी और तापमान में गिरावट भी अभी और आएगी। सर्दी बढ़ने के साथ ही सुबह के समय हल्का कोहरा पड़ने लगा है।

इससे ट्रेनों की आवाजाही बाधित हो रही है। गुरुवार को दिल्ली का न्यूनतम तापमान 8.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। अधिकतम तापमान 27 डिग्री के आसपास रह सकता है। राजधानी में भी गुरुवार सुबह स्मॉग के साथ कहीं कहीं कोहरा भी देखने को मिला। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि दिन में आसमान साफ रहेगा। धूप भी खिली रहेगी। दूसरी तरफ दिल्ली की वायु गुणवत्ता में अभी कोई सुधार नहीं है। आज सुबह साढ़े नौ बजे आईक्यू एयर ने दर्ज किया 653 एक्यूआई यानी खतरनाक श्रेणी में जबकि सीपीसीबी ने 335 दर्ज किया, जो बहुत खराब श्रेणी में आता है। संभावना है कि अभी अगले छह दिन दिल्ली का एक्यूआई इसी श्रेणी में बरकरार रहेगा।

पूर्व दिशा की कई ट्रेनें घंटों देरी से पहुंच रही हैं। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि हल्का कोहरा पड़ने और कई रेलखंडों पर संरक्षा कार्य होने के कारण ट्रेनों की आवाजाही पर असर पड़ा है। सुबह सात बजे चलने वाली आनंद विहार टर्मिनल-मुजफ्फरपुर विशेष (05284) आठ घंटे के देरी से अपराह्न तीन बजे और सुबह सवा पांच बजे चलने वाली आनंद विहार टर्मिनल-पूर्णिया कोर्ट विशेष (05580) 13.15 घंटे के देरी से शाम साढ़े छह बजे चलेगी। नई दिल्ली-दरभंगा हमसफर एक्सप्रेस (02570) 10.05 घंटे के देरी से रात10.20 बजे और नई दिल्ली-हसनपुर रोड विशेष (04098) 14.05 घंटे के देरी से 27 नवंबर को रात 11.35 बजे रवाना होगी।

# सैलरी कम होने पर मालिक के घर में 4 करोड़ की चोरी करने वाला पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सैलरी कम होने से परेशान होकर एक वफादार ड्राइवर ने अपने ही मालिक के घर में चार करोड़ रुपये के गहने व घड़ी चोरी कर ली। दक्षिण-पश्चिमी जिला की एंटी बर्गलरी सेल ने फरार नौकर महेंद्र दान को राजस्थान उसके गांव से गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से चोरी का सामान भी जब्त कर लिया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि साऊथ कैंपस पुलिस को आनंद निकेतन में रहने वाले एम यादव से उनके घर में चोरी होने की शिकायत मिली थी। उन्होंने बताया कि 28 अगस्त से 29 सितम्बर के बीच किसी ने उसके घर में करीब चार करोड़ रुपये की घड़ी,सोने के गहने आदि सामान चोरी किया है। पुलिस ने मामला दर्ज किया। इंस्पेक्टर राम कुमार के निर्देशन में एसआई बच्चू सिंह, कांस्टेबल अंशु और सांवरिया ने घर के आसपास लगे दर्जनों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और ह्यूमैन सॉर्स की सहायता ली। पुलिस ने कुछ मोबाइल फोन का डंप डाटा भी खंगाला और संदिग्धों से पूछताछ की। मैनुअल इंटेलिजेंस और तकनीकी निगरानी की मदद से आरा.पी महेन्द्र को उसके पैतृक गांव इंदोखा, तहसील मकराना, जिला नागोर, राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर हीरे व सोने की ज्वैलरी, सोने के बिस्किट और कई ब्रांड की घड़ी बरामद की। बरामद सामान की कीमत करीब 4 करोड़ रुपए बताई गई। आरोपी से पूछताछ करने पर पता चला कि वह पिछले चार साल से शिकायतकर्ता के घर में ड्राइवर के तौर पर नौकरी कर रहा था। उसकी सैलरी कम थी और उसकी घर की जरूरतें भी पूरी नहीं हो पा रही थी।

## उबर कैब ड्राइवर ने की महिला यात्री के साथ बदसलूकी

**नई दिल्ली।** वसंत विहार से सर्वोदय एन्क्लेव जा रही एक महिला यात्री के साथ उबर कैब ड्राइवर ने कथित तौर पर बदसलूकी की और उनका हाथ मरोड़ दिया। घटना मंगलवार देर रात की बताई जा रही है। महिला यात्री ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट एक्स पर लिखा है कि वे डॉक्टर के पास जा रही थीं। उन्होंने उबर बुक की और ड्रॉप लोकेशन एस्सेक्स फार्म्स के पास पिन की गई थी। ड्राइवर शुरू में पिन के बिना छोड़ने को राजी हो गया, लेकिन अचानक चिढ़ने लगा, चिल्लाने लगा और गाड़ी मुड़ाकर गलत दिशा में ले जाने लगा, जबकि महिला ने सीधे यू-टर्न लेने को कहा था। महिला ने आगे लिखा, "मैंने गाड़ी रुकवाई, लेकिन ड्राइवर नहीं माना। गाड़ी रो.कने के लिए मैंने दरवाजा खोला तो ड्राइवर ने मुड़कर मेरा हाथ पकड़ा और जोर से मरोड़ दिया।

# कार ने फुटपाथ पर चल रहे चाचा भतीजे को रौंदा, चालक फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मोती नगर इलाके में फुटपाथ पर चल रहे चाचा भतीजा को कार ने रौंद दिया। हादसे के बाद चालक कार छोडकर फरार हो गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामला दर्ज करके चालक की तलाश में छापेमारी कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मोती नगर पुलिस को बुधवार देर शाम जखीरा गोल चक्कर पर एक्सिडेंट होने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। फुटपाथ और सडक पर काफी खून पड़ा था। दो व्यक्ति अचेतावस्ता में पड़े थे। पास ही क्षतिग्रस्त हालत में हरियाणा नंगर की कार खड़ी थी। पुलिस ने दोनों व्यक्तियों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने उपचार के बीच दोनों को मृत घोषित कर दिया। जिनकी पहचान

आनंद पर्वत के नेहरू नगर के रहने वाले मुनिराज और जखीरा के रहने वाले सुरेश पाल के रूप में हुई। सुरेश पाल मूंगफली की रेहड़ी लगाते थे। जबकि मुनिराज पेंटर का काम करते थे। पुलिस ने कार को जब्त करके नंबर प्लेट से मालिक तक पहुं.चने की कोशिश कर रही है। मुनि.राज के भतीजे विक्की ने बताया कि बुधवार शाम को जबकि सुरेश और मुनीराज जखीरा गोल चक्कर स्थित फुटपाथ पर चल रहे थे। पीछे एक बेलगाम हरियाणा नंबर की कार ने दोनों को अपनी चपेट में ले लिया था।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने पहुंची।

# सीएम ने श्रीमद् भागवत कथा का किया श्रवण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता आज यमुना विहार स्थित एमटीएनएल ग्राउंड में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में शामिल हुईं।

इस अवसर पर उन्होंने परम पूज्य साध्वी ऋतम्भराकी दिव्य वाणी का श्रवण किया। मुख्यमंत्री ने इसे अत्यंत सौभाग्यपूर्ण क्षण बताते हुए कहा कि साध्वी मां का तप, साधना और राष्ट्रहित में उनका समर्पण समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

मुख्यमंत्री ने आयोजन समिति के सभी सदस्यों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी और कहा कि साध्वी मां के सान्निध्य में कथा का श्रवण करना किसी भी व्यक्ति के लिए अत्यंत पवित्र अनुभव है। कार्यक्रम में विधायक श्री अजय महावर सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि साध्वी ऋतम्भरा जी ने अपने अनंत साहस और ओजस्वी वाणी के माध्यम से राम मंदिर आंदोलन को नई दिशा दी। उन्होंने व्यापक जनजागरण अभियान चलाकर लाखों लोगों को प्रभु श्रीराम के आदर्शों से जोड़ा और राम जन्मभूमि आंदोलन में ऐतिहा.सिक योगदान दिया।

मुख्यमंत्री गुप्ता ने कहा कि साध्वी मां को 'पद्मश्री' सम्मान प्राप्त होना पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। यह उनके त्याग, तप, समाजसेवा और मातृत्वपूर्ण भावनाओं की राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा है। उन्होंने कहा कि साध्वी मां ने हजारों बच्चों का पालन-पोषण किया, अनेक बेटियों का कन्यादान किया और असंख्य गौमाताओं को आश्रय प्रदान कर समाज को अनुपम दिशा दी है।

श्रीमद् भागवत कथा का महत्व बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कथा ऐसे जीवन-मूल्यों को व्यक्त करती है, जो परिवारों को स्थिरता देते हैं और समाज में शांति, प्रेम और एकता को मजबूती प्रदान करते हैं। यह कथा सिखाती है कि कर्तव्य-निष्ठा और अनुशासन ही अर्थपूर्ण जीवन की सच्ची नींव हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण समाज में आध्यात्मिक शक्ति बढ़ाने, सकारात्मकता फैलाने और व्यक्ति के जीवन में शांति स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं के कल्याण की कामना की।

## लैपटॉप व टैबलेट को जोड़ने वाली डिवाइस कैटेगरी पेश की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** AI+ ने AI+ Laptab लॉन्च किया। यह एक नई स्मार्ट डिवाइस कैटेगरी है, जो लैपटॉप की प्रोडक्टिविटी को टैबलेट की पोर्टेबिलिटी के साथ जोड़ती है। भारत की हाइब्रिड जेनरेशन लर्नर्स, क्रिएटर्स और प्रोफेशनल्स के लिए बनाई गई यह डिवाइस 11", 12" और 13" के तीन साइज में उपलब्ध होगी और इसके साथ कीबोर्ड व स्टायलस सपोर्ट भी मिलेगा। AI+ के सीईओ और नेक्स्ट क्वांटम शिफ्ट टेक्नोलॉजीस के फाउंडर माधव शेट ने कहा "AI+ Laptab सिर्फ एक और टैबलेट नहीं है। यह हमारी आधुनिक जिंदगी की फ्लुइडिटी का जवाब है।

# बसों की किल्लत के चलते लंबे रूट पर भी देवी बस चलाने की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था बड़े बदलाव के दौर से गुजर सकती है। यमुना पार सहित कई इलाकों से लगातार मिल रही बसों की अनुपलब्धता की शिकायतों ने सरकार को विकल्प तलाशने पर मजबूर कर दिया है। ऐसे में अब बड़ी 12-मीटर बसों के रूट पर देवी बसें यानी छोटी ई-बसें चलाने की तैयारी है।

इससे यात्रियों को अतिरिक्त विकल्प मिलेगा और बसों की किल्लत को आंशिक रूप से दूर किया जा सकेगा। हालांकि, देवी बसों को लास्ट माइल कनेक्टिविटी के लिए संकरे क्षेत्रों में संचालित करने के लिए लाया गया है। यह बसें ऐसी जगहों पर चलाई जा रही हैं जहां पर डीटीसी की 12 मीटर लंबी बसें नहीं जा सकती हैं। सूत्रों के अनुसार, सरकार इस दिशा में गंभीरता से विचार कर रही है और करीब 50 फीसदी देवी बसें बड़े रूटों पर तैनात करने का मॉडल तैयार किया जा रहा है। यह कदम इसलिए भी अहम माना जा रहा है क्योंकि पूर्वी दिल्ली में बस रूटों के पुनर्निर्धारण के बाद से यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। खासकर नई व्यवस्था को लेकर प्रचार-प्रसार की कमी और सड़कों से लगातार हट रहीं सीएनजी बसों के कारण दिक्कत आ रही है।

डीटीसी द्वारा पूर्वी दिल्ली में रूट रैशनलाइजेशन का काम पूरा किया जा चुका है जिसके तहत साल के अंत तक 692 सीएनजी बसें सड़कों से हट जाएंगी। इसके बाद यह मॉडल पश्चिमी और उत्तरी जोन में भी लागू किया जाएगा। अधिकारियों का दावा है कि 12-मीटर वाली बसों के किसी भी रूट को बंद नहीं किया जाएगा और भले ही फ्लीट कम हो, हर रूट पर कम से कम एक बस जरूर चलेगी। अभी तक जिन 121 रूटों का अध्ययन किया गया है उनमें से 100 पर केवल डीटीसी चल रही थी जबकि 12 पर क्लस्टर बसें और नौ रूट ऐसे थे, जहां दोनों सेवाएं साथ चलती थीं। वर्तमान में 2442 सीएनजी बसों का बेड़ा उपलब्ध है जिनमें 692 डीटीसी और 1750 क्लस्टर बसें शामिल हैं।

अधिकारियों ने बताया कि फ्लीट लगातार घटने और नई बसों की आपूर्ति में देरी को देखते हुए सरकार ऐसे वैकल्पिक उपयोग पर चर्चा बढ़ा रही है। देवी बसों को बड़े रूटों पर उतारने का विचार इसी रणनीति का हिस्सा है। इससे न केवल बसों की कमी को आंशिक रूप से पूरा किया जा सकेगा बल्कि यात्रियों को रूट पर बस की उपस्थिति का भरोसा भी मिल सकेगा। देवी बसों के लिए स्टॉप बनाए जाएंगे और रूट की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी। देवी बसों की शुरुआत के बाद यात्रियों को उनके रूट की जानकारी नहीं मिल पा रही थी। इससे बसें चल तो रही हैं लेकिन अक्सर खाली रहती हैं।

इस समस्या के समाधान के लिए परिवहन विभाग ने अब रूट बोर्ड लगाने का फैसला किया है। मौजूदा बस स्टैंडों पर देवी बसों की जानकारी तो उपलब्ध करा दी गई है लेकिन जहां बस स्टैंड नहीं हैं वहां दो खंभों पर बोर्ड लगाकर बस स्टॉप स्थापित किया गया है ताकि लोगों को इन बसों के बारे में जानकारी मिल सके। मौजूदा समय में राजधानी में डीटीसी और डीएमटीएस की ओर से संचा.लित 1,028 देवी बसें चल रही हैं।

# पराली के अलावा ट्रांसपोर्ट भी प्रदूषण का एक बड़ा कारक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में दीपावली के बाद से वायु प्रदूषण का प्रकोप जारी है। ऐसा पहली बार नहीं है बल्कि हर साल दिल्ली वासी जहरीली हवा का सामना करने को मजबूर होते हैं। इसे लेकर हर किसी के जहन में एक ही सवाल उठता है कि आखिर दिल्ली की हवा को 'जहरीली' बनाने का जिम्मेदार कौन है? आमतौर लोग मानते हैं कि पंजाब और हरियाणा के खेतों में किसानों द्वारा जलाई जाने वाली पराली के धुएं की वजह से दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण बढ़ता है, लेकिन आईआईटीएम पुणे के डिसीजन सपोर्ट सिस्टमका डेटा एक अलग तस्वीर दिखाता है। वै भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अधीन कार्य करता है। अक्टूबर की शुरुआत में दिल्ली की हवा को जहरीली बनाने में पराली जलाने का योगदान लगभग कुछ भी नहीं था, लेकिन 17 अक्टूबर तक, इसका हिस्सा बढ़कर 2.62 प्रतिशत हो गया और इसी समय एक्यूआई 250 को पार कर गया था। इसके बाद नवंबर में हालात और बदतर हो गए। 12 नवंबर को पराली का दिल्ली के प्रदूषण में हिस्सा 22.47 परसेंट था, और एक्यूआई बढ़कर 418 (यानी गंभीर श्रेणी) में पहुंच गया था। इसके बाद अगले हफ्ते 18-20 नवंबर को इसका हिस्सा 5.4 परसेंट और 2.8 परसेंट के बीच ऊपर-नीचे होता रहा, फिर भी एक्यूआई 325 से ऊपर यानी बेहद खराब श्रेणी में रहा।

## दाखिले की दौड़ में विदेशी विद्यार्थियों को भी मौका

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में विंटर समेस्टर के दूसरे फेज के पीएचडी दाखिले की दौड़ शुरू हो गई है। इसकी सूचना जेएनयू ने जारी कर दी है। इच्छुक उम्मीदवार दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन तीन दिसंबर तक कर सकते हैं। jnuee.jnu.ac.in@लिंक पर जाकर आवेदन करना होगा।

आवेदन संबंधी त्रुटियों को 4 और 5 दिसंबर को ठीक किया जा सकेगा। दाखिले के लिए 19 से लेकर 23 दिसंबर के बीच वाइवा होगा। पीएचडी में दाखिला के लिए पहली मेरिट सूची 2 जनवरी को जारी होगी जबकि पूर्व नामांकन पंजीकरण और सीट ब्लॉक के साथ फीस का भुगतान 2 से 4 जनवरी के बीच में किया जा सकेगा जबकि दाखिला सत्यापन 8 और 9 जनवरी को होगा।

# अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राजस्थान को मिला स्वर्ण पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित 44 वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले का विधिवत समापन हो गया। समापन के अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में राजस्थान मंडप को बेहत.रीन प्रदर्शन के लिए स्वर्ण पदक मिला। राजस्थान की ओर से यह स्वर्ण पदक मंडप के निदेशक हर्ष शर्मा और मैनेजर विनय शर्मा ने आई.टी.पी.ओ. के एमडी डॉ नीरज खैरवाल से ग्रहण किया।

सम्मान समारोह के अवसर पर डायरेक्टर हर्ष शर्मा ने बताया कि इस अंतरराष्ट्रीय मेले में राज्य की पवेलियन को स्वर्ण पदक मिलना समस्त राज्य के लिए गौरव और खुशी का अवसर है। इस उपलब्धि से राज्य के हस्तशिल्प के साथ-साथ कला और संस्कृति के संरक्षण को और अधिक बढ़ावा मिलेगा तथा देश-विदेश के लोगों के बीच राजस्थानी कला-संस्कृति और हस्तशिल्प को पहुंचाने में मदद मिलेगी। श्री शर्मा ने बताया कि राजस्थान सरकार की इस पहल से राज्य के कारीगरों, शिल्पकारों, उद्यमियों और निवेशकों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान मजबूत करने के ज्यादा अवसर मिलेंगे।

## आतंकी डॉक्टर मुजम्मिल के एक और ठिकाने का खुलासा

**नई दिल्ली।** लाल किले के पास 10 नवंबर को हुए कार बम ब्लास्ट की जांच में आतंकी मुजम्मिल के एक और ठिकाने का खुलासा हुआ है। फरीदाबाद टेरर मॉड्यूल से जुड़े डॉ. मुजम्मिल ने फरीदाबाद के खोरी जमालपुर गांव में भी एक घर किराए पर लिया हुआ था। मुजम्मिल ने खोरी जमालपुर गांव के पूर्व सरपंच से उसका घर कश्मीरी फलों का व्यापार करने के लिया था।एनआईए जब मुजम्मिल को लेकर पहुंची थी तो खोरी जमालपुर गांव के पूर्व सरपंच ने मुजम्मिल की पहचान भी की थी। आरोपी, डॉ. मुजम्मिल, जो फरीदाबाद टेरर मॉड्यूल से जुड़ा है, से पूछताछ और उसके ठिकानों पर की गई तलाशी के दौरान कई अहम सबूत हाथ लगे हैं।

## गैंगस्टर भाऊ के शूटर से मुठभेड़ गोली मारकर काबू किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गैंगस्टर भाऊ गैंग के शूटर और 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश सोनीपत के रहने वाले अंकित को द्वारका जिले की एंटी-नारकोटिक्स सेल ने पैर में गोली मारकर पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अवैध पिस्टल और कारतूस भी जब्त किये हैं। पुलिस अरोपी से उसका नेटवर्क जानने की कोशिश कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते 28 अक्तूबर के दिन नजफगढ़ इलाके में रोहित लांबा नामक युवक को चार लोगों ने गोली मारी थी। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही थी। जांच में गैंगस्टर भाऊ के शूटरों के बारे में जानकारी मिली थी ,जिसमें चार शूटरों को पकड़ लिया था। जबकि दो मुख्य शूटर अंकित और दीपक फरार थे ,जिनके ठिकानों पर छापेमारी की जा रही थी। दोनों शूटर पर दिल्ली पुलिस ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। सुबह आठ बजे एंटी नॉरकोटिक्स सेल को अंकित के नजफगढ़ इलाके में आने की जानकारी मिली थी। पुलिस टीम ने सब स्टैंड के पास घेराबंदी की। आरोपी अंकित बाइक पर आया। जब उसको आत्मसमर्पण करने के लिये कहा। उसने भागने की कोशिश की और पुलिस टीम पर अचानक तीन राउंड गोली चलाई। एक गोली कांस्टेबल कुलदीप की बुलेट प्रूफ जैकेट पर लगी। आत्मरक्षा में कांस्टेबल कुलदीप ने दो जबकि सोनू ने गोली चलाई। एक गोली अंकित के दाहिने पैर में लगी। जिसको हरकत करने से पहले ही दबोच लिया। 2020 में अंमित ने बहादुरगढ़ पुलिस पर फायरिंग करके एक कांस्टेबल को घायल कर दिया था।

# डीएमआरसी ने अगले 10 साल की योजना पर काम शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो ने अब भविष्य की बड़ी तस्वीर पर काम शुरू कर दिया है। मेट्रो का लक्ष्य है कि 2047 तक दिल्ली-एनसीआर में यात्रा का तरीका पूरी तरह बदल दिया जाए। इसी दिशा में दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने अपनी 10 साल की योजना (2027-2037) बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है जो देश के विजन 2047 और एनसीआर प्लान 2041 के अनुरूप तैयार होगी। इसके लिए डीएमआरसी एक सलाहकार एजेंसी चुन रहा है जो यह अध्ययन करेगी कि मेट्रो को अगले दशक में कैसे बढ़ाया जाए और यात्रियों की जरूरतें आगे कैसी होंगी। एजेंसी को यह काम 120 दिनों में पूरा करना होगा। इस योजना की खास बात यह है कि मेट्रो सिर्फ अपनी जरूरतें नहीं देख रही बल्कि देश की नई योजनाओं से कदम मिलाकर चल रही है। विजन 2047 में शहरों को तेज, सुरक्षित, पर्यावरणख्रहितैषी और आधुनिक यात्रा से जोड़ने की बात है।

एनसीआर प्लान 2041 में दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद जैसे शहरों के बीच यात्रा समय कम करने और मजबूत जोड़ बनाने पर जोर है। मेट्रो की नई योजना उसी सोच को आगे बढ़ाएगी। अगले 10 साल में मेट्रो अपने नेटवर्क को कई नई दिशाओं में फैलाने की तैयारी कर रही है।सलाहकार एजेंसी यह जांचेगी कि नई लाइनों और नए कॉरिडोर को कहां-कहां बढ़ाया जा सकता है ताकि भविष्य में यात्रियों को तेज व आसान यात्रा मिले। साथ ही बसों, ई-रिक्शा, ऑटो, रेलवे और अन्य परिवहन साधनों से बेहतर जोड़ पर भी जोर रहेगा ताकि यात्रियों को घर से मंजिल तक का सफर आसान हो सके। डीएमआरसी एआई, आईओटी जैसी नई तकनीकों के जरिये ट्रेन संचालन, स्टेशन प्रबंधन व सुरक्षा को और बेहतर करने की दिशा में काम करेगा। यात्रियों के सफर को आसान और आरामदायक बनाने के लिए नई सुविधाएं भी शामिल की जाएंगी। योजना में यह भी शामिल है कि आने वाले वर्षों में मेट्रो कैसे ऊर्जा की बचत कर सकती है।

## एसएसबी की वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित

**नई दिल्ली।** सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी)द्वारा अटल अक्षय ऊर्जा भवन, लोधी रोड, नई दिल्ली के ऑडिटोरियम में 30वीं केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल वाद-विवाद प्रतियोगिता-2025 के फाइनल राउंड का सफल आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के तत्वाधान में आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल से आए प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का विषय था,राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं से समझौता किए बिना अर्धसैनिक बलों द्वारा मानवाधिकारों का पालन किया जा सकता है।

कार्यक्रम में माननीय न्यायमूर्ति (सेवानिवृत), वी. रामसुब्रमण्यन, अध्यक्ष, राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने प्रतिभागियों के विचारों, प्रस्तुति कौशल और विषय पर गहन समझ की सराहना की। विशेष महा.निदेशक, एसएसबी ने कहा कि मानव अधिकारों के सम्मान को सुरक्षा बलों की प्रतिबद्धता और परंपरा का अभिन्न हिस्सा माना जाता है। यह प्रतियोगिता हमारे जवानों को संवैधानिक मूल्यों, मानव गरिमा और सुरक्षा दायित्वों के संतुलन को समझने का अवसर प्रदान करेंगी।

# अस्पताल में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शाहदरा जिला पुलिस ने कथित तौर पर अस्पतालों व अन्य जगहों पर सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी दिलाने के नाम पर युवा से ठगी करने वाले एक गिरोह के सरगना अमर चौधरी को गिरफ्तार कर लिया है।

फिलहाल पुलिस इस गिरोह के अन्य लोगों की तलाश कर रही है ।आरोपी ने शाहदरा के विश्वास नगर इलाके में एक ऑफिस खोला हुआ था जहां पर लोगों से ठगी के नाम पर पैसा वसूलता था ।आरोपी की पहचान अमर चौधरी के रूप में हुई है।शिकायतकर्ता सिंह (39) फर्श बाजार से लेडी हार्डिंग अस्पताल में सिक्योरिटी गार्ड के नाम पर पचास हजार रुपए दिए थे ।लेडी हार्डिंग अस्पताल में ईशा प्रोडक्शनल सिक्योरिटी गार्ड प्रा ,लि, में रुपए देकर नौकरी लगवाने की बात हुई थी। सिक्योरिटी कंपनी के डायरेक्टर सुनील कुमार, कंपनी की मैनेजर लता सैनी भी शामिल बताई जाती हैं।

शिकायतकर्ता प्रेम सिंह ने फर्श बाजार थाने में धोखाधड़ी में जॉब के नाम पर शिकायत की थी । शिकायतकर्ता प्रेम सिंह ने लेडी हार्डिंग अस्पताल के डायरेक्टर को लिखित पत्र में शिकायत की है कि इस कंपनी का तुरंत टेंडर निरस्त किया जाए। क्योंकि ये सबसे भ्रष्ट कंपनी है बेरोजगारों से नौकरी के नाम पर पैसा वसूलते हैं और नौकरी भी नहीं देती है । शाहदरा डीसीपी प्रशांत गौतम ने बताया कि फर्श बाजार थाने में एफआईआर दर्ज कर ली है। जांच में पुलिस जुटी है। क्योंकि प्रेम सिंह ने जब रुपए दिए थे तब ऑडियो- वीडियो बना लिया था । फर्श बाजार के एस एच ओ अजय करण शर्मा की नेतृत्व में टीम गठित कर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। शिकायतकर्ता प्रेम सिंह ने बताया की ईशा प्रोडक्शनल प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड की कंपनी का मुख्य ऑफिस भीकाजी कामा पैलेस में है।

सिक्योरिटी कंपनी के खिलाफ पहले भी नौकरी के नाम पर युवा बेरोजगारों से पैसे वसूले जाते रहे और नौकरी नहीं दी जाती थी जिसके कारण आए दिन हंगामा भी हुआ है इस मामले में पुलिस को तुरंत कार्रवाई करने की मांग प्रेम सिंह और उनके परिजनों ने की है ।ताकि किसी भी बेरोजगार के साथ ठगी ना हो सके।

## बदला लेने को किया था हमला, आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने हत्या के प्रयास मामले को सुलझाकर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।आरोपी के एन के मार्ग थाने का हिस्ट्रीशीटर है और पहले भी दस मामलों में शामिल रहा है। आरोपी ने बदला लेने के लिए चाकू से हमला किया था। दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) पंकज कुमार ने बताया कि 25 नवबर को रात करीब 9:00 बजे, के एन के मार्ग थाने के तहत चाकूबाजी की एक पीसीआर कॉल मिली थी।मौके पर पहुंचने पर, लोकल पुलिस ने पाया कि एक 17 साल का लड़का घायल हो गया था, जिसे उसी इलाके के रहने वाले करण (23) नाम के एक आरोपी ने कई बार चाकू मारा था। पीड़ित और घायल दोनों एक-दूसरे को जानते थे।

उत्तर रेलवे

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे नई दिल्ली – 110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदो के लिए ई – निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र.सं. | निविदा सं. | संछिप्त विवरण | मात्रा | अन्तिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 82255012A | ऑर्थोपेडिक रोबोट फॉर स्पाइन सर्जरी (स्पेसिफिकेशन एज़ पर पीडीऍफ़ अटैच्ड) | 01 | 22.12.2025 |

निविदा शर्तें : 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी। टेंडर नोटिस सं. 82255012A दिनांक: 27.11.2025 3679/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

वरि. मण्डल यांत्रिक इंजीनियर/ उत्तर रेलवे ट्रेनसेट डिपो, शकूरबस्ती, भारत के राष्ट्रपति की ओर से उनके लिए निम्नलिखित कार्य के लिए IREPS साइट (www.ireps.gov.in) पर आमंत्रित की जाती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा संख्या | 2581000TSDSSB | | |
| कार्य का विवरण | ट्रेनसेट डिपो शकरबस्ती में दो वर्षों की अवधि के लिए DEMU/SPIC के अनुरक्षण के दौरान सामान्य फर्निशिंग, बढ़ईगीरी, प्लंबिंग, टिमिंग तथा यात्री सविधा संबंधी कार्य। | | |
| अनुमानित लागत | ₹ 2,71,85,146.80 (GST सहित) | बयाना राशि | ₹ 2,86,000.00 |
| कार्य अवधि | 24 माह | निविदा खुलने की तिथि, समय | 17.12.2025, 15:00 बजे |
| निविदा प्रपत्र डाउन लोड करने के इंटरनेट साइट | उपरोक्त निविदा IREPS साइट पर उपलब्ध है जो कि www.ireps.gov.in दिनांक 25.11.2025, 20:01 बजे से प्रभावी है। | | |

सं.: 2581000TSDSSB दिनांक: 26.11.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3683/2025

# शिक्षा विभाग का बड़ा कारनामा, नाबालिग को दे दी मृतक आश्रित में नौकरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले के बेसिक शिक्षा विभाग में प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़ा करने वाला चौंकाने वाला मामला सामने आया है। विभागीय अधिकारियों की बड़ी लापरवाही के चलते 18 वर्ष पूर्ण करने से पहले ही एक नाबालिग ध्रुव्र को मृतक आश्रित कोटे के तहत नियुक्ति पत्र थमा दिया गया, जिससे पूरे विभाग में हड़कंप मच गया।

मिली जानकारी के मुता. बिक, मृतक आश्रित नियुक्ति प्रक्रिया के तहत ध्रुव्र का नाम नौकरी के लिए आगे बढ़ाया गया। लेकिन नियमों के अनुसार मृतक आश्रित कोटे में नियुक्ति पाने वाले अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होना अनिवार्य है। इसके बावजूद विभागीय अधिकारियों ने बिना आयु सत्यापन की गहन जांच किए, ध्रुव्र को 18 वर्ष की आयु से पहले ही नियुक्ति दे दी। इस नियुक्ति के बाद जब शासन स्तर से जांच शुरू हुई, तो दस्तावेज़ सत्यापन में इस गंभीर खामी का खुलासा हुआ। जांच रिपोर्ट में पाया गया कि ध्रुव्र की आयु नियुक्ति के समय 18 वर्ष से कम थी, जो सेवा नियमों का सीधा उल्लंघन है। जाँच में यह खुलासा हुआ कि आयु सत्यापन में विभागीय अधिकारियों की लाप. रवाही पाई गई। नियुक्ति से पहले मेडिकल, शैक्षिक और आयु प्रमाण पत्र का सही से मिलान तक नहीं हुआ। जांच अधिकारी द्वारा रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद स्पष्ट हो गया कि यह भूल नहीं, बल्कि सिस्टम की गंभीर चूक है। मामले की गंभीरता को समझते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी रितु तोमर ने तत्काल प्रभाव से ध्रुव्र की नियुक्ति को निरस्त कर दिया है और शासन को पूरी जांच रिपोर्ट प्रेषित कर दी है।




बेसिक शिक्षा अधिकारी रितु तोमर ने बताया कि आश्रित द्वारा वास्तविक अभिलेख छुपाए गए जबकि फर्जी अभिलेख तैयार कर विभाग के समक्ष प्रस्तुत किए गए। जिसमे खंड शिक्षा अधिकारी ने उसका परीक्षण करके भेजा। उन्होंने बताया कि आश्रित द्वारा हाईस्कूल की मार्कशीट भी विभाग को प्रस्तुत नहीं की गई। मामला संज्ञान में आने पर आश्रित की नियुक्ति निरस्त की गई है साथ ही आश्रित को कोई भी वेतन भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि आश्रित द्वारा फर्जी अभिलेख तैयार किए गए हैं जिसके लिए वह स्वयं दोषी है। जांच में दो ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एबीएसए योगेश गुप्ता और रचना सिंह की संलिप्तता और लापरवाही सामने आई है। इस प्रकरण के बाद शिक्षा विभाग में अफरा-तफरी का माहौल है। अन्य मृतक आश्रित नियुक्तियों के दस्तावेज़ भी अब पुन: जांच के दायरे में लाए जा रहे हैं। जिले के शिक्षा कर्मचारियों और संगठनों ने भी मामले में पारदर्शिता और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। अब उम्मीद जताई जा रही है कि दोषी अधिकारियों पर सस्पेंशन, वेतन कटौती या विभागीय मुकदमा जैसी कार्रवाई हो सकती है। मृतक आश्रित नियुक्ति प्रक्रिया का नया एसओपी लागू किया जा सकता है। इसी के साथ जिले में अन्य नियुक्तियों का आयु सत्यापन फिर से कराया जाएगा। यह मामला साबित करता है कि यदि एक छोटे से स्तर पर इतनी बड़ी त्रुटि हो सकती है, तो शासन-प्रशासन को अब यह सुनिश्चित करना होगा कि भविष्य में किसी भी नाबालिग को गलत तरीके से नियुक्ति न मिल सके, और नियुक्तियां पूरी तरह नियम आधारित हों।

# किसान के खेत से 35-40 कुंटल गन्ना चोरी, क्षेत्र में दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के अंतर्गत गांव वझीलपुर में बीती रात एक किसान के खेत से भारी मात्रा में गन्ना चोरी होने का मामला सामने आया है। गांव निवासी किसान श्रीभगवान त्यागी पुत्र मंगू सिंह त्यागी के खेत से चोर रात के अंधेरे का फायदा उठाते हुए लगभग पैंतीस से चालीस कुंटल छिला हुआ गन्ना चोरी कर ले गए। चोरी गए गन्ने की अनुमानित कीमत लगभग 15,000 से 16,000 रुपए बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार किसान श्रीभगवान त्यागी रोजाना की तरह आज सुबह अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली के साथ खेत पर गन्ना लेने के लिए पहुंचे। खेत पर पहुंचते ही जब उनकी नज़र उस स्थान पर गई, जहां गन्ना छिलकर रखा हुआ था, तो वहां उन्हें कुछ भी नहीं मिला। गन्ना पूरी तरह गायब था। यह देखते ही किसान स्तब्ध रह गया और कुछ



पल के लिए उन्हें अपने आंखों पर यकीन नहीं हुआ। उन्होंने आसपास भी गन्ने की तलाश की, लेकिन पूरी फसल साफ़ कर दी गई थी। किसान के चेहरे पर चिंता और आक्रोश साफ़ झलकने लगा। इस चोरी की खबर सुबह तेज़ी से पूरे गांव और आसपास के ग्रामीण अंचल में फैल गई। जानकारी मिलते ही राष्ट्रीय सैनिक संस्था, हापुड़ के जिला अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र त्यागी भी घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़ित किसान से बातचीत की। जिला अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र त्यागी ने पुलिस प्रशासन से सख्त मांग की है कि रात के समय खेतों और जंगलों में पुलिस गश्त बढ़ाई जाए। गन्ना चोर गिरोहों की तुरंत धरपकड़ की जाए। किसानों में इस घटना के बाद भय और रोष दोनों है। पीड़ित किसान अब पुलिस जांच पर पूरी तरह निर्भर है और उम्मीद कर रहे हैं कि जल्द ही चोरों का सुराग लगेगा और उनकी मेहनत की फसल की क्षतिपूर्ति भी संभव हो सकेगी। इस बीच संस्था के कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने प्रशासन से कड़ी और त्वरित कार्रवाई की अपील को लेकर आवाज़ बुलंद कर दी है।

# डीएम ने ब्लॉक व तहसीलों का किया सघन निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें के विकास कार्यों में तेजी और योजनाओं की जमीनी हकीकत को परखने के उद्देश्य से डीएम अभिषेक पांडेय ने गुरुवार को जिले के सभी ब्लॉकों एवं तहसील कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एसआईआर के तहत चल रहे प्रोजेक्ट्स की कार्य प्रगति का गहन जायजा लिया और कार्यों की गुणवत्ता, क्रियान्वयन की रफ्तार तथा अभिलेखीय स्थिति की समीक्षा की।



निरीक्षण के दौरान डीएम ने ब्लॉक सिम्भावली, धौलाना, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर सहित सभी क्षेत्रों में पहुंचकर अधिकारियों से कार्य पूरा होने की समय सीमा, बजट उपयोग और फील्ड रिपोर्ट पर विस्तृत चर्चा की। डीएम ने सम्बंधित अधिकारीयों और कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि एसआईआर से जुड़े कार्यों को निर्धारित समय में पूरा किया जाए, निर्माण व सरकारी कार्यों में गुणवत्ता से समझौता न हो। आमजन से प्राप्त शिकायतों का तत्काल समाधान किया जाए और ब्लॉक एवं तहस. ीलों में अभिलेखों का डिजिटलीकरण और रख-रखाव सही हो। डीएम ने निरीक्षण के दौरान जनसुनवाई रजिस्टर भी चेक किया और निर्देश दिया कि हर शिकायत पर समयबद्ध कार्रवाई लिखित रूप में दर्ज की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि विकास कार्यों से संबंधित प्रगति रिपोर्ट हर सप्ताह उनके कार्यालय को प्रेषित की जाए, ताकि निगरानी और समीक्षा अधिक प्रभावी हो सके। डीएम ने कहा कि सरकारी योजनाएं कागजों पर नहीं, जमीन पर दिखनी चाहिए। प्रशासन का दायित्व जनता को सुविधा देना है और इसमें विलंब करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण अभियान के अंत में डीएम ने अधिकारियों से कहा कि आगामी निरीक्षण में प्रगति धरातल पर दिखनी चाहिए, अन्यथा समीक्षा के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# बीमा क्लेम के लिए व्यापारी ने रची अंतिम संस्कार की साजिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** कोतवाली क्षेत्र के पवित्र तीर्थस्थल ब्रजघाट पर गुरुवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब गंगा किनारे अंतिम संस्कार के लिए लाई गई 'लाश' असल में प्लास्टिक का पुतला निकली। इस घटना से जुड़ा वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसके बाद इलाके में यह मामला चर्चा का केंद्र बना हुआ है।

श्मशान घाट पर कार्यरत नितिन के अनुसार, दोपहर करीब दो बजे एक हरियाणा नंबर की कार घाट पर पहुंची। कार में दिल्ली के दो कपड़ा व्यापारी कमल सोमानी और आशीष खुराना अपने दो अन्य साथियों के साथ मौजूद थे। व्यापारी दुकान से घी, कफन, घूप-बाती और संस्कार सामग्री खरीदकर घाट पर पहुंचे और चिता सजाने का आदेश दिया। चिता तैयार होने पर व्यापारी कार से चादर में लिपटा हुआ 'शव' निकालकर सीधे चिता पर लिटाने लगे, लेकिन कफन हटाने से बच रहे थे। नितिन ने शक होने पर जब चादर खोलने को कहा तो व्यापारियों से उसकी तीखी बहस हो गई। काफी देर तक चले विवाद के बाद जब कफन हटाया गया, तो सबके होश उड़ गए। अंदर से दुकान में इस्तेमाल होने वाला प्लास्टिक का पुतला निकला। नितिन ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले दो युवक भाग निकले, जबकि कमल और आशीष को स्थानीय लोगों की मदद से पकड़ लिया गया और पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस की सख्ती पर कमल ने कुबूल किया कि उस पर लगभग 50 लाख रुपये का भारी कर्ज है, जिससे वह मान. सिक तनाव और अवसाद से जूझ रहा था। कर्ज चुकाने के लिए उसने अपने पूर्व कर्मचारी प्रयागराज निवासी अंशुल का आधार और पैन कार्ड बहाने से हासिल किया और एक वर्ष पूर्व टाटा एआईए से बीमा पॉलिसी करवाकर खुद को नॉमिनी बना लिया। कमल ने बताया कि प्लास्टिक का शव जलाने के बाद वह फर्जी मृत्यु प्रमाण-पत्र बनवाकर 50 लाख के बीमा क्लेम की राशि प्राप्त करने की योजना बना रहा था। जांच को आगे बढ़ाते हुए पुलिस ने कमल के मोबाइल से अंशुल से वीडियो कॉल कराई, जिसमें उसने बताया कि वह पूरी तरह सुरक्षित है और कुछ समय से



अपने स्थायी निवास प्रयागराज में रह रहा है। इस कॉल से साजिश की पुष्टि हो गई। गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज बालियान ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपियों से विस्तृत पूछताछ की जा रही है। फरार साथियों की तलाश में दबिश दी जा रही है और मामले की हर संभावित कोण से गहन जांच की जा रही है। जल्द ही आगे की कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# पीएसी जवान से निवेश के नाम पर 6 लाख की साइबर ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में साइबर अपराध का एक और गंभीर मामला सामने आया है, जहां पीएसी में तैनात एक जवान को शातिर साइबर ठगों ने निवेश के नाम पर अपना शिकार बना लिया। ठगों ने जवान से करीब 6 लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी कर ली और रकम हड़पने के बाद संपर्क बंद कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार घटना पिलखुआ कोतवाली क्षेत्र के गांव खेड़ा की है। पीड़ित जवान पीएसी में सेवारत हैं और अपने भविष्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से ऑनलाइन निवेश में रुचि लेने लगे थे। इसी का फायदा उठाते हुए साइबर ठगों ने उन्हें जाल में फंसा लिया। पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए पीएसी के जवान ने बताया कि आइसकॉइन नामक निवेश मंच से जुड़े ठगों ने जवान से टेलीग्राम ऐप के जरिए संपर्क किया, जहां उन्हें तेज मुनाफ़ा और सुरक्षित निवेश का भरोसा दिलाया गया। आइसकॉइन नाम की कंपनी को क्रिप्टो निवेश मंच बताकर जवान को इसमें पैसा लगाने के लिए प्रेरित किया गया। पीएसी जवान को एक लिंक और आइसकॉइन नाम का प्लेटफॉर्म जॉइन कराया गया, जहां शुरुआत में छोटे निवेश पर मुनाफ़ा दिखाया गया ताकि उनका विश्वास मजबूत हो जाए। जैसे ही जवान ने लगभग 6 लाख रुपए निवेश किए, प्लेटफॉर्म ने उनकी निकासी रोक दी और कुछ ही देर बाद टेलीग्राम पर संपर्क भी बंद कर दिया। जब पीएसी जवान को अपनी ठगी का एहसास हुआ तो वे तुरंत पिलखुआ कोतवाली पहुंचे और पूरे मामले की लिखित शिकायत दी। कोतवाली प्रभारी श्योपाल सिंह ने बताया कि यह एक संगठित साइबर फ्रॉड नेटवर्क का मामला प्रतीत होता है, जिसमें टेलीग्राम जैसे माध्यमों का इस्तेमाल कर निवेशकों को लालच दिया जा रहा है। पुलिस टीम, साइबर सेल के सहयोग से आरो. पियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। जल्द ही प्लेटफॉर्म के डिजिटल ट्रेल, बैंक खातों और ट्रांजेक्शन डिटेल के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। इस घटना ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि साइबर ठग सरकारी नौकरी में तैनात जवानों तक को नहीं छोड़ रहे हैं। निवेश के नाम पर हो रही डिजिटल ठगी ने ऑनलाइन वित्तीय सुरक्षा पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। पुलिस द्वारा जिले में साइबर जागरूकता अभियान चलाने की मांग भी तेज होने लगी है।

# महिला सशक्तिकरण का सशक्त स्तम्भ है नारी शक्ति केंद्र: पूनम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** डाबर द्वारा वित्त पोषित स्वयं सेवी संस्था संदेश ने गाँव शौलाना में नारी शक्ति कटाई ब्यूटीशियन प्रशिक्षण केंद्र के शुभारंभ किया। केंद्र का शुभारंभ संदेश की सचिव पूनम सिंह परिहार, वरिष्ठ लेखाकार शिवचेत तोमर ने दीप प्रज्वलित व फीता काटकर किया। ब्यूटीशियन प्रशिक्षण केंद्र के उद्घाटन व कटाई सिलाई प्रशिक्षण के प्रमाणपत्र वितरण अवसर पर पूनम सिंह परिहार ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए अच्छी पढ़ाई के साथ साथ उसमे हुनर विकास होना भी आवश्यक हैं। क्योंकि आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं का घर से बाहर रोजगार के लिए जाना बहुत कठिन कार्य है। इन सभी समस्याओं व विसंगतियों को ध्यान



में रखते हुए संदेश संस्था ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशिक्षण केंद्र के माध्यम से महिलाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें घर पर ही स्वरोजगार करने के लिए तैयार करने का काम करती है। शौलाना में संस्था द्वारा विकास के बहुत से कार्य किये गये है। हुनर विकास के माध्यम से अब तक 500 से अधिक नवयुवतियों व महिलाओं को प्रशिक्षित के उन स्वाबलंबी बनाया गया है। आज नारी शक्ति ब्यूटीशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन के अवसर पर कटाई सिलाई का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी 30 नवयुवतियों व महिलाओं को प्रमाणपत्र वितरण किये गए। इस अवसर पर नारी शक्ति कटाई सिलाई की अनुदे. शिका अंजना देवी व ब्यूटीशियन प्रशिक्षण केंद्र अनुदेशिका काजल के साथ सभी प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहे।

## एक नजर

### ऑपरेशन तलाश के तहत 6 साल से फरार वारन्टी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑपरेशन तलाश अभियान के तहत थाना सिम्भावली पुलिस ने 6 वर्षों से फरार चल रहे एक वारन्टी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता प्राप्त की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि सिम्भावली पुलिस ने एक सक्रिय वारन्टी सलमान पुत्र इस्लाम, निवासी ग्राम अनुप. पुर डिबाई, थाना सिम्भावली, जनपद हापुड़ को उसके घर से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी लंबे समय से अदालत में पेश नहीं हो रहा था, जिसके चलते उसके खिलाफ वारंट जारी किया गया था और पुलिस उसकी लगातार तलाश कर रही थी। सटीक सूचना और पुलिस टीम की त्वरित कार्रवाई के बाद आरोपी को उसके मस्कन से दबोच लिया गया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है तथा नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है।

### एसपी ने पैदल मार्च कर दिया पुलिस सुरक्षा का भरोसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के सभी गांव व कस्बों में मिश्रित आबादी के मोहल्लों में पुलिस बल ने पैदल गश्त की। इस दौरान लोगों को पुलिस ने सुरक्षा का भरोसा दिलाया। एसपी ने गढ़ में पुलिस बल के साथ गश्त की। बुधवार शाम छह बजे एसपी ज्ञानंज्य सिंह ने गढ़ नगर पहुंच कर पैदल मार्च किया, इस दौरान उन्होंने जिले के सभी थानों को अपने-अपने थानाक्षेत्रों में मिश्रित आबादी के क्षेत्र में पैदल गश्त करने के निर्देश दिए। जिस पर सभी थाना प्रभारियों ने अपने थाना क्षेत्रों में भारी पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की। गश्त के दौरान पुलिस ने मोहल्लों में रहने वाले नागरिकों से कुशलता और उनकी समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली। एसपी ने स्वयं नगर के नक्का कुंआ रोड मार्ग पर पैदल गश्त करते हुए लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इसके अलावा बहादुरगढ़ में धीरज मलिक और सिंभावली में सुरेश कुमार ने पुलिस बल के साथ पैदल मार्च किया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई छात्रा का तीन दिन बाद भी नहीं लग सका कोई सुराग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** तहसील क्षेत्र के एक गांव में तीन दिन पूर्व छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई थी। छात्रा के परिजन द्वारा उसको काफी तलाश किया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। मां ने कोतवाली में गांव निवासी युवक पर बेटी को बहला फुसला कर ले जाने का आरोप लगा रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद भी छात्रा का तीसरे दिन भी कोई सुराग नहीं लग सका है। वहीं पुलिस का कहना है कि छात्रा को शीघ्र ही बरामद कर लिया जाएगा।

### वांछित चल रहे आरोपी को सिंभावली पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि जनपद बिजनौर के पूरनपुर निवासी आदिल के खिलाफ थाने में प्रति. बंध पेड़ों को चोरी से काटकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। आरोपी उस मामले में वांछित चल रहा था, आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### कैंटिन संचालक पर लगाया हमला करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** तहसील क्षेत्र के गांव बक्सर निवासी सचिन ने बताया कि मंगलवार को वह किसी कार्य से गांव के निकट मध्य गंग नहर पटरी पर जा रहा था। वहां शराब ठेके के निकट कैंटिन संचालक उसको देखकर गाली गलौज करने लगा। उसने विरोध किया तो आरोपी ने हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# हत्या के मामले में तीन आरोपियों को आजीवन कारावास, 3.81 लाख का लगा जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस ने प्रदेश में चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत हत्या के एक बहुचर्चित मामले में प्रभावी पैरवी और गुणवत्तापूर्ण विवेचना के दम पर तीन आरोपियों को सजा दिलाकर बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

मामले की सुनवाई कर रहे एडीजे/एफटीसी द्वितीय कोर्ट, हापुड़ ने तीनों आरोपियों आनन्द पुत्र शिवकुमार, छत्रपाल उर्फ छतरू पुत्र शिवकुमार और मनीष पुत्र आनन्द, निवासी ग्राम गिरधरपुर तुमरैल को हत्या के अपराध में दोषी मानते हुए आजीवन सश्रम कारावास व दोनों पर 1 लाख 27 हज़ार रूपये कुल 3 लाख 81 हज़ार रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया है। पुलिस के अनुसार, 26 नवंबर 2019 को थाना हाफिजपुर क्षेत्र के ग्राम गिरधरपुर तुमरैल में इन आरोपियों द्वारा मुक. दमा वादी के भाई की गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। घटना बेहद दुस्साहसिक थी, जिसने इलाके में सनसनी मचा दी थी। 15 फरवरी 2020 को आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था। मामले में आरोपी आनन्द और छत्रपाल उर्फ छतरू के कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध हथियार भी बरामद किए गए थे। हथियार बरामदगी के चलते न्यायालय ने हत्या की सजा और जुर्माने के अतिरिक्त, दोनों आरोपियों पर 6,000- 6,000 कुल 12,000 का अतिरिक्त जुर्माना भी लगाया है।

# सर्दियों में अपने दिल का रखें ख्याल: डा. दिनेश कुमार भारती

**रोबिन शर्मा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सर्दी का मौसम सेहत के लिए अच्छा होता है लेकिन दिल के मरीजों को हार्ट अटैक बढ़ने की संभावना इस मौसम में ज्यादा होती है। एक अनुमान के मुताबिक सर्दियों में हार्ट अटैक का खतरा गर्मी के मौसम की तुलना में लगभग 52 फीसदी ज्यादा बढ़ जाता है। इसलिए अपने खानपान, दिनचर्या में इन दिनों खास ध्यान रखने की जरूरत होती है।



डा. दिनेश कुमार भारती ने बताया कि हार्ट अटैक हर समय छाती में दर्द के साथ ही आए ऐसा जरूरी नहीं है। कई और लक्षण ऐसे हैं, जिन्हें अक्सर लोग हल्के में लेते हैं, जैसे यदि कंधों या हाथ में दर्द को कई बार हम यह समझ लेते हैं कि शायद गलत ढंग से सोने के कारण ऐसा हुआ है तो यह नहीं है। कई बार कंधों व बाजुओं में दर्द होने के साथ ही कमर, जबड़े या गले में दर्द होना भी हार्ट अटैक के लक्षण हैं। अक्सर इन लक्षणों को आमलोग नहीं समझ पाते हैं, कई बार डेन्टिस्ट के पास यह सोचकर चल जाते हैं कि ठंड की वजह से दांत में दर्द है। हांलाकि डाइबिटीज के मरीजों में यह लक्षण नहीं पाए जाते हैं। हार्ट अटैक के इन लक्षणों के समय भी मरीज को जितना जल्दी हो सके डिस्प्रिन की गोली देना फायदेमंद है। इससे खून का धक्का नहीं जमता है। यह खून का थक्का घोलने की प्रक्रिया भी शुरू कर देता है। सर्दी के मौसम में हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है। ठंड हमारे शरीर के सिम्पथेटिक सिस्टम को उत्तेजित करता है, जिससे हार्ट में रक्त का प्रवाह काफी बढ़ जाता है। इसलिए यह जरूरी है कि तेज ठंड में काफी जल्दी सुबह घूमने न जाएं। बेहतर है कि गर्म कपड़े पहनकर एवं थोड़ी धूप निकलने पर ही व्यायाम करें। अक्सर लोग सोचते हैं कि केवल वसा युक्त भोजन लेने से ही हृदय संबंधी रोग होने का खतरा बढ़ जाता है, लेकिन हाल ही में हुए शोध से पता चला है कि, वसा युक्त भोजन से ज्यादा कार्बोहाइड्रेट यानि ज्यादा शुगर युक्त भोजन हृदय संबंधी रोगों का एक बड़ा कारण हैं। हार्ट अटैक के लक्षणों को पहचानें। किसी भी तरह के छाती में दर्द, अत्यधिक पसीना या सांस फूलने पर सतर्क हो जाएं। हार्ट डिजीज के मरीज इमरजेंसी मेडिसिन जैसे जीभ के नीचे रखने वाली नाइट्रेट अपने साथ रखें व तुरंत आवश्यकतानुसार उपयोग करें।

# यातायात नियमों की उड़ रही धज्जियां, प्रशासन मौन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** तहसील क्षेत्र में वाहन चलाते समय बरती जा रही बड़ी लापरवाही के चलते कई बार सड़क हादसा होने के बाद भी वाहन चालक यातायात नियमों का पालन नहीं कर रहे है। जो कि यातायात नियमों की जमकर धज्जियां उड़ा रहे है।

न तो हेलमेट के प्रति जागरूकता है, और न ही सीट के प्रति कोई सजग है। वहीं कोई ही ऐसा बाइक सवार सड़क से गुजरता है जिस पर तीन से चार सवारी न हो। इसके सबके बावजूद जिम्मेदार मौन हैं। हैरानी की बात यह है, कि पिछले बारह महीनों के भीतर तहसील क्षेत्र से लाखों रुपये का जुर्माना वसूला जा चुका है। इसके बाद भी वाहन चालक सबक लेने को तैयार नहीं हैं। क्षेत्र में डग्गामार वाहन खूब फर्राटा भर रहे हैं। इन पर पुलिस व परिवहन अधिकारीयो का अंकुश नहीं रह गया है। सीट से अधिक सवारियों को बैठाने वाले चालकों पर किसी भी कार्रवाई का भय नहीं रह गया है। जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। निजी वाहनों वाले चालक चंद पैसे ज्यादा कमाने की चाह में क्षमता से अधिक सवारी भर लेते हैं,और सवारियों को पीछे खड़ा कर लेते हैं। इसी कारण अक्सर संतुलन बिगड़ जाता है और वाहन हादसे के शिकार हो जाते हैं। इस संबंध में सीओ स्तुति सिंह का कहना है, कि सवारियों को लटकाकर चलने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। साथ ही एआरटीओ से वार्ता कर ऐसे वाहन स्वामियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। जो नियम विरुद्ध सवारियों को बैठाते हैं।

## सोशल मीडिया पर धमकी देने का आरोप लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के गांव ओरंगाबाद निवासी विरेंद्र सिंह ने बताया कि उनके गांव निवासी युवक उनसे रंजिश रखता है। समय समय पर आरोपी उनका धमकी दे चुका है। पीड़ित ने बताया कि अब आरोपी ने सोशल मीडिया के माध्यम से उनको जान से मारने की धमकी देकर वीडियो वायरल की है। पीड़ित ने धमकी के बाद आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर जांच शुरू कर दी है।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर प्रताड़ित व मारपीट करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के गांव निवासी विवाहिता ने अपने पति, जेठ और जेठानी पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने उसका गला दबाकर हत्या का प्रयास किया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी महिला ने एसपी को दिए शिकायत पत्र में उल्लेख किया है कि उसकी शादी तीन फरवरी 2025 को जनपद बुलंदशहर थाना औरंगाबाद के एक गांव निवासी युवक से हुई थी। मायके पक्ष ने शादी में हैसियत अनुसार दान दहेज दिया था। शादी में दिए गए दान दहेज को लेकर जेठ, जेठानी समेत अन्य ससुराल पक्ष के लोग खुश नहीं हुए और दो लाख रुपये की अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर उसका जेठ आए दिन उसके साथ छेड़छाड़ करता और दुष्कर्म का प्रयास किया। पीड़िता ने बताया कि 17 सितंबर को उसके पति, जेठ और जेठानी उसके साथ पिटाई कर गला दबाते हुए हत्या का प्रयास किया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## 20 से अधिक किसानों के नलकूपों पर चोरी करने वाले आरोपियों को नहीं तलाश पाई पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव माधापुर के जंगल में करीब 20 किसानों के नलकूप से चोर स्टार्टर चोरी कर ले गए, लेकिन पुलिस तीसरे दिन भी चोरों को नहीं पकड़ सकी है। हालांकि पुलिस ने अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। बता दें कि गांव माधापुर के किसान मंगलवार की सुबह को खेत पर गए थे। जहां किसानों ने अलग अलग कुल 20 से अधिक किसानों के नलकूप से स्टार्टर चोरी हुए पाए। उनको देख किसानों ने पुलिस को मामले की जानकारी दी। पुलिस के अलावा एसओजी की टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए मामले की जांच शुरू की। वहीं तीसरे दिन भी चोरों का कोई सुराग नहीं लग सका है। ग्रामीणों ने चोरों को शीघ्र ही पकड़ने की मांग की है। थाना प्रभारी सुरेश चंद ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का पर्दाफाश किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री ने सुपर स्पेशियलिटी मेदांता अस्पताल का किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले प्रदेश की पहचान वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया के रूप में थी जिसे अब बदलकर वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज कर दिया गया है। बृहस्पतिवार को सेक्टर-50 में एक निजी अस्पताल के उद्घाटन समारोह में पहुंचे मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के हर जनपद में मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जा रहे हैं। हाउसिंग नियमों में संशोधन कर सात मीटर चौड़ी सड़क पर भी अस्पताल बनाने की अनुमति दी गई है। प्रदेश सरकार ने मेडिकल सुविधाओं के साथ कनेक्टिविटी को भी प्राथमिकता दी है।



उन्होंने कहा कि प्रदेश के करीब 10 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत जोड़ा गया है। इसके अलावा सरकार आईआईटी कानपुर के साथ मिलकर स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने पर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया तेजी से आगे बढ़ रही है और स्वास्थ्य के क्षेत्र में पीछे रहना संभव नहीं है। आठ वर्ष पहले गरीब व्यक्ति इलाज के लिए अपनी संपत्ति बेचने और जेवर गिरवी रखने को मजबूर था। लोग इलाज कराने के लिए पत्र लिखवाने के लिए आते थे। लेकिन पिछले 6ख7 वर्षों में आयुष्मान भारत योजना के तहत देश भर में 50 करोड़ लोगों को 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिली है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में वंचित तबके को भी स्वास्थ्य सुविधाओं से जोड़ने के लिए राज्य सरकार ने कई कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री राहत कोष से एक वर्ष में 1300 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की गई है। आज प्रदेश में गरीब से गरीब व्यक्ति भी बेहतर इलाज पा रहे हैं यह डबल इंजन सरकार की गारंटी है। कोविड काल में वर्चुअल आईसीयू और सामान्य रोगियों के लिए टेली-कंसल्टेशन जैसी सुविधाएं शुरू की गईं।

**इंसेफलाइटिस पर किया गया कार्य:** मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले पूर्वी उत्तर प्रदेश में बारिश के समय इंसेफलाइटिस से हर साल 1200 से 1500 बच्चों की मौत हो जाती थी। 1998 में पहली बार सांसद बनने के बाद जब वह अस्पताल पहुंचे तो एक वार्ड की स्थिति देखकर दंग रह गए थे। एक-एक बेड पर तीन-चार बच्चे भर्ती थे। उन्होंने बताया कि संसाधनों की कमी की बात कहकर प्रिंसिपल काम चला रहे थे। समय के साथ सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं फिर भी मौतें कम नहीं हो रही थीं। मुख्यमंत्री बनने के बाद इस मुद्दे के समाधान के लिए तीन अलग-अलग टीमें गठित की गईं। 40 वर्षों में लगभग 50 हजार बच्चों की जान लेने वाली यह बीमारी केवल दो वर्षों में काफी हद तक नियंत्रित कर दी गई है। आज अस्पतालों में सुविधाएं पहले से कहीं बेहतर हैं।

**बचाव के लिए जागरूकता जरूरी:** मुख्यमंत्री ने कहा कि मरीज डॉक्टर पर पूरा विश्वास करता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि उनके गुरुजी तभी अस्पताल जाते थे जब डॉक्टर उन्हें बुलाते थे। उपचार महत्त्वपूर्ण है, लेकिन उससे भी अधिक आवश्यक है लोगों को बीमारी से बचाव के बारे में जागरूक करना।

उन्होंने कहा कि डॉक्टरों को यह शक्ति ईश्वर ने दी है कि वे किसी की जान बचा सकते हैं और इस शक्ति का उपयोग समाज के हित में होना चाहिए। पूर्वी उत्तर प्रदेश में अस्पतालों का विस्तार किया गया है और आगे भी सरकार हर संभव सहयोग करेगी।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का स्थलीय निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को गौतम बुद्ध नगर के जेवर में निर्माणाधीन नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का व्यापक स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने टर्मिनल, उद्घाटन समारोह स्थल, सुरक्षा प्रबंधन, यातायात व्यवस्था और विभिन्न निर्माण गतिविधियों की वास्तविक प्रगति का बारीकी से अवलोकन किया।



निरीक्षण के उपरांत मुख्यमंत्रीने एयरपोर्ट के बोर्डरूम में मंत्री नगर विमानन मंत्रालय, सचिव नगर विमानन मंत्रालय, अपर मुख्य सचिव नागरिक उड्डयन, निदेशक नागरिक उड्डयन, डीजी डीजीसीए, डीजी नगर विमानन सुरक्षा, डीआईजीसीआईएसएफ, एयरपोर्ट एथोरिटी ऑफ इंडिया, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के सीईओ और नोडल ऑफिसर, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन तथा निर्माण एजेंसी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में परियोजना की वर्तमान स्थिति, आगामी कार्ययोजना और उद्घाटन समारोह की तैयारियों पर विस्तृत पावर प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी प्रस्तुत की गई। परियोजना की प्रगति पर समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश देते हुए कहा कि ब्यूरो आफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी और सीआईएसएफ अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर सभी सुरक्षा मानकों को तत्काल पूर्ण किया जाए और शीघ्रा. तिशीघ्र सिक्योरिटी क्लीयरेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया पूरी की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि "एयरपोर्ट प्रदेश की महत्वाकांक्षी परियोजना है, इसलिए जहां भी सुरक्षा या अन्य कार्य शेष हैं, उन्हें तेज गति और सर्वोत्तम गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए।"

इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग के मंत्री बृजेश सिंह, विधायक जेवर धीरेन्द्र सिंह, राज्यसभा सांसद सुरेन्द्र नागर, अपर मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश दीपक कुमार, मण्डलायुक्त मेरठ मण्डल मेरठ भानू चंद्र गोस्वामी, पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह, जिलाधिकारी मेधा रूपम सहित शासन, प्रशासन एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एक्सपो मार्ट के पास से दो बदमाश गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा।** नॉलेज पार्क कोतवाली पुलिस ने मोबाइल चोर गिरोह का खुलासा कर दो बदमाशों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से सात मोबाइल और एक तमंचा बरामद हुआ। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम ने गुरुवार को एक्सपो मार्ट के पास से शाहिद उर्फ चऊआ निवासी झुग्गी झोपड़ी सूरजपुर और मौहम्मद अफसर निवासी बिहार को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी मोबाइल चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। पुलिस इनके अपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी जुटा रही है।

## विपिन के अन्य महिला से संबंध के विरोध पर होता था विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** सिरसा गांव में चर्चित निक्की भाटी हत्याकांड में कासना पुलिस ने कोर्ट में 500 पेज की चार्जशीट दाखिल की है। इसमें आरोपी पति विपिन भाटी के चरित्र और व्यवहार से जुड़े कई खुलासे हुए हैं।

चार्जशीट के अनुसार विपिन के अन्य महिलाओं से संबंध थे। इसकी जानकारी निक्की को हो गई थी। जब वह विरोध करती तो विपिन उससे विवाद के बाद पीटता था। निक्की जब शिकायत लेकर सास दया, ससुर सतवीर और जेठ रोहित के पास जाती, तो सभी विपिन का पक्ष लेते थे। इसके चलते सिलसिला बढ़ते-बढ़ते हत्या की साजिश तक जा पहुंचा था।

दादरी के रूपवास गांव निवासी भिकारी लाल ने अपनी दोनों बेटियों निक्की भाटी और कंचन की शादी 9 सितंबर 2016 को सिरसा निवासी विपिन भाटी और उसके भाई रोहित से की थी। शादी के बाद ससुरालियों ने दोनों बहनों को ब्यूटी पार्लर खोलने की सहमति दी थी। पार्लर चलने लगता और बहनों की आमदनी बढ़ने लगी तो ससुराल पक्ष में यह बात खटकने लगी। चार्जशीट के अनुसार विपिन और अन्य आरोपी ने उन्हें घर का खर्चा देना भी बंद कर दिया था। निक्की और कंचन अपने पार्लर के प्रचार-प्रसार के लिए सोशल मीडिया पर वीडियो भी पोस्ट करती थीं। इस बीच विपिन के जारचा कोतवाली क्षेत्र की एक युवती से संबंध होने की जानकारी निक्की को मिली। इसके बाद निक्की ने इसका विरोध किया तो वह उसे पीटने लगा। हालात बिगड़ने पर दोनों बहनें मायके चली गईं थी। इसके बाद आरोपी पक्ष समाज के लगभग 45 लोगों की पंचायत लेकर मायके पहुंचा और दोनों को मनाकर वापस ले आया। पंचायत में विपिन-निक्की को प्रेमपूर्वक साथ रहने की सलाह दी गई थी। ससुराल पहुंचते ही कुछ समय बाद विपिन ने दोबारा अन्य महिलाओं से संपर्क बढ़ा लिया। निक्की ने फिर विरोध किया तो मारपीट और प्रताड़ना का दौर शुरू हो गया।

**रील बनाने को लेकर कई बार हुआ था विवाद:** घटना के बाद से निक्की का फोन गायब था। यह फोन निक्की के परिवारजन से मिला और पुलिस ने उसे जांच में शामिल किया है। फोन से तीन इंस्टाग्राम आईडी चल रही थी। मोबाइल में कुल 1010 फोटो और 504 वीडियो मिले। दोनों बहनों कंचन और निक्की को मेकअप, पार्लर और रील बनाने का शौक था। ससुराल वाले खासकर पति विपिन और ससुर सतवीर विरोध करते थे। एक बार फरवरी 2025 में झगड़ा इतना बढ़ा कि दोनों बहनें मायके चली गईं थी।

आरोपी पक्ष के अधिवक्ता अमित भाटी बोड़ाकी ने बताया कि आगामी सोमवार को सत्र न्यायालय में जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करेंगे। कोई भी आरोपी घटना के समय घर में मौजूद नहीं था। जिसके सीसीटीवी फुटेज एवं अहम साक्ष्य मौजूद है। घटना में विपिन एवं उनके परिजन शामिल नहीं हैं। उन्हें झूठा आरोपी बनाया है। न्यायालय पर भरोसा है। आरोपियों की जमानत जल्द न्यायालय से मंजूर होगी। सभी आरोपी दोष मुक्त होगे।

## एक नजर

### लंबी बीमारी के चलते वरिष्ठ पत्रकार का निधन



**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा मीडिया क्लब के सदस्य और वरिष्ठ पत्रकार बलवीर सिंह का बृहस्पतिवार सुबह लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। उनकी सेहत पिछले कई महीनों से लगातार गिरती जा रही थी, और उपचार के बावजूद हालत में सुधार नहीं हो सका। उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे मीडिया समुदाय में शोक की गहरी लहर दौड़ गई। बलवीर सिंह नोएडा के तिगरी गोल चक्कर के पास स्थित साईं उपवन सोसाइटी में अकेले रहते थे, जबकि उनका परिवार बिहार में निवास करता है। बीमारी के दौरान भी वे अपने कार्य और जिम्मेदारियों के प्रति हमेशा गंभीर रहते थे।

### सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत




**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** शहर में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-15ए निवासी अन्नू दास ने फेज-1 थाने की पुलिस को बताया कि उसके पति सागर दास 23 नवंबर की शाम ई-रिक्शा से जा रहे थे। डीएनडी की तरफ से आने वाले मार्ग पर हनुमान मंदिर के निकट अचानक एक कार चालक ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में सागर दास और दो अन्य लोग घायल हो गए। उपचार के दौरान सागर दास की मौत हो गई। वहीं, अगापुर गांव निवासी गुड्डू कुमार महतो के पिता कल्लू महतो 20 नवंबर की शाम सेक्टर-100 के निकट पैदल जा रहे थे। अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। गंभीर हालत में उन्हें दिल्ली रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान कल्लू महतो की मौत हो गई। वहीं, देव पांडेय के पिता मुकेश कुमार पांडेय 20 नवंबर की रात ड्यूटी समाप्त करके घर लौट रहे थे। सेक्टर-40 जाने वाले मार्ग पर बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में पिता की मौत हो गई। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### महिला के अश्लील वीडियो-फोटो सोशल मीडिया पर वायरल किए

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** फेज-2 थाना क्षेत्र में रहने वाली पश्चिम बंगाल की महिला को युवक से दोस्ती तोड़ना भारी पड़ गया। आरोपी ने उसके अश्लील वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। महिला के पति ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। सेक्टर-93 स्थित गांव में रहने वाले पीड़ित ने पुलिस को बताया कि वह मूलरूप से पश्चिम बंगाल के जिला मुर्शिदाबाद के रहने वाले हैं। पत्नी की पूर्व में युवक अनस खान से दोस्ती थी। दोनों वीडियो कॉल पर बात करते थे। शुरू में उनको इसकी जानकारी नहीं थी। जब जानकारी हुई तो उन्होंने पत्नी को समझाया, तब जाकर दोनों के बीच बातचीत बंद हुई। पीड़ित का कहना है कि उन्होंने 13 नवंबर को पत्नी को पश्चिम बंगाल जाने वाली ट्रेन में बैठाया।

उसके कुछ देर बाद ही पत्नी ने फोन करके बताया कि अनस उसके अश्लील फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर रहा है। आरोपी ने उनके व्हाट्सऐप नंबर पर भी अश्लील फोटो और वीडियो भेजकर बदनाम करने का प्रयास किया। शिकायतकर्ता का कहना है कि आरोपी अब व्हाट्सऐप कॉल करके धमकी दे रहा है। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पर्यावरण प्रेमी विक्रांत तोंगड़ की सालों की मेहनत लाई रंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** मेहनत रंग लाती है जिसकी बानगी एक बार फिर पर्यावरण प्रेमी विक्रांत तोंगड़ के रूप में देखने को मिली है। सूरजपुर में डीसीएम डेबू कंपनी के परिसर में लगभग दो साल पूर्व अवैध रूप से लगभग 1000 पेड़ों को काट दिया गया था। मामले में विक्रांत ने शिकायत दर्ज कराई थी। एनजीटी के द्वारा लगातार मामले की सुनवाई की रही थी। सुनवाई के बाद एनजीटी ने आदेश दिया है कि कंपनी परिसर के आस-पास काटे गए पेड़ों की संख्या के बराबर पौधे लगाकर उनका विकास कराया जाए। साथ ही लगाकर उनका विकास सुनिश्चित करना होगा।

UPSIDA को निर्देश दिया है कि भविष्य में इस प्रकार की अवैध पेड़ कटाई न हो, इसके लिए कंपनी क्षेत्र में उचित फेंसिंग और गेट्स तीन महीने के भीतर स्थापित किए जाएं। मामले की जांच में यह भी सामने आया कि था कि पेड़ शकुंतलम बिल्डर के कहने पर कुछ ठेकेदारों द्वारा बिना वन विभाग की छब्ब के काटे गए थे।

इसी आधार पर शकुंतलम बिल्डर के निदेशकों, संबंधित पदाधिकारियों तथा पेड़ कटान में लिप्त व्यक्तियों के खिलाफ अलग से थ्प्ट दर्ज हुई थी, जिस पर कार्रवाई चल रही है। हालांकि शकुंतलम बिल्डर ने इस आरोप को लिखित एफिडेविट में खारिज किया था। पेड़ काटने की घटना के बाद पुलिस व वन विभाग ने डीसीएम परिसर के गेट को सील कर दिया था, बाद में पूरा गेट ही चोरी हो गया था।

## दुकान में लगी आग

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे के लंबा बाजार में बुधवार रात एक जूते के शोरूम में आग लग गई। इस घटना में लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग को अन्य दुकानों तक फैलने से रोक लिया गया।

कस्बे के निवासी मुकेश मित्तल का लंबा बाजार में यह जूते का शोरूम है। बुधवार देर शाम वह रोज की तरह दुकान बंद कर अपने घर चले गए थे। देर रात करीब 1 बजे उन्हें दुकान में आग लगने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि आग ने विकराल रूप ले लिया था, जिससे उनका लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया।।फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई, जिसने काफी मशक्कत के बाद आग बुझाई।

## प्राधिकरण की गाड़ी में लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-37 स्थित गोल्फ कोर्स मेट्रो स्टेशन के पास गुरुवार दोपहर सफाई करने वाली नोएडा प्राधिकरण की गाड़ी में अचानक आग लग गई। सूचना पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप चौधरी ने बताया कि गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे गोल्फ कोर्स मेट्रो स्टेशन के पास एक वाहन में आग लगने की सूचना मिली। सूचना पर विभाग के कर्मचारी दो गाड़ी लेकर पहुंचे। मौके पर जाकर देखा तो पता चला कि चालक पहले ही गाड़ी से कूद चुका था।



करीब आधे घंटे में आग पर काबू पाया। इसके बाद पुलिस की मदद से क्षतिग्रस्त वाहन को सड़क से हटवाया।

चालक ने बताया कि वह सड़क किनारे एकत्र हुई मिट्टी को गाड़ी की मदद से उठा रहा था। अचानक गाड़ी के इंजन से धुआं उठने लगा। जब तक वह कुछ समझ पाता, तब तक आग की लपटें उठना शुरू हो गईं। चालक ने फौरन गाड़ी से उतरकर दमकल विभाग को सूचना दी। गाड़ी में आग किन कारणों से लगी, इसकी जांच कराई जा रही है। हालांकि, शुरुआती जांच में यह माना जा रहा है कि गाड़ी के तारों में आग लगने के चलते हादसा हुआ।

## सेना के जवानों ने किया शहीद की बेटी का कन्यादान

### आतंकी हमले में जान गंवाई थी, पंजाब के 50 जवान नोएडा में शादी में शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के डाबरा गांव में मंगलवार को शहीद सुरेश सिंह भाटी की बेटी की शादी हुई। पंजाब से सेना के 50 जवान इस समारोह में शामिल होने के लिए नोएडा आये थे। उन्होंने शहीद की बेटी का कन्यादान किया। फंक्शन की पूरी जिम्मेदारी संभाली। यह दृश्य देखकर शादी में आए लोग भावुक हो गए।



मंगलवार को शहीद सुरेश भाटी की बेटी मुस्कान की शादी ग्रेटर नोएडा के कासना गांव निवासी पवन चपराना से हुई। शादी में शामिल होने के लिए सेना के जवानों को भी निमंत्रण भेजा गया था। जिसके बाद वह शादी में शामिल होने के लिए घर पहुंचे थे। उन्होंने शादी के दौरान पिता की सभी रस्में निभाई।जवानों ने शहीद सुरेश भाटी की बहादुरी के किस्से सुनाए और उनके बेटे हर्ष भाटी को भी अपने पिता के नक्शे कदम पर चलने के लिए प्रेरित किया। यह शादी आसपास के गांवों में चर्चा का विषय बनी हुई है।

शहीद सुरेश सिंह भाटी के भाई पवन भाटी ने बताया कि सुरेश सिंह भाटी 2006 में कश्मीर के बारामूला में एक आतंकी हमले में शहीद हो गए थे। उनका बेटा हर्ष भाटी भी सेना में है और वर्तमान में बारामूला में ही तैनात होकर देश सेवा कर रहा है।

## बिल्डर से 60 लाख ठगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** साइबर अपराधियों ने बिल्डर से ऑनलाइन स्टोर चेन में निवेश कराने के नाम पर 60 लाख रुपये ठग लिए। मुनाफे समेत पूरी रकम नहीं निकलने पर पीड़ित को ठगी का पता चला। पीड़ित ने साइबर अपराध थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। सेक्टर-43 में रहने वाले मनोज ने पुलिस को बताया कि वह बिल्डर हैं। वह 20 अगस्त को फेसबुक से माही नाम की महिला ठग के संपर्क में आए। उसके बाद व्हाट्सऐप पर बात होने लगीं। ठग ने ऑनलाइन स्टोर से जुड़कर खुद कारोबार करने और 15-20 प्रतिशत तक लाभ होने की जानकारी दी। मनोज को भी अपनी गारंटी पर कारोबार करने के लिए तैयार कर लिया।

मनोज ने ठग के कहने पर विश शॉप नाम के स्टोर पर एकमुश्त सामान खरीदना शुरू कर दिया। 24 घंटे में ही ऑनलाइन सामान बेच दिया। पहली ही डील पर मनोज को 20 प्रतिशत का लाभ हुआ। रकम बैंक में खाते में ट्रांसफर होने पर मनोज का विश्वास बढ़ने लगा। मनोज ने 24 नवंबर तक 22 बार में 60 लाख रुपये निवेश कर दिए। जालसाजों द्वारा डाउनलोड कराए गए ऐप पर 1.10 करोड़ रुपये दिखने लगे तो मनोज ने मुनाफे समेत रकम निकालने का आवेदन किया। ठगों ने कर के रूप में 11 लाख जमा कराने को बोला।

मनोज के रकम जमा नहीं करने पर ठगों ने यूएस सरकार द्वारा ऐप खाता बंद करने की बात कहकर डराया। खुद भी 11 लाख में से आठ लाख रुपये जमा करने की बात कही, लेकिन शक होने पर मनोज ने रकम नहीं दी तो ठगों ने संपर्क तोड़ दिया। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने एनसीआरपी पोर्टल और साइबर क्राइम थाना पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। ठगी में संलिप्त बैंक खातों की जानकारी जुटाई जा रही है।

## सात महीनों में 13653 वाहनों का चालान, 2256 जब्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिलेभर में पिछले सात महीनों में बिना फिटनेस और नियमों का उल्लंघन कर रहे 13,653 वाहनों पर सख्ती दिखाते हुए परिवहन विभाग ने चालान किया है। वहीं 2,256 वाहनों को जब्त किया गया है। इस कार्रवाई के तहत अब तक कुल 5.65 करोड़ रुपये का राजस्व वसूला गया।

परिवहन विभाग के आकड़ों के अनुसार 18 अक्तूबर को ग्रेप 2 लागू होने के बाद प्रवर्तन की टीमों ने अलग-अलग जगहों पर लगातार चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान 1300 से ज्यादा वाहनों पर कार्रवाई की गई। उनमें 899 वाहनों का चालान किया गया और 401 वाहनों को जब्म किया गया। विभाग ने कुल 22.50 लाख रुपये का जुर्माना वसूला है। अधिकारियों का कहना है कि कई वाहन मालिक बार-बार चेतावनी दिए जाने के बावजूद अपनी पुरानी और बिना फिटनेस वाली गाड़ियों को सड़कों पर उतार रहे हैं। ऐसे वाहन सामान्य वाहनों की तुलना में ज्यादा धुआं छोड़ते हैं और सीधे शहर की हवा को जहरीला बनाते हैं। इसी वजह से सख्त कदम उठाना जरूरी हो गया था।

परिवहन विभाग के मुताबिक केवल ग्रेप लागू होने के बाद ही नहीं, बल्कि पिछले सात महीनों (अप्रैल से अक्टूबर) के दौरान भी विभाग की निगरानी लगातार जारी थी।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

## सांसद डॉ. महेश शर्मा को मातृ शोक, श्रद्धांजलि देने पहुंचे मुख्यमंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** बृहस्पतिवार की सुबह नोएडा शहर के लिए शोक का संदेश लेकर आई। गौतमबुद्ध नगर के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा की माता ललिता शर्मा (85 वर्ष) का स्वर्गवास हो गया। पिछले लंबे समय से बीमार चल रहीं श्रीमती शर्मा को कुछ समय पहले अस्पताल में भी भर्ती कराया गया था, परंतु चिकित्सकीय प्रयासों के बावजूद उनका स्वास्थ्य सुधर नहीं सका। सेक्टर-15ए स्थित सांसद आवास में कई दिनों से उनकी देखभाल में पूरा परिवार जुटा हुआ था। 26-27 नवंबर की रात उन्होंने अंतिम सांस ली। निधन की सूचना मिलते ही परिवार, शुभचिंतकों और क्षेत्रवासियों में शोक की लहर फैल गई।





**सीएम योगी ने घर पहुँचकर जताया दुख:** नोएडा दौरे पर आए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जैसे ही निधन की जानकारी मिली, वे तुरंत डॉ. महेश शर्मा के आवास पहुँचे। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि देते हुए परिवार को ढांढस बंधाया। सीएम योगी ने कहा कि "श्रीमती ललिता शर्मा का जाना समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति दें।"स्वर्गीय ललिता शर्मा अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर गई है उनके पति स्वर्गीय कैलाश चंद शर्मा का निधन कुछ वर्ष पूर्व ही हो चुका है।

**सेक्टर-94 में सम्पन्न हुआ अंतिम संस्कार:** बृहस्पतिवार की दोपहर में ललिता शर्मा का अंतिम संस्कार नोएडा के सेक्टर-94 स्थित अंतिम निवास पर किया गया। ललिता शर्मा के बड़े पुत्र गौतम बुद्ध नगर के सांसद डॉ. महेश शर्मा ने अपनी माता की चिता में मुखाग्नि अर्पित की।

इस दौरान नोएडा, ग्रेटर नोएडा समेत दिल्ली, एन सी आर और उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जगहों से आए जनप्रतिनिधि और नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। जिनमें नोएडा विधायक पंकज सिंह, दादरी विधायक तेजपाल सिंह नागर, एमएलसी श्रीचंद शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, पूर्व भाजपा महानगर अध्यक्ष बिजेंद्र नागर, मनोज गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा, समा. जसेवी एवं उद्योगपति पीयूष द्विवेदी, नोएडा मीडिया क्लब के पदाधिकारी एवं शहर के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। अंतिम संस्कार स्थल पर वातावरण बेहद गमगीन रहा। सभी ने नम आंखों से दिवंगत आत्मा को विदाई दी।

# स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं:डीएम

## जिलाधिकारी ने की जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक, संबंधितों को दिए आवश्यक निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति एवं शासन निकाय की बैठक आयोजित हुई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आपात स्थिति में आने वाले किसी भी मरीज को आधार कार्ड या अन्य दस्तावेज के अभाव में उपचार से वंचित न किया जाए। सभी को समय से उपचार उपलब्ध कराना अनिवार्य है।

जिलाधिकारी ने मिशन शक्ति के कार्यक्रमों के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ जनपद में जगह-जगह मानसिक स्वास्थ्य कैम्प आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 70 वर्ष से अधिक आयु वाले सभी व्यक्तियों तथा पेंशनधारकों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं और कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे सभी का चिन्हांकन कर लिया गया है। आशा कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूक करने और उनका लंबित भुगतान तत्काल करने के आदेश दिए गए। जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत लाभार्थियों को निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराने तथा प्रसूता को 48 घंटे तक साम. दायिक स्वास्थ्य केंद्र पर रुकवाकर देखभाल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कुपोषित ,अति कुपोषित बच्चों को एसएनसीयू वार्ड में भर्ती कर विशेष देखभाल करने और परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत पुरुष व महिला नसबंदी को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। चिन्हित विरोधी परिवारों के बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण करने और बुखार के मामलों में अनिवार्य रूप से टेस्ट कराकर ही दवा देने को कहा। उन्होंने जनित रोग नियंत्रण, मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं जन-जागरूकता अभियानों को और प्रभावी ढंग से संचालित करने पर बल दिया। अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी मरीजों और उनके परिजनों के साथ संवेदनशील व्यवहार रखते हुए गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. तीरथ लाल, डिप्टी सीएमओ डा. यशवीर आदि उपस्थित रहे।



# 72 मरीजों की आंखों की रोशनी लौटी, 4564 की जांच पूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को राष्ट्रीय अंधता निवारण कार्यक्रम के तहत बागपत जिले में आयोजित निःशुल्क नेत्र जांच शिविर अब महज़ स्वास्थ्य सेवा का आयोजन भर नहीं रह गए हैं, बल्कि जरूरतमंदों को इलाज के साथ-साथ सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ उपलब्ध कराने का प्रभावी माध्यम बनकर उभर रहे हैं। शिविरों ने गांवों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के साथ ही उन लोगों तक भी राहत पहुँचाई है, जो आर्थिक अभाव या जानकारी की कमी के कारण वर्षों से उपचार से दूर थे।

जिलाधिकारी अस्मिता लाल के निर्देश पर बागपत और बड़ौत ब्लॉक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा निजी नेत्र अस्पतालों एवं सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से व्यापक स्तर पर नेत्र शिविर लगाए गए। इसके तहत जनपद में अब तक कुल 4564 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है, जिनमें 395 मोतियाबिंद मरीज पाए गए। इनमें से 72 मरीजों का निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन सफलतापूर्वक कराया गया। इसके नोडल अधिकारी इन डॉक्टर रॉबिन है मोतियाबिंद से संबंधित किसी को कोई समस्या है या कोई सुझाव है तो इस नंबर पर सम्पर्क 9540344462 करें। इन शिविरों की खासियत रही कि इन्हें सामान्य जांच कार्यक्रम की तरह न चलाकर प्रशासन ने इन्हें बहुआयामी सुविधा केंद्र का रूप दिया। मरीजों की जांच के साथ ही उन्हें उन सरकारी योजनाओं से भी जोड़ा गया जिनके वे पात्र हैं। कई वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड के आवेदन मौके पर ही पूरे किए गए। जबकि पात्र वरिष्ठ नागरिकों को बुजुर्ग पेंशन योजना में जोड़ा गया। जिन लोगों के प्रपत्र अधूरे थे, उन्हें वहीं सहायता देकर पूरा कराया गया। इससे मरीजों को उपचार के साथ सामाजिक सुरक्षा दोनों का लाभ एक ही स्थान पर मिला। ग्रामीणों का कहना है कि एक ही शिविर में जांच, उपचार, ऑपरेशन की व्यवस्था और योजनाओं का लाभ मिलना उनके लिए बड़ी राहत है।

# दिल्ली की विवाहिता की हत्या कर सरूरपुर कलां के जंगल में फेंक शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दिल्ली के चांदबाग इलाके में रहने वाली तायबा की गोली मारकर हत्या कर दी गई। आरोप पति फैसल खान पर है, जिसने पत्नी की हत्या के बाद उसके शव को सीमापार बागपत जिले के सरूरपुर कलां गांव के जंगल में फेंक दिया। मामला सामने आते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। दयालपुर थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक बुधवार देर रात फैसल तायबा को कार में लेकर निकला और उसी दौरान गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। वारदात के तुरंत बाद वह शव को ठिकाने लगाने के लिए बागपत पहुंचा और सरूरपुर कलां के सुनसान जंगल में फेंक आया। शिकायत दर्ज होने पर पुलिस ने जांच शुरू की और फैसल को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ी पूछताछ में उसने जुर्म कबूल कर लिया, जिसके बाद पुलिस ने जंगल से तायबा का शव बरामद कर लिया। फैसल पहले से शादीशुदा था। क्लब में तायबा से मुलाकात के बाद उसने उससे दूसरा निकाह किया था। बीते कुछ समय से दोनों के बीच क्लब जाने को लेकर विवाद बढ़ रहा था। इसी तनाव ने बुधवार को हत्या का रूप ले लिया। पुलिस ने फैसल को गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।



# तेज रफ्तार ट्रेक्टर ने मारी ई-रिक्शा में टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर एक तेज रफ्तार ट्रेक्टर ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। इस हादसे में ई-रिक्शा चालक फिरोज गंभीर रूप से घायल हो गया।

यह घटना सिसाना गांव के पास हुई। हरचंदपुर गांव निवासी फिरोज जिला अस्पताल से अपनी ई-रिक्शा लेकर बागपत जा रहा था। तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रेक्टर ने उसकी रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे के बाद ट्रेक्टर चालक मौके से फरार हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने घायल फिरोज को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित परिवार ने इस संबंध में पुलिस से शिकायत की है और आरोपी ट्रेक्टर चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस फरार ट्रेक्टर चालक की तलाश में जुट गई है। फिरोज के भाई अरमान ने बताया कि फिरोज पहले से बीमार रहते हैं और ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उन्होंने ट्रेक्टर चालक पर जल्द कार्रवाई की मांग की है। घायल फिरोज का अस्पताल में इलाज जारी है।



## एक नजर

### केएम विश्वविद्यालय में मनाया गया 76वां संविधान दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** केएम विश्वविद्यालय में 76वां संविधान दिवस अत्यंत गरिमा, आदर और उत्साह के साथ मनाया गया। विवि के प्रेस कॉफ्रेंस हॉल में आयोजित विचार गोष्ठी का शुभारंभ विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी, कुलसचिव डा. पूरन सिंह सहित छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, विभागाध्यक्षों, संकायाध्यक्षों, अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर की। कुलाधिपति किशन चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय संविधान न केवल लोकतांत्रिक व्यवस्था की नींव है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक को समानता, न्याय और स्वतंत्रता का संपूर्ण अधिकार प्रदान करता है। उन्होंने संवैधानिक कर्तव्यों के निष्ठापूर्वक पालन की आवश्यकता पर बल दिया। विश्व. विद्यालय के कुलसचिव डा. पूरन सिंह ने कहा भारतीय संविधान हमे देश के प्रति कार्य करने की प्रेरणा देता है। हमारे लिए यह महत्वपूर्ण है कि हम संविधान को समझें और इसे अपने जीवन में उतारने के लिए प्रयास करें। पीडीपी एंड फैकल्टी आफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स के असिटेंट प्रोफेसर राजन पाढ़ी ने कहा कि हमें उन सभी संविधान निर्माताओं को याद करना चाहिए जिन्होंने संविधान निर्मित करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### अखिल भारतीय जाट महासभा ने धर्मेंद्र के निधन पर शोकसभा का किया आयोजन

**मथुरा।** अखिल भारतीय जाट महासभा द्वारा धर्मेंद्र दियोल के निधन पर एक शोक सभा का आयोजन प्रदेश सचिव शिवराज सिंह हिंडोल के कार्यालय पर किया गया। सभा की अध्यक्षता राजेश चौधरी जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय जाट महासभा ने की और संचालन राजवीर सिंह नौहर्व द्वारा किया गया। पुष्प अर्पित कर और मौन धारण कर उपस्थित सभी सदस्यों ने श्रधांजलि दी। अध्यक्ष राजेश चौधरी ने धर्मेंद्र के जीवन परिचय और उपलब्धि पर प्रकाश डाला। धर्मेंद्र ने एक किसान परिवार में पैदा होकर फिल्म इंडस्ट्री में समाज को एक पहचान दी। भारत सरकार ने 2012 में पदम विभूषण से सम्मानित किया।लेकिन अंतिम संस्कार में राजकीय सम्मान नहीं दिया गया।जबकि सासंद सदस्य भी रहे और श्री देवी को राजकीय सम्मान देना और धर्मेंद्र को ना देना क्या जाट होना एक कारण रहा। रामवीर सिंह चौधरी उपाध्यक्ष ने सभा को संबोधित कर बताया कि धर्मेंद्र अखिल भारतीय जाट महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रहते हुए समाज के अनेक कार्य कराये धर्मेंद्र ने राजस्थान के बीकानेर से उभरते हुए जाट नेता रामेश्वर डूडी को परास्त किया था। जिसका उन्होंने एक बार अफसोस भी व्यक्त किया कि मैंने एक जाट नेता का भविष्य समाप्त कर दिया। सभा में सत्यवती चौधरी मंडल अध्यक्ष महिला विंग, दिगंबर सिंह, सौरभ सिंह, लाखन सिंह, सतवीर सिंह, राजबहादुर सिंह, शीशपाल सिंह, सतवीर चौधरी आदि उपस्थित रहे।

### कल्याण करोति द्वारा विश्व दिव्यांगता सप्ताह का किया आयोजन

**मथुरा।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कल्याणं करोति, मथुरा द्वारा विश्व दिव्यांगता सप्ताह का आयोजन 27 नवम्बर से 3 दिसंबर तक कल्याणं करोति के प्रांगण में होना सुनिश्चित हैं। इस दिव्यांगता साप्ताहिक कार्यक्रम में दिनांक 27 नवम्बर को सभागार में सम्बल विशेष विद्यालय एवं बी.एड., एम.एड., डी.एड विशेष शिक्षा श्रवण बाधिता बौद्धिक अक्षमता के छात्रध्छात्राओं ने दिव्यांगता जागरूकता व दिव्यांगता पुनर्वास के थीम पर रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 140 छात्रों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के पुरस्कार निर्णायक समिति द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय नाम की घोषणा करते हुए मेडल एवं प्रमाण पत्र विश्व दिव्यांगता सप्ताह के अंतिम दिवस के अवसर पर प्रदान करने के घोषणा की। प्राचार्य आर. पी. प्रजापति ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांगजनों के प्रति समाज को जागरुक करना एवं संवेदनशील बनाना साथ ही मुख्य धारा से जोड़ना है। इस अवसर पर संस्थान के सभी शिक्षक गण आर.पी.सिंह , सोम कृष्णा, कमलेश यादव, बीके शुक्ला, अभिषेक, रिंकू, जगवीर, ज्योति चाहर, सम्मानिता एवं प्रशिक्षु विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

# वोटर लिस्ट से 6 पन्ने गायब, ग्रामीणों में भारी आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** तहसील के पाली गांव के ग्रामीणों ने बुधवार को डीएम कार्यालय पहुंचकर मतदाता सूची में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाया। उन्होंने सूची की जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों के अनुसार, वर्ष 2003 की जनगणना और वर्तमान 2025-26 की मतदाता सूची में मतदाताओं की संख्या में बड़ा अंतर है।

ग्रामीणों ने बताया कि पाली गांव की वोटर लिस्ट से छह पन्ने रहस्यमय तरीके से गायब हो गए हैं। इससे कई पात्र ग्रामीणों के नाम सूची से हट गए हैं या दिखाई नहीं दे रहे हैं। उनका आरोप है कि यह त्रुटि आगामी चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती है और कई मतदाता अपने मताधिकार से वंचित हो सकते हैं। ग्रामीणों ने अधिकारियों को सौंपे गए पत्र में कहा कि पिछले कई वर्षों में गांव की आबादी स्थिर रही है। ऐसे में छह पन्नों का गायब होना गंभीर लापरवाही या किसी स्तर पर हेरफेर की ओर इशारा करता है। उन्होंने यह भी बताया कि बीएलओ स्तर पर किए गए सर्वेक्षण में भी अनेक नामों की पुष्टि नहीं हुई, जिससे मतदाता सूची में असमानता बढ़ गई है। ग्रामीणों ने मांग की कि पाली गांव की वोटर लिस्ट का पुनरीक्षण कराया जाए। उन्होंने गायब पन्नों का सत्यापन कर उन्हें तत्काल बहाल करने और दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की भी अपील की। जिला मजिस्ट्रेट ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि मतदाता सूची को अद्यतन, सही और त्रुटिरहित रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, ताकि कोई भी पात्र मतदाता अपने संवैधानिक अधिकार से वंचित न रहे।



# निःशुल्क शिविर में ऑपरेशन की सुविधा मिलने से मरीज बेहद खुश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की टीमों ने गाँव में ही सारी प्रक्रिया आसान कर दी है। कई मरीजों ने बताया कि उन्हें मोतियाबिंद की समस्या वर्षों से थी पर खर्च के कारण ऑपरेशन नहीं करवा पा रहे थे। शिविर में निःशुल्क ऑपरेशन की सुविधा मिलने से उनका जीवन बेहद आसान हो गया है। वृद्ध आश्रम में वृद्ध और जो समाज कल्याण विभाग द्वारा पेंशन ले रहे है। सभी व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं सभी का चिन्नंगत स्वास्थ्य विभाग द्वारा कर लिया गया है। इसमें किसी को भी कोई समस्या हो तो इसके लिए आयुष्मान नोडल अधिकारी डा.यशवीर +917300730156 से सम्पर्क करें। प्रशासन की यह पहल स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के साथ-साथ योजनाओं के संतृप्तिकरण मॉडल को भी सफलतापूर्वक आगे बढ़ा रही है। स्वास्थ्य विभाग, ब्लॉक टीमों और ग्राम स्तर के कर्मचारियों के बीच बेहतर तालमेल ने अभियान को प्रभावी बनाया है। आने वाले दिनों में और भी शिविर लगाए जाएंगे, जिनमें अधिक संख्या में मरीजों की जांच व उपचार किया जाएगा, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे। बागपत जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को गांव स्तर तक पहुँचाने और योजनाओं को तेजी से लागू करने की दिशा में चल रहा यह प्रयास एक सकारात्मक और प्रभावी मॉडल बनकर उभर रहा है।

# सामूहिक विवाह समारोह के लिए डीएम को किया आमंत्रित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर से बृहस्पतिवार को अखिल भारतीय योगीनाथ उपाध्यक्ष समाज सेवा संगठन का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष अरविंद उपाध्याय के नेतृत्व में जिलाधिकारी अस्मिता लाल से मिला जिसमें प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से आग्रह करते हुए बताया कि 6 दिसंबर को जिला बागपत में होने वाले बहन बेटियों की सामूहिक विवाह समारोह के लिए जिलाधिकारी को आशीर्वाद देने के लिए उपस्थित होना है जिसमें बहन बेटियों का बागपत में सामूहिक विवाह होगा। इस कार्यक्रम में उपाध्याय समाज के लोग अपनी भूमिका निभाएंगे और बहन बेटियों का आशीर्वाद देंगे। कार्यक्रम की मुख्य भूमिका राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी तेजपाल सिंह करेंगे। जिलाध्यक्ष अरविंद उपाध्याय ने कहा कि बहन बेटियों के सामूहिक विवाह को अंतिम रूप देने के लिए कार्यक्रम की तिथि 6 दिसंबर की गई है। बहन बेटियों की शादी में दान दहेज में सभी सामान दिया जाएगा। इस निःशुल्क कार्यक्रम में दूर दराज तक के लोग भाग लेंगे। इस मौके पर संजय उपाध्याय बागपत जिला महामंत्री डा.रणबीर उपाध्याय युवा जिलाध्यक्ष दीपक उपाध्याय डा. जसवीर उपाध्याय जिला कोषाध्यक्ष के अलावा काफी संख्या में जिला. धिकारी से उपाध्याय समाज के लोगों ने शिष्टाचार भेंट करते हुए जिलाधिकारी का आभार भी प्रकट किया। इस अवसर पर जिलाधिक. ारी में उपाध्याय समाज के लोगों को कार्यक्रम में मुख्य भूमिका निभाने के लिए आने का आश्वासन दिलाया।



# राष्ट्रवादी नवनिर्माण दल के कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कलेक्ट्रेट पर राष्ट्रवादी नवनिर्माण दल के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष आशीष वशिष्ठ के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने बढ़ती महंगाई, भ्रष्टाचार, विद्युत संबंधी समस्याओं, गन्ना भुगतान में देरी, आवारा पशुओं की समस्या, स्मार्ट मीटर योजना और प्राधिकरण के कथित लापरवाह रवैये सहित विभिन्न मांगों को लेकर विरोध जताया।

दल के जिलाध्यक्ष आशीष वशिष्ठ ने आरोप लगाया कि बागपत में भ्रष्टाचार चरम पर है। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण प्रतिबंधित क्षेत्रों में कॉलोनियों का निर्माण करा रहा है, जबकि बेसहारा लोगों के घरों पर बुलडोजर चलाए जा रहे हैं। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों पर किसानों व अन्य वर्गों की अनदेखी करने का भी आरोप लगाया। वशिष्ठ ने बताया कि लोग लगातार विद्युत संबंधी समस्याओं से परेशान हैं और विजिलेंस टीम द्वारा कथित तौर पर गलत तरीके से छापेमारी कर अवैध वसूली की जा रही है। उन्होंने आवारा पशुओं की समस्या के लंबे समय से बने रहने और शिकायतों के बावजूद समाधान न होने का भी जिक्र किया। इसके अतिरिक्त, गन्ना भुगतान में देरी और स्मार्ट मीटर योजना के विरोध के बावजूद इसे बंद न किए जाने पर भी उन्होंने चिंता व्यक्त की। कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन बागपत कलेक्ट्रेट पर अधिकारियों को सौंपा, जिसमें सभी समस्याओं के तत्काल समाधान की मांग की गई। आशीष वशिष्ठ ने चेतावनी दी कि यदि इन समस्याओं का समय पर समाधान नहीं होता है, तो दल एक बड़ा आंदोलन करेगा, जिसकी जिम्मेदारी बागपत जिला प्रशासन की होगी।



# पुलिस ने चैकिंग के दौरान अवैध तमंचे के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद की पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। कब्जे से एक अवैध . 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। आरोपी की पहचान गाजियाबाद निवासी अब्दुल मादलक उर्फ बबलू के रूप में हुई है।

पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त और चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान कस्बा क्षेत्र में एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका गया। तलाशी लेने पर उसके पास से अवैध हथियार मिला, जिसके बाद उसे तुरंत हिरासत में ले लिया गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपी अवैध असलहा लेकर घूम रहा था और किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। प्रारंभिक पूछताछ में बबलू हथियार का कोई वैध लाइसेंस या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी दीक्षित कुमार त्यागी ने बताया कि अवैध हथियारों की रोकथाम के लिए क्षेत्र में लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अपराधियों और असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है ताकि किसी भी आपराधिक घटना को रोका जा सके। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि बरामद तमंचा कहां से लाया गया था, इसका इस्तेमाल किस उद्देश्य से किया जाना था और क्या इसके पीछे कोई गिरोह सक्रिय है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# अवैध लिंग परीक्षण के खिलाफ मिशन मोड में स्वास्थ्य विभाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उत्तर प्रदेश में कन्या भ्रूण हत्या पर सख्ती के लिए सरकार द्वारा पीसीपीएनडीटी मुखबिर योजना संचालित है जिसका उद्देश्य अवैध भ्रूण लिंग परीक्षण और गर्भसमापन की घटनाओं पर रोक लगाना है, ताकि राज्य में लिंगानुपात संतुलित रहे और बेटियों का सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित किया जा सके। स्वास्थ्य विभाग लगातार इस योजना को मजबूत तरीके से लागू कर रहा है।

योजना के तहत तीन सदस्यीय गोपनीय टीम बनाई जाती है, जिसमें एक मुखबिर, एक डिकॉय गर्भवती महिला और उसकी सहायिका शामिल होती हैं। यह टीम संदिग्ध क्लीनिकों पर स्टिंग ऑपरेशन कर ऐसे लोगों को पकड़वाने में अहम भूमिका निभाती है जो भ्रूण लिंग परीक्षण जैसी गैरकानूनी गति. विधियों में शामिल होते हैं। योजना में शामिल टीम को कुल दो लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। मुखबिर को 60 हजार, डिकॉय गर्भवती महिला को एक लाख और सहायिका को 40 हजार रुपये मिलते हैं। यह राशि तीन चरणों में दी जाती है। पहली स्टिंग ऑपरेशन के बाद, दूसरी आरोपी की अदालत में पेशी के समय और तीसरी मामले के निस्तारण के बाद। सरकार का मानना है कि इस आर्थिक प्रोत्साहन से लोग बिना किसी डर के भ्रूण हत्या में शामिल गिरोहों की जानक. ारी देने के लिए आगे आ सकेंगे। मुखबिर योजना के तहत प्रदेश के कई जिलों में ऐसी कार्रवाइयाँ हुई हैं, जिनमें अवैध लिंग परीक्षण से जुड़े क्लीनिकों व डॉक्टरों पर कड़ी कार्रवाई की गई है। कई जगह अल्ट्रासाउंड मशीनें सीज की गईं, लाइसेंस रद्द किए गए और दोषियों को जेल भेजा गया। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि यह योजना सिर्फ अपराधियों को पकड़ने का माध्यम नहीं है, बल्कि समाज में जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण प्रयास भी है। विभाग की ओर से लगातार जनजागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिनमें महिलाओं और परिवारों को बताया जाता है कि लिंग परीक्षण करना और कराना कानूनन अपराध है। इसके साथ ही यह जानकारी भी दी जा रही है कि कोई भी नागरिक अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क कर मुखबिर योजना का हिस्सा बन सकता है। सरकार का उद्देश्य है कि बेटियों के जन्म को लेकर समाज की सोच और अधिक सकारात्मक बने। मुखबिर योजना इसी दिशा में एक मजबूत कदम है, जो आम लोगों को सीधे भ्रूण हत्या रोकने के अभियान से जोड़ती है। राज्य में लिंगानुपात के सुधार की दिशा में सकारात्मक संकेत दिखाई दे रहे हैं और प्रशासन इसे और मजबूती से आगे बढ़ाने पर कार्य कर रहा है, ताकि हर बेटी सुरक्षित जन्म ले सके और समान अवसरों के साथ आगे बढ़ सके।



# मथुरा-आगरा रेलखंड का मुख्यालय टीम ने किया सेफ्टी ऑडिट

**मथुरा।** उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय प्रयागराज की टीम ने आगरादृमथुरा और मथुरादृअछनेरा रेलखंड का विस्तृत इन्टरनल सेफ्टी ऑडिट किया। प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी जेसीएस बोरा के नेतृत्व हुई इस कार्रवाई में ट्रैक,प्वाइंट, क्रॉसिंग, ब्रिज, गेट और तकनीकी प्रतिष्ठानों की स्थिति गहराई से परखी गई। निरीक्षण के दौरान बिल्लोचपुरा / रूनकता के बीच एलएचएस-506, रूनकता स्टेशन के प्वाइंट नं. 105बी, गैंग यूनिट, रिले रूम, कीठमदृफरह के बीच गेट नंबर 515 और ब्रिज 1372ध्1, मथुरा स्टेशन, रनिंग रूम, एसएसआई और अछनेरा स्टेशन व टीआरडी डिपो का परीक्षण किया गया।

**सूचना**

मेरी पुत्री का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपनी पुत्री फिरदौस से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगी।

कनीजा पत्नि मरहूम इकबाल निवासी ग्राम सुन्हैड़ा थाना व तहसील खेकड़ा जनपद बागपत।

**NOTICE**

I, ISHA CHAUDHARY D/o AMIT KUMAR, resident of, 174, Baraut Road, Near Rest House, Gyan Enclave, P.O & District- Baghpat, Uttar Pradesh- 250609, declare that name of my father has been wrongly written as AMIT SAROHA in my Class 10th, Roll Number- 21126515 and 12th, Roll Number-21622337 CBSE Marksheet. The actual name of my father is AMIT KUMAR which may be amended accordingly.

# सुहागरात को ही गायब हुआ दूल्हा

## बारात आने के बाद घर से ही लापता हुआ युवक, परिजनों ने थाने में दी गुमशुदगी की तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** निकाह के बाद घर आया दूल्हा सुहागरात को ही गायब हो गया। जिसकी तलाश में परिजन दिन भर दौड़ते रहें, लेकिन युवक का कोई सुराग हाथ नही लग सका। परिजनों ने मामले की थाने में तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। परिजनों में युवक को लेकर काफी चिंता बनी हुई है। पुलिस ने इस मामले में छानबीन शुरू कर दी है।



सरधना नगर के मोहल्ला उंचापुर निवासी सईद ठेकेदार के पुत्र मोहसीन उर्फ मोनू की बारात बुधवार को खतौली गई थी, जहां पर निकाह की रस्म पूरी होने के बाद परिजन दूल्हन को लेकर सरधना वापस आ गए थे। रात्रि करीब एक बजे मोहसीन अपनी नई नवेली दूल्हन से कुछ काम करने की बात कहकर कमरे से बाहर निकला था, लेकिन देर रात्रि तक दूल्हा वापस नही लौट सका। परिजनों ने बताया कि दूल्हे की दो बहनों की बारात गुरूवार को आनी थी, जिसकी तैयारी में जुटने के साथ-साथ परिजनों ने मोहसीन की काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नही लग सका। परिजनों ने इस मामले में पुलिस को सूचना देते हुए तहरीर दे दी है। पुलिस का कहना है कि 24 घंटे बीत जाने के बाद ही गुमशुदगी दर्ज की जायेगी। लेकिन पुलिस द्वारा उसकी छानबीन की जा रही है। दूल्हे की बहनों का निकाह गुरूवार को रस्मों के बीच कराकर विदा किया गया।

## नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष हरवीर पाल का दौराला मंडल की टीम ने किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भाजपा मेरठ जिले के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष हरवीर पाल को उनके भावनपुर आवास पर जाकर दौराला मंडल की टीम ने शुभकामनाएं प्रेषित की। दौराला भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला, भूमि विकास बैंक चेयरमैन हरेंद्र चौधरी, गन्ना समिति चेयरमैन भूपेंद्र अहलावत, धर्मेंद्र अहलावत, चेयरमैन श्रवण सोम, आशीष अहलावत, अनिल सैनी, प्रशांत अहलावत, विराट चौधरी, राहुल चौधरी, पंकज चौहान, आयुष चपराना, संजय नामदेव, मनोज ठाकुर आदि मौजूद रहे।



## जनता के एसआईआर फॉर्म भरवाने खुद सड़कों पर निकले विधायक गुलाम मोहम्मद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हर्रा।** सिवाल खास विधानसभा से रालोद विधायक गुलाम मोहम्मद अब लोगों की समस्या को देखते हुए खुद ही एसआईआर के फॉर्म भरवाने और उन्हें चेक करने के लिए निकल चुके हैं। बीते कुछ दिनों से गुलाम मोहम्मद लगातार जनता के बीच पहुंचकर उनके एसआईआर फॉर्म देख रहे हैं। और अगर किसी को कहीं कोई दिक्कत आ रही है तो वह बीएलओ सहित आला अधिकारियों से संपर्क कर रहे हैं। नगर पंचायत हर्रा में बैठी बीएलओ व लोगों के पास जिस समय सिवाल खास विधायक पहुंचे तो लोग उनको देखकर हक्के बक्के रह गए उन्होंने बीएलओ से बात की और एसआईआर फॉर्म से संबंधित जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को कोई दिक्कत नहीं आनी चाहिए, बहुत सारे लोगों को आज भी फॉर्म भरने का सही तरीका नहीं पता है। इसीलिए उन्होंने कहा कि वह जनता की समस्या को देखते हुए उनके फॉर्म खुद भरे और उन्हें एक रिसीविंग के साथ दूसरा फॉर्म वापस करें। गुलाम मोहम्मद ने कहा कि बहुत कम समय रह गया है इसीलिए वह अब खुद निकाल कर इस काम को देख रहे हैं। वह गांव गाव जा रहे हैं और लोगों के बीच एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर उन्हें जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एसआईआर किसी की नागरिकता नहीं ले रहा है बल्कि यह चुनाव आयोग अपने सिस्टम को अपडेट कर रहा है। उन्होंने कहा कि फिर भी भविष्य की चीज भविष्य में ही छुपी रहती है इसीलिए सभी लोग इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें और अपने वोट की रक्षा करें।

# प्रदेश सरकार ने मानी भाकियू इंडिया की मांग

## अब नहीं लिया जायेगा गन्ना क्रय केन्द्रों पर लोडिंग व अनलोडिंग शुल्क

■ चीनी मिल व अनुबंधित ट्रांसपोर्टर पर होगी सख्त कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पिछले दिनां भारतीय किसान यूनियन इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप तितौरिया ने गन्ना व चीनी उद्योग राज्य मंत्री संजय गंगवार से मिलकर किसानों से गन्ना क्रय केन्द्रों पर लिया जाने वाले लोडिंग व अनलोडिंग शुल्क को समाप्त करने की मांग की थी। जिससे सरकार ने मानते हुए अब से किसानों से गन्ना क्रय केन्द्रों पर लिये जाने वाले लोडिंग व अनलोडिंग शुल्क को समाप्त कर दिया है। आदेशों को नहीं मानने वाले अधिशासी व अनुबंधित ट्रांसपोर्टर के विरुद्ध सख्त कार्यवाही के भी आदेश सरकार द्वारा दिये गये है।



तितौरिया ने बताया कि चीनी मिल गेट व गन्ना क्रय केन्द्रों पर कृषकों द्वारा गन्ने की लोडिंग व अनलोडिंग के सम्बन्ध में प्राप्त हो रही शिकायतों पर गन्ना मंत्री से यह मांग की गई थी। सरकार द्वारा परिक्षेत्र के उप चीनी आयुक्त, उप गन्ना आयुक्त जिला गन्ना अधिकारी तथा सहायक चीनी आयुक्त, एवं चीनी मिल के प्रधान प्रबन्धक को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि पेराई सत्र 2025-26 के दौरान गन्ना तौल व घटतौली की शिकायत न हो तथा लोडिंग व अनलोडिंग के नाम पर शुल्क वसूली में लिप्त तौल लिपिको, चीनी मिलों एवं अनुबंधित ट्रांसपोर्टरों का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए सख्त कार्यवाही की जाये तथा साथ ही समस्त परिक्षेत्रीय अधिकारी सहकारी एवं निगम की चीनी मिलों के गन्ना क्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण करने तथा गन्ना डायवर्जन व घटतौली पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया। भारतीय किसान यूनियन इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा शीघ्र ही गन्ना एवं चीनी उद्योग राज्य मंत्री संजय गंगवार से मिलकर किसान हित में लिए गए इस निर्णय पर धन्यवाद देंगे।

## अपना दल ( एस ) प्रदेश अध्यक्ष आरपी गौतम कल आएंगें मेरठ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अपना दल (एस) के प्रदेश अध्यक्ष आर पी गौतम 29 नवंबर को लखनऊ से मेरठ पार्टी की समीक्षा बैठक के लिए नौचंदी ट्रेन से सुबह पहुंचेगें। वहां से कार्यकर्ता उनका स्वागत करके सर्किट हाउस लायेंगे। क्षेत्रीय अध्यक्ष एड. सुधीर पंवार ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष मेरठ मंडल के सभी जिलों के पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक में संगठन के विस्तार पर चर्चा करेंगे तथा दिशा-निर्देश देंगे। बैठक में सभी जनपदों के जिलाध्यक्ष व पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। यह जानकारी पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष एडवोकेट सुधीर पवार ने दी। उनका कहना था कि प्रदेश में पार्टी अच्छा कार्य कर रही है। शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यकर्ता पहुंचकर अपना दल पार्टी की विचारधारा को समझा रहे है। विचारधारा सुनकर भारी संख्या में लोग पार्टी की सदस्ता ग्रहण कर रहे हैं। आने वाले दिनों में भी पार्टी के पदाधिकारी ऐसा ही कार्य करेंगे।

# डी मोन्टफोर्ट एकेडमी के छात्रों ने दिल्ली में किया शैक्षिक भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** डी मोन्टफोर्ट एकेडमी के छात्र-छात्राएं 26 नवंबर को एक शैक्षिक भ्रमण के लिए दिल्ली गये। इस शिक्षा परक यात्रा का उद्देश्य बच्चों को इतिहास, विज्ञान, संस्कृति और राष्ट्रीय धरोहरों के प्रति जागरूक करना था। भ्रमण के दौरान छात्र सबसे पहले लोटस टेंपल पहुंचे जहां उन्होंने विश्व शांति, एकता और सद्भाव के संदेश को जाना। लोटस टेंपल के बाद सभी बच्चों ने देश के गौरव से जुड़े महत्वपूर्ण स्थल प्रधानमंत्री संग्रहालय का भ्रमण किया। बच्चों ने स्वतंत्रता के बाद भारत के विकास, पूर्व प्रधान मंत्रियों के योगदान ऐतिहासिक निर्णय और आधुनिक भारत की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जाना।



छात्रों की टीम आगे बढ़ते हुए साइंस म्यूजियम पहुंची जहां उन्होंने विज्ञान के विभिन्न प्रयोगों, मॉडल और तकनीकी प्रदर्शनों को करीब से देखा, बच्चों ने विज्ञान की रोचक जानकारियां सीखी और स्वयं भी कई गतिविधियों में भाग लिया। दिन का अंतिम पड़ाव रहा ऐतिहासिक और आध्यात्मिक स्थल बांग्ला साहिब गुरुद्वारा। जहां उन्होंने शांत वातावरण का अद्भुत अनुभव किया और गुरु परंपरा के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।

इस शैक्षिक यात्रा में बच्चों के साथ स्कूल के शिक्षक मिस्टर सत्येंद्र सिंह व ज्योति चौधरी भी उपस्थित रहे। भ्रमण के पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. समीर वर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि हमारा उद्देश्य है कि बच्चे कक्षा के बाहर भी सीखें और देश की सांस्कृतिक ऐतिहासिक तथा वैज्ञानिक उपलब्धियों को नजदीक से समझे इस टूर ने बच्चों के ज्ञान और अनुभव दोनों में वृद्धि की है। वहीं विद्यालय की उप प्रधानाचार्या रितु चिकारा ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इससे छात्रों में जिज्ञासा आत्म विश्वास और व्यवहारिक ज्ञान बढ़ता है। स्कूल प्रबंधन ने इस भ्रमण को बच्चों के ज्ञानवर्धन और व्यक्तित्व के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरधना में आयुष्मान गोल्डन कार्ड माह का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरधना में आयुष्मान गोल्डन कार्ड माह के अंतर्गत एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन प्रतिनिधि शाहवेज अंसारी एवं सभासद शानू जैन ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में 70 वर्ष से अधिक आयु के 5 लाभार्थियों को आयुष्मान गोल्डन कार्ड वितरित किए गए। खंड कार्यक्रम प्रबंधक नरेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 25 नवंबर से 25 दिसंबर तक पूरे एक माह हर गांव में निःशुल्क आयुष्मान कार्ड शिविर लगाए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक पात्र लोग योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संदीप गौतम ने बताया कि कार्ड बनाने का कार्य सीएचओ, आशा कार्यकर्ता एवं आयुष्मान मित्रों द्वारा किया जाएगा। उद्घाटन के अवसर पर चेयरमैन प्रतिनिधि शाहवेज अंसारी ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए जीवन रक्षक कवच साबित हुई है।

# गैंगस्टर में फरार चल रहे तीन आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** डीआईजी कला निधि नैथानी ने सभी थाना अध्यक्षों को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्र में पंचायत चुनाव से पहले सभी आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें इसी के चलते जानी थाना पुलिस ने बुधवार की देर रात सिवाल खास नहर पुल से गैंगस्टर में फरार चल रहे तीन आरोपियों को दबोच लिया और गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया।

जानी थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्र सिवालखास चौकी इंचार्ज नितिन कुमार ने बताया की गैंगस्टर में फरार चल रहे तीन आरोपियों की मुखबिर से सूचना मिली कि तीनों आरोपी सिवाल खास नहर पुल पर किसी घटना करने की फिराक में थे तभी पुलिस ने बल प्रयोग के चलते तीनों आरोपियों को दबोच लिया। आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद जानी थाने में लेकर आई जहां आरोपीयों की पहचान आनंद पुत्र तोताराम गैंगस्टर का गैंग लीडर रविंद्र उर्फ राजू पुत्र तोताराम गुलशन पुत्र तोताराम गैंग का सदस्य सिवालखास के रूप में हुई। आरोपी काफी दिनों से फरार चल रहे थे पुलिस ने तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दिया न्यायालय ने जेल भेज दिया।

## खाते से यूपीआई भुगतान करना बढ़ा रहा है डिजिटल फ्रॉड का जोखिम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** डिजिटल फ्रॉड और ऑनलाइन स्कैम तेजी से बढ़ते हुए भारत के लिए एक बड़ी चिंता बन गए हैं। हर रोज कोई न कोई डिजिटल धोखाधड़ी का मामला देखने को मिल रहा है, जिसका शिकार छोटे बड़े सभी लोग हो रहे हैं। ऐसे में डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव का एक तरीका सेकंड बैंक अकाउंट हो सकता है। जिससे आप रोजमर्रा के लेनदेन कर सकते हैं और जिसमें आवश्यकता अनुसार थोड़ा धन सेविंग के रूप में रखा जा सकता है, और जिसमें ग्राहकों को ब्याज भी मिलेगा। इसी का एक बेहतर विकल्प एयरटेल पेमेंट बैंक के रूप में एयरटेल ने ग्राहकों के लिए पेश किया है। जो ग्राहकों की वित्तीय सुरक्षा को और मजबूत करने के साथ ही पूरी तरह से सुरक्षित और आसान बैंकिंग सुविधा मुहैया कराएगा। कंपनी ने ग्राहकों से अपील की है कि वे अपने डिजिटल भुगतान के लिए एक सुरक्षित सेकंड अकाउंट बनाएं।

# निजीकरण के विरोध में सड़कों पर उतरे बिजली कर्मचारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में चल रहे आंदोलन का एक साल पूरा होने पर देश भर में लाखों बिजली कर्मियों ने सड़कों पर उतर कर निजीकरण और इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 का जोरदार विरोध किया। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के केंद्रीय पदाधिकारियों ने बताया कि गुरुवार को प्रदेश के सभी जनपदों में बिजली कर्मियों ने लगातार 365 वें दिन विरोध प्रदर्शन जारी रखा। अन्य प्रांतों की राजधानियों और परियोजनाओं पर बिजली कर्मियों ने विरोध प्रदर्शन कर उप्र में चल रहे बिजली के निजीकरण के निर्णय को निरस्त करने की मांग की।




बिजली कर्मियों की अन्य प्रमुख मांग थी कि संपूर्ण पावर सेक्टर का निजीकरण हेतु लाए गए इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 को तत्काल वापस लिया जाये। संघर्ष समिति ने बताया कि निजीकरण के विरोध में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के मुख्यालय वाराणसी और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के मुख्यालय आगरा में तथा राजधानी लखनऊ में विशेष तौर पर बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया गया। वाराणसी में संघर्ष समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने और आगरा में विद्युत अभियंता संघ के महासचिव जितेंद्र सिंह गुर्जर ने आंदोलन का नेतृत्व किया। राजधानी लखनऊ में मध्यांचल मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया गया। विरोध प्रदर्शन सभा में बिजली कर्मियों ने एक साल के सतत् संघर्ष के क्रम में संकल्प लिया कि जब तक निजीकरण का निर्णय निरस्त नहीं किया जाता और आंदोलन के चलते बिजली कर्मियों पर की गई समस्त उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां वापस नहीं ली जाती तब तक लगातार आंदोलन जारी रखेंगे। संघर्ष समिति ने बताया कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का निर्णय पावर कार्पोरेशन प्रबंधन द्वारा एक वर्ष पूर्व घाटे के गलत आंकड़ों के आधार पर लिया गया था। संघर्ष समिति प्रारंभ से ही यह दावा करती रही है की सब्सिडी और सरकारी विभागों के सरकारी बकाया की धनराशि दे दी जाए तो विद्युत वितरण निगम घाटे में नहीं है। विद्युत नियामक आयोग ने संघर्ष समिति के इस दावे पर यह कहकर मोहर लगा दी है कि एक अप्रैल 2025 को विद्युत वितरण निगमों के पास 18925 करोड़ रुपए सरप्लस था। इसी आधार पर बिजली के टैरिफ में वृद्धि नहीं की गई है। संघर्ष समिति ने कहा कि घाटे के झूठे आंकड़े देने के अलावा पावर कार्पोरेशन प्रबंधन निजीकरण के लिए बड़े पैमाने पर बिजली कर्मियों पर उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां कर रहा है। संघर्ष समिति ने बताया कि विगत एक वर्ष में 25000 से अधिक अत्यंत अल्प वेतन भोगी संविदा कर्मियों को आंदोलन के चलते निकाल दिया गया है। फेशियल अटेंडेंस के नाम पर महीनों तक हजारों बिजली कर्मियों का वेतन रोक कर रखा गया। हजारों बिजली कर्मचारियों को जिसमें बड़े पैमाने पर महिलाएं भी सम्मिलित थी दूरस्थ स्थानों पर केवल इसलिए ट्रांसफर किया गया क्योंकि वे संघर्ष समिति की मीटिंग में आ रही थी। संघर्ष समिति के प्रमुख पदाधिकारियों पर डिस्प्रोपोर्सनेट एसेट के मामले में झूठी एफआईआर कराई गई। कार्यालय समय के उपरांत पावर कॉरपोरेशन के चेयरमैन की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का बहिष्कार करने वाले 87 विद्युत अभियंताओं को चार्ज शीट दी गई और उनका प्रमोशन रोक दिया गया है। मार्च 2023 के आंदोलन के फलस्वरूप बिजली कर्मियों पर की गई उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां ऊर्जा मंत्री के निर्देश के बावजूद वापस नहीं ली गई है। संघर्ष समिति ने बताया की बिजली कर्मियों की रियायती बिजली की सुविधा समाप्त करने की दृष्टि से जबरदस्ती बिजली कर्मियों और पेंशनरों के घरों पर प्रीपेड मीटर लगाया जा रहे हैं। संघर्ष समिति ने कहा कि इन सब यातनाओं के बावजूद बिजली कर्मचारी, संविदा कर्मी, जूनियर इंजीनियर और इंजीनियर पिछले एक वर्ष से लगातार संघर्षरत है और सड़कों पर उतर रहे हैं। संघर्ष समिति का निर्णय है कि जब तक निजीकरण का निर्णय निरस्त नहीं किया जाता और समस्त उत्पीड़ना त्मक कार्यवाही समाप्त नहीं की जाती तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा।

## हिंद की आन, कौम की शान: 350 वें शहीदी दिवस पर भावभीना मंचन



■ पूर्व सांसद राजेन्द्र अग्रवाल, कैंट विधायक अमित अग्रवाल व एसपी ट्रैफिक राघवेंद्र मिश्रा भी कार्यक्रम में रहे मौजूद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में धर्म और मानवता के महान रक्षक नौवें पातशाह की याद में विशेष आयोजन संपन्न हुआ। हिंद दी चादर की उपाधि से विभूषित गुरु की 350 वीं शहादत की गाथा को पंजाबी रंग. मंच, पटियाला के रंगकर्मियों ने धर्म हेत साका जिन की आ शीर्षक वाले थिएट्रिकल लाइट एवं साउंड शो के माध्यम से जीवंत किया। कार्यक्रम में 17वीं सदी में कश्मीरी पंडित समाज पर हुए धार्मिक उत्पीड़न, और भाई मतीदास, भाई सतीदास तथा भाई दयाला के बलिदान को मार्मिकता से दर्शाया गया। शो का केंद्रबिंदु गुरु की अमर कुर्बानी रहा, जिन्होंने चांदनी चौक, दिल्ली में अपना शीश कटाकर धार्मिक स्वतंत्रता और इंसानियत की मिसाल कायम की। आयोजन में शहर के गणमान्य नागरिक, अभिभावक, समाजसेवी और बड़ी संख्या में संगत ने भाग लिया। कार्यक्रम के उपरांत गुरु का लंगर वितरित किया गया। अंत में विद्यालय नेतृत्व ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया।

# ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन की महत्वपूर्ण बैठक का लखनऊ में हुआ आयोजन

■ लखनऊ की गोष्ठी में उपमुख्यमंत्री को किया जाएगा आमंत्रित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को गोमती नगर, लखनऊ स्थित राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्रीकांत अस्थाना के कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक में संगठन के राष्ट्रीय पदाधिकारी, प्रदेश अध्यक्ष, संगठन के सदस्य एवं उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए पत्रकार सम्मिलित हुए। बैठक में प्रदेश इकाई के गठन तथा आगामी कार्यक्रमों पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया।



बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि संगठन की प्रस्तावित कार्यकारिणी बैठक एवं गोष्ठी आगामी 28 दिसंबर को सरोज सेलिब्रेशन रिजॉर्ट अहमा मऊ, सुल्तानपुर रोड लखनऊ में आयोजित की जाएगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि गोष्ठी का शीर्षकष्काप-29, काप-30 के जलवायु संकल्प, हमारे गांव और ग्रामीण मीडिया रहेगा। लखनऊ कार्यक्रम हेतु उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, जिनके पास ग्राम्य विकास विभाग भी है, को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही जल शक्ति राज्य मंत्री दिनेश खटीक तथा वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री केपी मलिक को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किए जाने का सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित हुआ। बैठक में संगठन के सुचारू एवं व्यापक संचालन के लिए प्रदेश अध्यक्ष वीरेश तरार की ओर से एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखा गया, जिसमें उत्तर प्रदेश को चार जोनों में विभाजित कर संरचना को सुदृढ़ करने की बात कही गई, प्रस्ताव के अनुसार पश्चिमी जोन का केंद्र मेरठ, पूर्वी जोन का केंद्र वाराणसी अथवा गोरखपुर, मध्य अथवा अवध जोन का केंद्र लखनऊ तथा बुंदेलखंड जोन का केंद्र प्रयागराज अथवा झांसी प्रस्तावित किया गया तथा चारों जोनों के लिए एक-एक उपाध्यक्ष नियुक्त करने तथा समान रूप से चार महामंत्रियों की व्यवस्था किए जाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त अन्य प्रांतीय इकाइयों के अध्यक्ष, महामंत्री और वरिष्ठ सदस्यों को भी आमंत्रित किया जाएगा। इस संबंध में सभी समन्वय और आमंत्रण की जिम्मेदारी राष्ट्रीय कार्यकारिणी को सौंपी गई। इस प्रकार प्रदेश संगठन के विस्तार एवं सुचारू प्रबंधन को लेकर हुए विस्तृत विमर्श के साथ बैठक सफलता पूर्वक संपन्न हुई और सभी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। बैठक में ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय महामंत्री हरेंद्र चौधरी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुनेंद्र त्यागी, राष्ट्रीय सचिव अशोक सोम, राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्रीकांत अस्थाना, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामबाबू दूबे, प्रदेश अध्यक्ष वीरेश तरार, जिला मेरठ सचिव विवेक त्यागी, लखनऊ से अभिषेक शर्मा आदि शामिल रहे।

## गैंगस्टर एक्ट में आधा दर्जन लोगों को किठौर पुलिस ने किया नामजद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** पुलिस द्वारा छह आरोपियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट मैं मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस के अनुसार यह लोग एक संगठित गैंग बनाकर अवैध धन अर्जित करने के लिए समाज विरोधी कार्यों में संलिप्त रहते हैं। जिनमें लूट डकैती जैसे अपराध करके अवैध रूप से धन इकट्ठा करते हैं।

इसी के मध्य नजर जावेद पुत्र लताफत निवासी ग्राम अठ सैनी थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़, नवाब पुत्र ताज मोहम्मद निवासीगढ़ अरिफपुर सरावनी थाना बाबूगढ़ जिला हापुड़, बिलाल पुत्र ताज निवासी अरिफपुर सरावनी थाना बाबूगढ़ जिला हापुड़, मनीष उर्फ मनिया पुत्र राजाराम निवासी ग्राम राजहरा थाना सिंभावली जनपद हापुड़ सौरभ पुत्र ब्रह्मपाल निवासी ग्राम आठसैनी थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़, तस्लीम पुत्र चशमद्दीन निवासी ग्राम थाना हाफिजपुर जनपद हापुड़ के विरुद्ध गैंगस्टर अधिनियम पंजीकृत किया गया। इंस्पेक्टर किठौर प्रताप सिंह ने बताया की सूचना प्राप्त हुई की मनीष शांहजहापुर नहर के पास किसी के इंतजार में है त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मनीष उर्फ मनिया पुत्र राजाराम ग्राम रझेड़ा जनपद हापुड़ को शाहजहांपुर नहर के पास लगभग 11 बजे गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

# भारतीय हॉकी टीम ने कीवी को हराया



## भारत के अमित रोहिदास संजय व सेल्वम ने गोल दागे

**मलेशिया, वार्ता।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने गुरुवार को सुल्तान अजलान शाह कप टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए न्यूजीलैंड 3-2 से हराया। भारत के लिए अमित रोहिदास ने (चौथे), संजय ने (32वें), और सेल्वम कार्थी ने (54वें) मिनट में गोल दागे। वहीं न्यूजीलैंड की ओर से जॉर्ज बेकर ने (42वें और 48वें) मिनट में गोल किए। यहां सुल्तान अजलान शाह कप स्टेडियम में खेले गए मैच के पहले कुछ शुरुआती मिनटों में भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड पर बढ़त बनाई। भारत ने एक अच्छे मूव से अपना पहला मौका बनाया, जिससे उसे पेनल्टी कॉर्नर मिला और अमित रोहिदास ने (चौथे) मिनट में गोलकर स्कोरिग शुरू की। पहला क्वार्टर 1-0 की बढ़त के साथ खत्म हुआ। दूसरे क्वार्टर में न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों ने स्कोर बराबर करने का प्रयास किया, लेकिन भारतीय रक्षकों नें उन्हें रोके रखा और हॉफ टाइम तक वहीं स्कोर रहा। भारत ने दूसरे हाफ की शुरुआत फ्रंट फुट पर की और दूसरे हाफ की शुरुआत में ही कप्तान संजन 32वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर बढ़त को दोगुना कर दिया। न्यूजीलैंड ने तुरंत जवाब देने के लिए कुछ पेनल्टी कॉर्नर लिए, लेकिन वे भारतीय रक्षापंक्ति को भेद नहीं पाए। लेकिन आखिरकार जॉर्ज बेकर ने (42वें) मिनट में न्यूजीलैंड के लिए एक गोल कर आखिरी क्वार्टर रोमांचक बना दिया। न्यूजीलैंड ने चौथे क्वार्टर की शुरुआत अपने दूसरे गोल की तलाश में की, और जॉर्ज बेकर ने (48वें) मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से गोलकर स्कोर 2-2 से बराबर दिया। हालांकि, भारत ने तुरंत पलटवार किया अभिषेक के पास को सेल्वम कार्ति ने (54वें) मिनट में गोलकर भारत को फिर से बढ़त दिला दी। भारत ने आखिरी स्टेज में अपनी पकड़ बनाए रखी और मुकाबला 3-2 से अपने नाम कर लिया। भारतीय टीम शनिवार को कनाडा से भिड़ेगी। उल्लेखनीय है कि भारतीय हॉकी टीम ने इससे पहले बुधवार को मेजबान मलेशिया को 4-3 के रोमांचक मुकाबले में हराया। सेल्वम कार्थी (7'), सुखजीत सिंह (21'), अमित रोहिदास (39') और संजय (53') ने दुनिया की नंबर 7 टीम भारत के लिए गोल किए, जबकि फैजल (13'), फितरी सारी (36'), व मरहान (45') ने 12वीं रैंक वाली मलेशिया के लिए गोल किए।

## भारतीय हॉकी टीम चिली के खिलाफ शुरु करेगी अपना अभियान

**चेन्नई, वार्ता।** भारत शुक्रवार को यहां चिली के खिलाफ पुरुष एफआईएच हॉकी जूनियर विश्वकप 2025 के 14वें संस्करण में अपने अभियान की शुरुआत करेगा। कल से तमिलनाडु में शुरु हो रहे इस अंडर-21 टूर्नामेंट का आयोजन चेन्नई और मदुरै में किया जाएगा। जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप में हिस्सा ले रही 24 टीमों को चार-चार टीमों के छह पूल में बांटा गया है। भारत पूल बी में चिली, ओमान और स्विट्जरलैंड के साथ शामिल है। डिफेंडर रोहित की अगुवाई में 18 सदस्ईय टीम इस टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही है। दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पीआर श्रीजेश भारतीय जूनियर हॉकी टीम के मुख्य कोच हैं। जूनियर हॉकी विश्वकप 2025 में हिस्सा ले रही टीमें इस प्रकार है:- पूल ए में कनाडा, जर्मनी, आयरलैंड, साउथ अफ्रीका। पूल बी चिली, भारत, ओमान, स्विट्जरलैंड। पूल सी में अर्जेंटीना, चीन, जापान, न्यूजीलैंड। पूल डी में बेल्जियम, इजिप्ट, स्पेन, नामीबिया। पूल ई में ऑस्ट्रिया, इंग्लैंड, मलेशिया, नीदरलैंड्स। पूल एफ में ऑस्ट्रेलिया, बंगलादेश, फ्रांस, दक्षिण कोरिया। हर टीम अपने पूल में एक बार दूसरी टीम से भिड़ेगी, जिसमें छह ग्रुप जीतने वाली टीमें क्वार्टर-फाइनल में पहुंचेंगी। उनके साथ सभी छह ग्रुप की दो सबसे अच्छी रनर-अप टीमें भी शामिल होंगी। मौजूदा चैंपियन जर्मनी मेन्स जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप की सबसे सफल टीम है, जिसने यह टूर्नामेंट सात बार जीता है। भारतीय टीम ने जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप दो बार जीता है। अर्जेंटीना ने भी जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप का खिताब दो बार जीता है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी भारत को दिए जाने का स्वागत

**स्कॉटलैंड, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी भारत को दिए जाने की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि यह ग्लोबल स्पोर्टिंग प्रतियोगिता के सौ साल पूरे होने का जश्न है। कॉमनवेल्थ ऑस्ट्रेलिया के अध्यक्ष बेन ह्यूस्टन ने भारत को बधाई देते हुए कहा कि अमदाबाद, हम आ रहे हैं। भारत को हमारी बधाई, एक मजबूत और सोची-समझी बोली के लिए जो कॉमनवेल्थ गेम्स के एक नए अध्याय की शुरुआत करती है, गेम्स की सौवीं साल गिरह मनाने के लिए एक मेजबानी देती है, और ऑस्ट्रेलिया के एथलीटों को ब्रिस्बेन 2032 ओलंपिक और पैरालंपिक गेम्स से केवल दो साल पहले मुकाबला करने के लिए तैयार करती है।

### जुबा (युवा) संघा का जर्मन क्लब से ऐतिहासिक करार

**नई दिल्ली, वार्ता।** संघा दिल्ली का ऐसा पहला फुटबॉल क्लब बन गया है, जिसकी अकादमी को जर्मनी के एफसी इंगोस्टेड क्लब 04 ने गोद लिया है। दिल्ली-एनसीआर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान एथलीड जुबा इंगोस्टेड अकादमी को लांच किया गया।

इस अवसर पर युवा संघा के प्रमुख सुसांत देव, एफसी इंगोस्टेड के कार्यकारी निदेशक डीडी, श्राची स्पोर्ट्स के चेयरमैन तमाल घोषाल, मैनेजिग डायरेक्टर, देश के जाने-माने पूर्व गोलकीपर भास्कर गांगुली, ईस्ट बंगाल के पूर्व मिडफील्डर अल्विटो, मोहन बागान के पूर्व ब्राजीली स्ट्राइकर रामिरेज और ईस्ट बंगाल के पूर्व घानाई डिफेंडर मौजूद रहे। फुटबॉल की नामी हस्तियों के बीच एथलेड जुवा इंगोस्टेड 04 की लॉंचग के अवसर पर मेहमान जर्मन क्लब अधिकारियों ने सुसांत देव के प्रयासों को सराहा।

# आईसीसी ने पर्थ की पिच को 'बहुत अच्छा' कहा

- **यह टेस्ट मैच 847 गेंदों के साथ ऑस्ट्रेलिया में दूसरा सबसे छोटा पूरा हुआ टेस्ट मैच था**

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पर्थ में खेले गए पहले एशेज टेस्ट मैच जो कि दो दिन में सामप्त हो गया था कि पिच को 'बहुत अच्छी' श्रेणी का करार दिया है। मैच रेफरी रंजन मदुगले की ओर से पिच को लेकर दी गई आधिकारिक रिपोर्ट में इसे 'बहुत अच्छा' करार दिया गया है।

आईसीसी के चार-टियर पिच रेटिंग सिस्टम के अनुसार, 'बहुत अच्छा' का मतलब है ऐसी पिच जिसमें अच्छी पकड़, लिमिटेड सीम मूवमेंट, और मैच की शुरुआत में लगातार बाउंस हो, जिससे बल्लेबाज और गेंदबाज के बीच बराबरी का मुकाबला हो सके। यह टेस्ट मैच 847 गेंदों के साथ यह ऑस्ट्रेलिया में दूसरा सबसे छोटा पूरा हुआ टेस्ट था और 1888 के बाद से फेंकी गई गेंदों के हिसाब से सबसे छोटा एशेज टेस्ट था। पहली तीन पारियों में तेज गेंदबाजों का दबदबा रहा, जिसमें मिचेल स्टार्क ने 58 रन देकर सात विकेट लिए, हालांकि पहले दिन चाय से पहले इंग्लैंड का स्कोर 160 रन पर पांच विकेट था। मेहमान टीम का अटैक फिर भी लगातार चलता रहा और आखिर में ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 123 रन पर नौ विकेट हो गया, जिसमें बेन स्टोक्स ने पांच विकेट लिए। पहले दिन 305 रन पर 19 विकेट गिरे, जबकि दूसरे दिन, ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के 205 रन के लक्ष्य को केवल एक सत्र में हासिल कर लिया। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख जेम्स ऑलसॉप ने कहा कि तीसरे और चौथे दिन के टिकट रखने वाले फैंस के लिए यह निराशाजनक था।

# दीप्ति को मिली 3.2 करोड़ की राशि फिर से यूपीडब्ल्यू की टीम में हुई शामिल



- **दिल्ली ने सीधे 3.2 करोड़ की बोली लगाई और यूपी वॉरियर्स ने इसे मैच करते हुए दीप्ति को रिटेन करने का निर्णय लिया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा डब्ल्यूपीएल 2026 में फिर से यूपी वॉरियर्स की टीम से खेलेंगी। ऑक्शन में उनके लिए दिल्ली कैपिटल्स ने सबसे पहले 50 लाख रूपए की बोली लगाई और उसके बाद किसी और की बोली नहीं आई। ऐसा लगा कि डीसी को काफी सस्ते में महिला वनडे विश्व कप की प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट मिल गई है।

हालांकि, यूपीडब्ल्यू के पास आरटीएम मौजूद था। इसके बाद दिल्ली ने सीधे 3-2 करोड़ रूपए की बोली लगाई और यूपी वॉरियर्स ने इसे मैच करते हुए दीप्ति को रिटेन करने का निर्णय लिया। उन्होंने अपना आरटीएम इस्तेमाल किया। सोफी डिवाइन डब्ल्यूपीएल 2026 में गुजरात जायंट्स की टीम से खेलेंगी। उन्हें 2 करोड़ की बड़ी राशि के साथ टीम में शामिल किया गया है। गुजरात जायंट्स ने 50 लाख रुपये पर उनकी पहली बोली लगाई। इसके बाद आरसीबी ने इंट्रेस्ट दिखाया और बोली बढ़ती चली गई। 1-1 करोड़ रूपए पर दिल्ली कैपिटल्स ने एंट्री मारी थी, लेकिन गुजरात किसी हाल में पीछे हटने को तैयार नहीं थी। लगातार बोलियां लगती रहीं और अंत में गुजरात को सफलता मिली।

डीसी को लगातार तीन बार डब्ल्यूपीएल फाइनल में ले जाने वाली ऑस्ट्रेलिया की दिग्गज कप्तान मेग लैनिग यूपीडब्ल्यू की टीम में शामिल हो गई हैं। उनके लिए डीसी ने सबसे पहले पैडल उठाया और उनके तुरंत बाद यूपीडब्ल्यू भी इसमें कूद गई। डब्ल्यूपीएल 2023 में 1-1 करोड़ रूपए में बिकने वाली लैनिग के लिए डीसी 1-7 करोड़ रूपए तक गई थी। इसके बाद यूपीडब्ल्यू ने 1-9 करोड़ रूपए बोली लगाई और उन्हें अपने साथ जोड़ा। मार्की सेट की आखरिरी खिलाड़ी दक्षिण अफ्रीकी कप्तान लॉरा वुलफार्ट थीं। उनकी बेस प्राइस 30 लाख रुपये थी। आरसीबी ने बोली की शुरुआत की और डीसी ने भी तुरंत अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। काफी कम समय में बोली एक करोड़ के करीब पहुंच गई थी। 90 लाख पर ऐसा लगा कि डीसी पीछे हट जाएगी, लेकिन फिर उन्होंने कमबैक करते हुए 1-1 करोड़ रूपए की बोली में वुलफार्ट को अपने साथ जोड़ लिया।

# तन्वी ने पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 नोजोमी को चौंकाया



- **ईशा रानी बरुआ ने एक ओर जबरदस्त प्रदर्शन किया, उन्होंने यूक्रेन की आठवीं सीडी पोलिना बुहरोवा को 21-15, 21-8 से हराया**

**लखनऊ, वार्ता।** 16 साल की तन्वी शर्मा ने सैयद मोदी इंटरनेशनल 2025 के तीसरे दिन करियर की सबसे बड़ी जीत हासिल की। उन्होंने पूर्व वर्ल्ड नंबर 1, पूर्व वर्ल्ड चैंपियन और ओलंपिक मेडलिस्ट नोजोमी ओकुहारा को तीन गेम के रोमांचक मुकाबले में हराकर तहलका मचा दिया। वर्ल्ड जूनियर्स सिल्वर मेडलिस्ट ने जबरदस्त हिम्मत दिखाई, एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सिर्फ एक घंटे से भी कम समय में 13-21, 21-16, 21-19 से यादगार जीत हासिल की - यह उनके छोटे करियर का सबसे बड़ा नतीजा था, जिससे उन्होंने क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। उलटफेर यहीं नहीं रुके। इशारानी बरुआ ने एक और जबरदस्त प्रदर्शन किया, उन्होंने यूक्रेन की आठवीं सीड पोलिना बुहरोवा को 21-15, 21-8 से हराया। टॉप सीड उन्नति हुड्डा ने तस्नीम मीर को 21-15, 21-10 से हराकर आराम से जीत हासिल की, जबकि रक्षिता श्री ने देविका सिंहाग को 16-21, 21-19, 21-17 से हराया। मेन्स सिगल्स में, तीसरे दिन और भी सरप्राइज आए, जब मनराज सिंह ने तीसरे सीड एचएस प्रणय को 21-15, 21-18 से हराया। मिथुन मंजूनाथ ने छठे सीड थारुन मन्नेपल्ली को 21-16, 17-21, 21-7 से हराया, जबकि पूर्व चैंपियन किदांबी श्रीकांत ने सनीथ दयानंद को 21-6, 21-16 से आसानी से हराया।

टॉप सीड विमेंस डबल्स जोड़ी ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए जेनिथ एबिगेल/लिखिता श्रीवास्तव को 21-17, 21-12 से हराया। जॉली ने हरिहरन अम्साकारुनन के साथ मिलकर मिक्स्ड डबल्स में दूसरे सीड रोहन कपूर/रुथविका गड्डे को 24-22, 21-15 से हराया।

# अफगानिस्तान अंडर-19 टीम ने भारत को 65 रनों से हराया

- **अफगानिस्तान की टीम चार मैचों में तीन जीत के साथ 12 अंक लेकर सूची में शीर्ष पर**

**बेंगलुरु, वार्ता।** कप्तान महबूब खान (50) और अजीजुल्लाह मिआखिल (60) की अर्धशतकीय पारियों के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर अफगानिस्तान अंडर-19 टीम ने गुरुवार को त्रिकोणीय श्रृंखला के छठे एकदिवसीय मुकाबले में भारत ए अंडर-19 टीम को 65 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ ही अफगानिस्तान की टीम चार मैचों में तीन जीत के साथ 12 अंकों लेकर तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। 234 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत ए अंडर-19 टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट दो रन के स्कोर पर गंवा दिए। इसके बाद कप्तान विहान मल्होत्रा और वीके विनीत ने पारी को संभालने का प्रयास किया। चौथे ओवर में सलमान खान ने विहान मल्होत्रा (13) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। अभिज्ञान कुंडु (12), मोहम्मद एनान (एक), कनिष्क चौहान (16), खिलन पटेल (29) और हेनिल पटेल (पांच) रन बनाकर आउट हुए। वीके विनीत ने भारतीय टीम के लिए सर्वाधिक 63 रनों की पारी खेली। उन्होंने 62 गेंदों का सामना करते हुए 11 चौके और एक छक्का भी लगाया। 31वें ओवर की दूसरी गेंद पर अब्दुल अजीज ने मोहम्मद मलिक (शून्य) को आउटकर 168 के स्कोर पर भारतीय पारी का अंत कर दिया। अफगानिस्तान के लिए अब्दुल अजीज, सलमान खान और रूहुल्लाह अरब ने तीन-तीन विकेट लिए। इससे पहले आज यहां भारत ए अंडर-19 टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान की टीम ने भारतीय गेंदबाजों का जमकर सामना करते हुए निर्धारित 50 ओवरों में आठ विकेट पर 233 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। कप्तान महबूब खान ने 82 गेंदों में चार चौके और एक छक्के की मदद से 50 रनों की पारी खेली। अजीजुल्लाह मिआखिल ने 65 गेंदों में पांच चौके और दो छक्कों की मदद से 60 रन बनाए। खालिद (30), उजैरुल्लाह (18) रनों का योगदान दिया।

# डब्ल्यूबीबीएल के शेष मुकाबलों से जेमिमा रॉड्रिग्स बाहर



**मंधाना ने अपने टीम के साथी खिलाड़ी के साथ ही रहने का फैसला किया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** डब्ल्यूबीबीएल के शेष सीजन के लिए वापस न लौटने के जेमिमाह रॉड्रिग्स के फैसले को ब्रिस्बेन हीट ने स्वीकार कर लिया है, जिसका मतलब है कि भारतीय बल्लेबाज डब्ल्यूबीबीएल के मौजूदा सीजन के शेष चार मुकाबलों के लिए अपनी फ्रेंचाइजी के साथ नहीं जुड़ेंगी। हीट द्वारा जारी मीडिया रिलीज में बताया गया है कि रॉड्रिग्स, स्मृति मांधना के विवाह समारोह में शिरकत करने के लिए भारत लौटी थीं और मंधाना के पिता का स्वास्थ्य खराब होने के चलते उन्होंने भारत में अपनी टीम की साथी खिलाड़ी के साथ ही रहने का फैसला किया है। फ्रेंचाइजी ने बताया कि उन्होंने रॉड्रिग्स के इस आग्रह को स्वीकार कर लिया है। ब्रिस्बेन हीट के सीईओ टेरी स्वेंसन ने अपने बयान में कहा कि निश्चित तौर पर यह जेमी के लिए चुनौतीपूर्ण समय है और साथ ही यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि वह डब्ल्यूबीबीएल में हिस्सा नहीं ले पाएंगी।

हम भारत में उनके रहने के अनुरोध को स्वीकार करने के लिए पूरी तरह से तैयार थे। हीट क्लब उन्हें और स्मृति मंधाना के परिवार को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता है। जेमी वापस न लौट पाने से काफी निराश थीं लेकिन उन्होंने परिस्थितियों को समझने के लिए क्लब और हीट के प्रशंसकों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया है।

वह खिलाड़ियों के संपर्क में हैं और उन्होंने शेष मुकाबलों के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। रॉड्रिग्स 15 नवम्बर को हुए होबार्ट हरिकेन्स के खिलाफ मुकाबला खेलने के बाद भारत लौटी थीं। हीट को अभी भी इस सीजन अपनी पहली जीत का इंतजार है। रॉड्रिग्स इस सीजन दूसरी बार हीट के साथ जुड़ी थीं।

# भारत की हार के बाद पंत ने माफी मांगी



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के विकेटकीपर ऋषभ पंत ने हाल ही में हुई टेस्ट सीरीज में नेशनल टीम के खराब प्रदर्शन के बाद गुरुवार को इंस्टाग्राम पर माफी मांगी, और माना कि भारत ने 'पिछले दो हफ्तों में अच्छा क्रिकेट नहीं खेला' और उन्होंने मजबूत वापसी का वादा किया। पंत ने लिखा कि इस बात से कोई इनकार नहीं कर सकता कि हमने पिछले दो हफ्तों में अच्छा क्रिकेट नहीं खेला। एक टीम और एक व्यक्ति के तौर पर, हम हमेशा सबसे ऊंचे लेवल पर परफॉर्म करना चाहते हैं और अरबों भारतीयों के चेहरे पर मुस्कान लाना चाहते हैं। माफ करना, हम इस बार उम्मीदों पर खरे नहीं उतर सके, लेकिन खेल आपको सीखना, ढलना और आगे बढ़ना सिखाता है।

एक टीम और एक व्यक्ति के तौर पर भी। यह मैसेज भारत की दक्षिण अफ्रीका से घरेलू टेस्ट सीरीज में 2-0 से हार के बाद आया है, इस नतीजे की फैंस और पुराने खिलाड़ियों ने कड़ी आलोचना की है। भारत को दो बड़ी हार का सामना करना पड़ा, जिसमें टेस्ट इतिहास में रनों से उसकी सबसे बड़ी हार भी शामिल है। उन्होंने कहा कि भारत को रिप्रेजेंट करना हमारी जदिगी का सबसे बड़ा सम्मान है। हम जानते हैं कि यह टीम क्या कर सकती है, और हम कड़ी मेहनत करेंगे, फिर से इकठा होंगे, फिर से फोकस करेंगे, और एक टीम और अकेले के तौर पर और मजबूत और बेहतर वापसी करने के लिए रीसेट करेंगे। अभी तक की वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) विनर, दक्षिण अफ्रीका ने गुवाहाटी में दूसरे और आखिरी टेस्ट में एशियन जायंट्स को 408 रनों से हराया, जहां पंत, शुभमन गिल की गैरमौजूदगी में भारत के स्टैंड-इन कैप्टन थे, जो गर्दन में ऐंठन के कारण बाहर हो गए थे। गुवाहाटी में यह हार टेस्ट क्रिकेट में रनों के मामले में भारत की सबसे बड़ी हार थी। भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज पंत दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के दौरान असर डालने में नाकाम रहे। पंत ने चार इनिग्स में 12-25 के खराब औसत से सिर्फ 49 रन बनाए।

## जेस जॉनसेन ने डब्ल्यूपीएल नीलामी से लिया अपना नाम वापस

**सिडनी, वार्ता।** कंधे की तकलीफ से उबर रही ऑस्ट्रेलिया की जेस जोनासेन ने गुरुवार से शुरु हो रही महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2026 की नीलामी से अपना नाम वापस ले लिया है। डब्ल्यूपीएल ने बुधवार को नीलामी से पहले आयोजित संवाददाता सम्मेलन में जोनासेन के नीलामी से नाम वापस लेने की जानकारी फ्रेंचाइजी को दी। उन्होंने यह भी बताया है कि बैटर प्रतीक रावल, विकेटकीपर-बैटर यास्तिका भाटिया और सीमर वीजे जोशीथा सभी चोटिल हैं, हालांकि उनके नाम नीलामी पूल का हिस्सा हैं।

## गोवा एफसी एएफसी चैंपियंस लीग टू से हुआ बाहर

**इराक, वार्ता।** भारत का एफसी गोवा, इराक के अल-जवरा फुटबॉल क्लब के खिलाफ खेले गए ग्रुप डी के दूसरे मुकाबले में हारकर एएफसी चैंपियंस लीग टू 2025-26 से बाहर हो गया। जवरा स्टेडियम में बुधवार को खेले गए ग्रुप डी के दूसरे मैच मेंएफसी गोवा को अल-जवरा से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। आयुष छेत्री को रेड कार्ड मिलने के बाद कदीम राड ने 38वें मिनट में गोल करके अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद गोवा ने 51वें मिनट में दुर्गम इस्माइल के गोल से स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया, लेकिन हसन अब्दुलकरीम ने 65वें मिनट में गोल करके मेजबान टीम को जीत दिला दी। इस जीत के साथ उसे तीन अंक हासिल हुए। एएफसी चैंपियंस लीग टू 2025-26 में अल-जवरा से गोवा की दूसरी हार ने फुटबॉल प्रतियोगिता से उसे बाहर कर दिया।

# सम्पादकीय

शुक्रवार, 28 नवम्बर 2025

## अश्लील कमेंट पर 'कमेंट'

सुप्रीम कोर्ट ने सोशल मीडिया और ओटीटी पर आपत्तिजनक कमेंट के नियमन को लेकर नाराजगी जताई और सरकार से चार हफ्तों में जवाब देने को कहा है। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस सूर्यकांत मिश्रा ने कहा कि अश्लीलता कहीं भी हो सकती है, किताब में भी, पेंटिंग में भी, अगर कहीं इसको लेकर नीलामी होती है, तो भी पाबंदियां होनी चाहिए। अदालत का तर्क था कि हम जाहिर है, एक सुझाव दे रहे हैं। एक समिति का गठन होना चाहिए, जो विशेषज्ञों का एक समूह हो सकता है। इसमें न्यायपालिका और मीडिया से भी कोई शामिल हो सकता है। पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर कुछ सामने आने दें और अगर इससे अभिव्यक्ति की आजादी बाधित होती है, तो उस पर विचार किया जा सकता है। हमें एक जिम्मेदार समाज बनाने की जरूरत है और एक बार ऐसा हो जाए, तो ज्यादातर समस्याएं हल हो जाएंगी। ये सुप्रीम कोर्ट में शायद पहला मामला आया हो, लेकिन से सही है कि अश्लील कमेंट आम लोगों को अपराध करने को उत्साहित करते हैं, जिस पर रोक लगाना जरूरी है। अभी तक इस पर न तो कोई कानून बना और न ही सभ्य समाज इन्हें बर्दाश्त करता है। अलबत्ता बीएनएस की धाराओं में कुछ ऐसा कहा गया है कि अश्लील कमेंट करने वालों को सजा दी जाएगी। ये अश्लील कमेंट समाज में एक नासूर की तरह हैं, जिनका इलाज बहुत जरूरी है, क्योंकि हमारे संविधान में सभी को अपनी जिंदगी जीने का मार्ग प्रशस्त है, लेकिन जब आम जिंदगी में कोई अवरोध पैदा होता है, तो आम इंसान ही अपराधी बन जाता है। अश्लील कमेंट के बहुत कम केस ही पुलिस के पास जाते हैं, लेकिन इसके बावजूद यह सिलसिला नहीं रुक रहा। आखिरकार जब आम आदमी को न्याय नहीं मिलता, तो उसकी मंजिल कोर्ट की ओर जाती है। इसीलिए इसमें कोर्ट को सख्त होना पड़ा, क्योंकि वहीं से उम्मीद जताई गई है कि इस पर सरकार कोई कानून बनाएगी और इस नासूर का इलाज कर पाएगी। क्योंकि यह तेजी से फैलने की क्षमता रखता है। सोशल मीडिया के लिए यह और भी अस्पष्ट है, क्योंकि यह सीमाओं को पार कर वैश्विक हो जाता है। बेशक, अधिकारों का गला घोंटने का विचार नहीं है, लेकिन अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के साथ कंटेंट को व्यवस्थित करने की बेहद शक्ति है। मुख्य न्यायाधीश कांत ने कहा कि जब ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया था । एक्स पर एक व्यक्ति था, उसने आकर पोस्ट किया कि मैं पाकिस्तान के साथ हूं। फिर उसने कहा कि उसने एक घंटे बाद पोस्ट हटा दिया, तो क्या हुआ? नुकसान तो हो ही चुका है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को उपयोगकर्ता-जनित सामग्री, सोशल मीडिया/ओटीटी सामग्री से निपटने के लिए नियम बनाने हेतु चार हफ्ते का समय दिया। आम आदमी के अंदर उठ रहे गंदे और अश्लील विचारों को कैसे रोका जाए। इसके लिए कुछ बातों का जानना बहुत जरूरी है। जैसे अश्लील और नकारात्म विचार न केवल हमारे मानसिक शांति को भंग करते हैं, बल्कि हमारे आत्मिकता और रिश्तों पर भी नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। आजकल अश्लीलता बहस का एक बड़ा मुद्दा बना हुआ है। सोशल मीडिया हो, मुख्य धारा की सिनेमा हो या फिर बेवसीरीज हर जगह इसे सामान्य रूप से देखा जा रहा है। पर इस के बारे में कानून क्या कहता है? क्या अश्लीलता रोकने के लिए कोई कानूनी है? अगर है तो क्या यह पर्याप्त है? उससे भी बड़ी बात यह कि अश्लीलता है क्या? हालांकि अश्लीलता को कानून ने पारिभाषिक रूप से 'महिलाओं का अशिष्ट चित्रण' का नाम देकर उसे परिभाषित करने का प्रयास किया है, पर इस बारे में सबसे बड़ी व्यावहारिक समस्या यह है कि यह एक व्यक्तिगत चीज है। किसी व्यक्ति को कोई चीज अश्लील या अशिष्ट लग सकती है जबकि दूसरे को नहीं।

### लोग हताश होकर नौकरी छोड़ने को मजबूर



भाजपा सरकार सत्ता के अहंकार में इस भ्रम में है कि काम के दबाव में किसी की मृत्यु होने पर न तो वे अपनी व्यवस्था सुधारेंगे, न ही कोई मुआवजा देंगे, चुनाव आयोग से अपील है कि मृतक आश्रितों को 1 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाए, समाजवादी पार्टी मृतक आश्रितों को 2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करेगी, बीएलओ भाई-बहनों पर एसआईआर का अव्यावहारिक एवं असंभव लक्ष्य थोपकर जो अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है, वह अत्यंत निंदनीय और घोर आपत्तिजनक है, भाजपा राज में कर्मचारियों को प्रताड़ना, दबाव और अशांति के अलावा कुछ नहीं मिला है, भाजपा ने नई नौकरियां नहीं दीं और जो मौजूदा व्यवस्थाएं हैं, उन्हें इतना कठिन बना दिया है कि लोग हताश होकर नौकरी छोड़ने को मजबूर हों। **-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# सदैव आकर्षण का केंद्र रहा है लाल ग्रह





**योगेश कुमार गोयल**

**मंगल ग्रह के चारों ओर कोई वलय नहीं हैं। कई अध्ययनों से पता चल चुका है कि मंगल ग्रह पृथ्वी की स्थलाकृति से काफी मिलता-जुलता है। मंगल ग्रह पर पृथ्वी की तरह अलग-अलग मौसम हैं लेकिन वे पृथ्वी पर मौसम की तुलना में अधिक समय तक रहते हैं। चूंकि मंगल ग्रह के बहुत से गुण पृथ्वी की तरह ही हैं, इसीलिए पृथ्वी के पर्यावरण की तरह मंगल के पर्यावरण को समझकर यह माना जाता है कि बहुत साल पहले मंगल ग्रह पर भी जीवन संभव हुआ होगा और यह भी माना जाता है कि भविष्य में भी मंगल ग्रह पर जीवन संभव है। सूर्य से बहुत दूर होने के कारण मंगल की कक्षा पूरी होने की गति बहुत धीमी है और इसी कारण मंगल ग्रह पर एक वर्ष में करीब 687 दिन बीतेंगे, जो पृथ्वी पर एक वर्ष से लगभग दोगुना समय है। सूर्य के चारों ओर एक चक्कर पूरा करने में मंगल ग्रह को 1.88 पृथ्वी वर्ष लगते हैं। मंगल ग्रह का गुरुत्वाकर्षण खिंचाव पृथ्वी का करीब एक-तिहाई है और गुरुत्वाकर्षण के विभिन्न खिंचाव के परिणामस्वरूप ही यदि किसी व्यक्ति का वजन पृथ्वी पर सौ पाउंड है तो अंतरिक्ष में उसका वजन केवल 38 पाउंड ही होगा।**

वैसे तो रात होते ही आसमान में बहुत सारे तारे टिमटिमाते नजर आते हैं लेकिन इंसानों के लिए पृथ्वी के बगल में सदा से ही आकर्षण का केन्द्र रहा एक खूबसूरत लाल ग्रह मौजूद है, जिसे रेड प्लेनेट अथवा मंगल के नाम से जाना जाता है।

मंगल ऐसा ग्रह है, जो रात के समय लाल रंग का दिखाई देता है। इसी लाल ग्रह के बारे में और अधिक जानने के लिए प्रतिवर्ष 28 नवम्बर को लाल ग्रह दिवस (रेड प्लेनेट डे) मनाया जाता है। यह दिवस 28 नवम्बर 1964 को नासा (नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन) द्वारा अंतरिक्ष यान मेरिनर-4 के प्रक्षेपण की याद में मनाया जाता है, जो कई असफल मिशनों के बाद मंगल ग्रह पर उतरने वाला पहला अंतरिक्ष यान था। करीब आठ महीने की यात्रा करने के बाद यह अंतरिक्ष यान 14 जुलाई 1965 को लाल ग्रह पर पहुंचा था। 28 नवम्बर 1964 को नासा ने जब पहली बार मेरिनर-4 रोबोटिक इंटरप्लेनेटरी प्रो लांच किया था, तब अनौपचारिक छुट्टी की घोषणा की गई थी और सभी ने नासा की इस सफलता को उत्साहपूर्वक मनाया था। मेरिनर-4 को फ्लाई-बाय के दौरान डेटा एकत्र करने, ग्रहों की खोज और मंगल ग्रह के वैज्ञानिक अवलोकन को सक्षम करने तथा उस डेटा को पृथ्वी पर लोगों को वापस रिले करने के लिए बनाया गया था। अपने 228 दिनों के सफर को सफलतापूर्वक तय करने के बाद मेरिनर-4 पहला ऐसा स्पेसक्राफ्ट बना था, जिसे नासा द्वारा मंगल ग्रह पर सफलतापूर्वक उतारा गया था। उसी स्पेसक्राफ्ट ने मंगल ग्रह की तस्वीरें पहली बार दुनिया के सामने प्रस्तुत की थी।


अब तक 14 मंगल मिशन सफलतापूर्वक आयोजित किए जा चुके हैं, जहां मानव निर्मित वस्तुएं इस ग्रह पर उतरी। भारत भी इसरो के जरिए मंगल ऑर्बिट तक पहुंचने के अपने मंगल मिशन में सफल हो चुका है। मंगल को जानने के लिए अब तक दुनियाभर में शुरू किए गए दो तिहाई अभियान असफल रहे हैं लेकिन भारत 24 सितम्बर 2014 को मंगल पर पहुंचने के साथ ही विश्व में अपने पहले ही प्रयास में सफल होने वाला पहला देश तथा सोवियत रूस, नासा और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के बाद मंगल पर पहुंचने वाला दुनिया का चौथा देश बना था। सूर्य से चौथा ग्रह लाल ग्रह यानी मंगल है और मंगल तथा पृथ्वी का गहरा संबध माना जाता रहा है। मंगल ग्रह पृथ्वी के आकार का लगभग आधा है और अपने साथी स्थलीय ग्रहों की ही तरह इसमें भी एक केन्द्रीय कोर, एक चट्टानी आवरण और एक ठोस परत है। धूल भरी, ठंडी, रेगिस्तानी दुनिया में इसका वातावरण बहुत पतला है। मौसमों, ध्रुवीय बर्फ की चोटियों, घाटियों, विलुप्त ज्वालामुखी और इस बात के प्रमाण होने के साथ-साथ कि यह एक समय और भी अधिक सक्रिय था, मंगल एक गतिशील ग्रह है। पृथ्वी की तुलना में सूर्य से अधिक दूरी के कारण, मंगल ग्रह पर ऐसे मौसम का अनुभव होता है, जो अत्यधिक तापमान से बना होता है और तापमान -191 डिग्री फारेनहाइट से 81 डिग्री तक जा सकता है। लाल ग्रह के बारे में जानने के लिए कई एस्ट्रोनॉमी क्लब की भी शुरुआत की गई है, जो मंगल ग्रह से जुड़ी जानकारियों को एक-दूसरे से बांटने का काम करते हैं।

मंगल ग्रह के चारों ओर कोई वलय नहीं हैं। कई अध्ययनों से पता चल चुका है कि मंगल ग्रह पृथ्वी की स्थलाकृति से काफी मिलता-जुलता है। मंगल ग्रह पर पृथ्वी की तरह अलग-अलग मौसम हैं लेकिन वे पृथ्वी पर मौसम की तुलना में अधिक समय तक रहते हैं। चूंकि मंगल ग्रह के बहुत से गुण पृथ्वी की तरह ही हैं, इसीलिए पृथ्वी के पर्यावरण की तरह मंगल के पर्यावरण को समझकर यह माना जाता है कि बहुत साल पहले मंगल ग्रह पर भी जीवन संभव हुआ होगा और यह भी माना जाता है कि भविष्य में भी मंगल ग्रह पर जीवन संभव है। सूर्य से बहुत दूर होने के कारण मंगल की कक्षा पूरी होने की गति बहुत धीमी है और इसी कारण मंगल ग्रह पर एक वर्ष में करीब 687 दिन बीतेंगे, जो पृथ्वी पर एक वर्ष से लगभग दोगुना समय है। सूर्य के चारों ओर एक चक्कर पूरा करने में मंगल ग्रह को 1.88 पृथ्वी वर्ष लगते हैं। मंगल ग्रह का गुरुत्वाकर्षण खिंचाव पृथ्वी का करीब एक-तिहाई है और गुरुत्वाकर्षण के विभिन्न खिंचाव के परिणामस्वरूप ही यदि किसी व्यक्ति का वजन पृथ्वी पर 100 पाउंड है तो अंतरिक्ष में उसका वजन केवल 38 पाउंड ही होगा। यह जानना भी बहुत दिलचस्प है कि मंगल ग्रह को लाल ग्रह क्यों कहा जाता है? दरअसल यह आकाश में एक लाल सितारे के रूप में दिखाई देता है और इसकी सतह भी महीन रेत और आयरन ऑक्साइड से भरी धूल से ढ़की हुई होती है। मंगल ग्रह की सतह पर पाए जाने वाले तत्वों के कारण ही यह ग्रह लाल रंग का है। नासा के मुता. बिक मंगल की सतह पर आयरन ऑक्साइड की बहुत अधिक मात्रा में मौजूदगी है और वैज्ञानिकों के अनुसार जिस प्रकार ऑक्सीजन तथा नमी के सम्पर्क में आने पर पृथ्वी पर लोहे की वस्तुओं पर जंग लग जाती है, ठीक उसी प्रकार मंगल की मिट्टी में मौजूद लौह खनिज में जंग लग गया है और उसी कारण यह लाल नजर आती है। मंगल की सतह पर काफी मात्रा में लोहा है और जब यह ऑक्सीजन के अणुओं के साथ क्रिया करता है तो आयरन ऑक्साइड बनाता है, जिसे आम भाषा में जंग लगना भी कहते हैं। पृथ्वी अपने वायुमंडल के कारण नीले रंग की दिखाई देती है लेकिन मंगल का जंग जैसा लाल रंग इसकी मिट्टी में ऑक्सीकृत लोहे के कारण आता है। नासा के मुता. बिक मंगल ग्रह पर बहुत सारी चट्टानें लोहे से भरी हुई हैं और जब वे बाहरी वातावरण के सम्पर्क में आती हैं तो ऑक्सीकरण करती हैं और लाल हो जाती हैं। जब उन चट्टानों से जंग लगी धूल वायुमंडल में फैलती है तो इससे मंगल ग्रह का आकाश लाल या गुलाबी दिखने लगता है। आयरन ऑक्साइड अथवा आयरन रस्ट की मात्रा बहुत ज्यादा होने के कारण ही मंगल ग्रह लाल रंग का दिखाई देता है और इसीलिए इसे लाल ग्रह कहा जाता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अब खून बताएगा थकान की असली वजह

CFS दुनियाभर में लगभग 1.7 से 2.4 करोड़ लोगों को प्रभावित करता है, लेकिन कोई निश्चित जांच न होने के कारण इसे अक्सर पहच. ाना नहीं जाता या अन्य बीमारियों के साथ जोड़ लिया जाता है। मरीज न केवल अत्यधिक थकान से जूझते हैं, बल्कि बदन दर्द, नींद की समस्याएं और एकाग्रता में कठिनाई का सामना भी करते हैं। डॉ. दिमित्रि पीशेजेत्स्की की शोध टीम ने एक विशेष एपिजेनेटिक परीक्षण का इस्तेमाल किया, जिससे यह पता लगाया गया कि प्रतिरक्षा कोशिकाओं के अंदर डीएनए कैसे व्यवस्थित होता है। 47 गंभीर मरीजों और 61 स्वस्थ लोगों के रक्त नमूनों की तुलना में इस परीक्षण ने 96 प्रतिशत मामलों में सही पहचान की, जिससे इसके भविष्य में शक्तिशाली नैदानिक विधि बनने की संभावना है।



वैज्ञानिक अब खून की एक सरल जांच विकसित करने के करीब हैं, जिससे क्रॉनिक फटीग सिंड्रोम CFS या मायाल्जिक एन्सेफेलोमेलाइटिस ME का निदान आसानी से किया जा सकेगा। ब्ध्ै की वजह से लाखों लोग वर्षों तक लगातार थकान और ऊर्जा की कमी से पीड़ित रहते हैं। ब्रिटेन स्थित युनिवर्सिटी ऑफ ईस्ट एंग्लिया के शोधकर्ताओं के नए अध्ययन में पाया गया कि ME/CFS से पीड़ित लोगों की रक्त कोशिकाओं में एपिजेनेटिक बदलाव होते हैं। ये ऐसे रासायनिक परिवर्तन हैं जो जीन के काम करने के तरीके को प्रभावित करते हैं, हालांकि जीन की संरचना में कोई बदलाव नहीं होता। दशकों से पहेली बनी इस बीमारी के निदान के लिए यह खोज एक भरोसेमंद परीक्षण विकसित करने में मदद कर सकती है।

गौरतलब है कि CFS दुनियाभर में लगभग 1.7 से 2.4 करोड़ लोगों को प्रभावित करता है, लेकिन कोई निश्चित जांच न होने के कारण इसे अक्सर पहचाना नहीं जाता या अन्य बीमारियों के साथ जोड़ लिया जाता है। मरीज न केवल अत्यधिक थकान से जूझते हैं, बल्कि बदन दर्द, नींद की समस्याएं और एकाग्रता में कठिनाई का सामना भी करते हैं। डॉ. दिमित्रि पीशेजेत्स्की की शोध टीम ने एक विशेष एपिजेनेटिक परीक्षण का इस्तेमाल किया, जिससे यह पता लगाया गया कि प्रतिरक्षा कोशिकाओं के अंदर डीएनए कैसे व्यवस्थित होता है। 47 गंभीर मरीजों और 61 स्वस्थ लोगों के रक्त नमूनों की तुलना में इस परीक्षण ने 96 प्रतिशत मामलों में सही पहचान की, जिससे इसके भविष्य में शक्तिशाली नैदानिक विधि बनने की संभावना है।

अध्ययन में पाया गया कि जीन और एपिजेनेटिक स्तर पर बदलाव प्रतिरक्षा और शोथ प्रतिक्रिया से जुड़े हैं, जो ME/CFS में प्रतिरक्षा प्रणाली के असंतुलन का संकेत देते हैं। यह बदलाव नॉन-कोडिंग डीएनए में पाए गए, जो प्रोटीन नहीं बनाते बल्कि अन्य जीन के चालू या बंद होने को नियंत्रित करते हैं। यह अध्ययन एक बड़ी सफलता है, लेकिन विशेषज्ञों ने और शोध की आवश्यकता जताई है। कॉर्नेल यूनिवर्सिटी की डॉ. केटी ग्लास, जो स्वयं कभी ME/CFS से पीड़ित रही हैं, ने इसे सराहा लेकिन कहा है कि यह अध्ययन बहुत छोटे स्तर पर हुआ है, इसलिए इसे अभी निदान के रूप में उपयोग नहीं किया जा सकता। फिर भी यह लंबे समय से इस अबूझ बीमारी से जूझ रहे लाखों लोगों के लिए उम्मीद जगाती है।

**स्रोत फीचर्स**

# गाजा का पुनर्निर्माण: वैज्ञानिकों की क्या है भूमिका

गाजा में हालिया युद्धविराम की घोषणा के बाद एक ओर तो लोग खुशियां मना रहे हैं, लेकिन दूसरी ओर विशेषज्ञों का मानना है कि जब तक फिलिस्तीन के स्थानीय वैज्ञानिक, शिक्षक और योजनाकार पुनर्निर्माण की जिम्मेदारी नहीं संभालते, तब तक गाजा को फिर से खड़ा करना मुश्किल होगा। यह चेतावनी उन शोधकर्ताओं की है जो युद्ध के बाद पुनर्निर्माण और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में काम करते हैं। उनका मानना है कि यदि यह काम विद. ेशी संस्थाओं या सरकारों के हाथों में दिया गया, तो पहले जैसी गलतियां दोहराई जा सकती हैं और असली जानकार यानी जो अपनी जमीन और समाज की जरूरतों को समझते हैं वे पीछे रह जाएंगे।

गौरतलब है कि अमेरिका द्वारा तैयार और इस्राइल द्वारा मंजूर की गई योजना के तहत, हमास द्वारा अपने हथियार डालने, बंधकों को रिहा करने और राजनीति से पीछे हटने की उम्मीद है। बदले में इस्राइल अपनी सैन्य कार्रवाई रोकने, सेना को गाजा से हटाएगा, मानवीय सहायता बढ़ाने और संयुक्त राष्ट्र को क्षेत्र में काम करने की अनुमति देगा। हालांकि इस योजना में यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि गाजा का पुनर्निर्माण कैसे होगा और उससे भी महत्वपूर्ण कि कौन करेगा।

अक्टूबर 2023 में शुरू हुए इस्राइल के सैन्य अभियान ने गाजा को पूरी तरह तबाह कर दिया। अगस्त के अंत तक सहायता पर लगे प्रतिबंधों के कारण लोगों को खाने की भारी कमी का सामना करना पड़ा। एक स्वतंत्र समिति की रिपोर्ट के अनुसार, पांच लाख से अधिक लोग भुखमरी से जूझ रहे हैं। वहीं, दी लैंसेट की रिपोर्ट के अनुसार पांच साल से छोटे लगभग 55,000 बच्चे गंभीर कुपोषण का शिकार हैं। मानव संसाधन के स्तर पर भी स्थिति बहुत खराब है। 2200 से अधिक डॉक्टर्स, नर्सें और शिक्षक मारे जा चुके हैं। युनेस्को के अनुसार, लगभग 80 प्रतिशत विश्वविद्यालय और कॉलेज या तो क्षतिग्रस्त हो गए हैं या पूरी तरह ढह गए हैं, जिससे करीब 88,000 विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़नी पड़ी है। दक्षिण अफ्रीका स्थित नेल्सन मंडेला यूनिवर्सिटी के शोधकर्ता सावो हेलीटा का अनुमान है कि युद्ध में गाजा के उच्च शिक्षा क्षेत्र को लगभग 222 मिलियन डॉलर (1950 करोड़ रुपये) का नुकसान हुआ है। उनका कहना है कि इसे दोबारा खड़ा करने में करीब एक अरब डॉलर लग सकते हैं, क्योंकि निर्माण से पहले मलबा हटाना और बमों को निष्क्रिय करना होगा। इस काम के लिए आवश्यक सहायता राशि मुख्य रूप से खाड़ी देशों और तुर्की से मिलने की संभावना है। हालांकि पहले के वर्षों में फिलिस्तीनी विश्वविद्यालयों को सालाना लगभग 20 मिलियन डॉलर की बहुत कम आर्थिक सहायता मिलती थी। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि पुनर्निर्माण केवल इमारतों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। इसके साथ में ऑनलाइन शिक्षा को जारी रखना होगा, विद्यार्थियों और शिक्षकों के मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा और गाजा के शोधकर्ताओं को दुनिया के शैक्षणिक समुदाय से दोबारा संपर्क बनाना होगा। चूंकि गाजा के अधिकांश विश्वविद्यालय विद्यार्थियों की फीस पर निर्भर हैं, ऐसे में सुझाव है कि अंतर्राष्ट्रीय



सहायता से फीस भरी जाए ताकि विश्वविद्यालय पुनर्निर्माण के दौरान भी चलते रहें।

**स्थानीय विशेषज्ञता की ताकत**

विशेषज्ञों का मानना है कि गाजा के पुनर्निर्माण का नेतृत्व उन्हीं फिलिस्तीनियों को करना चाहिए जो अपनी जमीन, संस्कृति और समाज को सबसे अच्छी तरह जानते हैं। गाजा के शिक्षाविदों के पास अपनी धरती और लोगों की अनोखी और गहरी समझ है, जिसे कोई बाहरी व्यक्ति नहीं समझ सकता। इसके अलावा गाजा के माहौल को फिर से बसाने में उन लोगों की भागीदारी जरूरी है जो वहां रहेंगे और इसके परिणामों को झेलेंगे। इलाके के भविष्य से जुड़े फैसले उन्हीं समुदायों से आने चाहिए जो सबसे ज्यादा प्रभावित हैं, लेकिन राष्ट्रपति ट्रम्प की पुनर्निर्माण योजना के तहत, गाजा की सार्वजनिक सेवाएं एक तकनीकी समिति चलाएगी, जिसमें कुछ फिलिस्तीनी और कुछ अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ होंगे।

इस समिति की निगरानी बोर्ड ऑफ पीस नामक एक अंतर्राष्ट्रीय निकाय करेगा, जिसका नेतृत्व खुद ट्रम्प करेंगे और जिसमें ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर भी शामिल होंगे। कई विशेषज्ञों के लिए यह व्यवस्था काफी चिंताजनक है, क्योंकि उन्हें डर है कि इससे फिलिस्तीनी नेतृत्व को नजरअंदाज किया जा सकता है। कतर स्थित हमद बिन खलीफा यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर सुल्तान बराकात चेतावनी देते हैं कि अगर यह समिति कब्जे का प्रबंधन बनकर रह गई, तो कई सम्मानित शिक्षाविद इसमें शामिल होने से इंकार कर देंगे। असली पुनर्निर्माण तभी संभव है जब फिलिस्तीनियों को योजना बनाने से लेकर शिक्षा और पर्यावरण सुधार तक में नेतृत्व और अधिकार दिया जाए। इसी तरह का विचार गाजा यूनिवर्सिटी के पूर्व अध्यक्ष और शोधकर्ता फरीद अल-कीक का भी है जिन्होंने युद्धविराम के जश्न के दौरान कहा कि आज खुशी और उम्मीद का दिन है, लेकिन गाजा का भविष्य गाजा के लोगों के हाथों से ही बनना चाहिए।

**-स्रोत फीचर्स**

# नहीं कम हो रहीं शेख हसीना की मुश्किलें

## बांग्लादेश की कोर्ट ने अपदस्थ प्रधानमंत्री को भ्रष्टाचार के तीन मामलों में 21 साल की सजा सुनाई

**ढाका।** बांग्लादेश की एक कोर्ट ने गुरुवार को अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को भ्रष्टाचार के तीन मामलों में 21 साल जेल की सजा सुनाई। बांग्लादेश की सरकारी न्यूज एजेंसी बीएसएस ने बताया कि ये तीनों मामले पुरबाचोल में राजुक न्यू टाउन प्रोजेक्ट में प्लॉट बांटने में कथित गड़बड़ियों को लेकर दर्ज किए गए थे। जज ने दोषी की गैरमौजूदगी में यह फैसला सुनाया क्योंकि उसे अभी गिरफ्तार नहीं किया गया है और उसकी गैरमौजूदगी में ही उस पर मुकदमा चलाया गया था।

बता दें कि शेख हसीना को हर मामले में सात साल की सजा सुनाई गई, यानी कुल 21 साल जेल। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि शेख हसीना को प्लॉट बिना किसी अर्जी के और कानूनी तौर पर तय अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर दिया गया था। बांग्लादेश एंटी-करप्शन कमीशन (एसीसी) ने इस साल जनवरी में शेख हसीना और उनके परिवार के खिलाफ छह अलग-अलग मामले दर्ज किए थे। आरोप था कि उन्होंने ढाका के पूर्वाचल इलाके में



■ शेख हसीना और उनके परिवार की ओर से किसी भी मामले में कोई वकील मौजूद नहीं था

सरकारी प्लॉटों का अवैध रूप से आवंटन किया। आज जिन तीन मामलों में फैसला आया है, बाकी तीन मामलों का फैसला 1 दिसम्बर को सुनाया जाएगा। वहीं इस मामले में शेख हसीना के बेटे सजीब वाजेद जॉय को पांच साल की कैद और एक लाख टका जुर्माना और उनकी बेटी साइमा वाजेद पुतुल को भी पांच साल जेल की सजा सुनाई गई है। शेख हसीना और उनके परिवार की ओर से किसी भी मामले में कोई वकील मौजूद नहीं था, क्योंकि वे लंबे समय से फरार हैं। हालांकि, वे कई बयानों में भ्रष्टाचार के सभी आरोपों को झूठा और राजनीतिक साजिश बताते रहे हैं। इससे पहले ह बांग्लादेश की राजधानी ढाका में मौजूद अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने शेख हसीना को मानवता विरोधी अपराधों के आरोप में फांसी की सजा सुनाई थी। यह आरोप जुलाई 2024 में सरकार विरोधी आंदोलनों को दबाने के दौरान हुई हिंसा से जुड़े हैं। इसी बीच बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने भारत से शेख हसीना को वापस भेजने का अनुरोध किया है। भारत ने बताया कि यह अनुरोध मिल चुका है और उसे कानूनी प्रक्रिया के तहत जांच किया जा रहा है। इस मामले में भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत बांग्लादेश के लोगों की शांति, लोकतंत्र और स्थिरता के हितों के अनुसार इस पूरे मामले पर विचार कर रहा है और सभी पक्षों से बातचीत जारी रखेगा।

# इंडोनेशिया ने 12 बीएनटी-250 बमों का सफलतापूर्वक किया परीक्षण

**जकार्ता।** इंडोनेशियाई वायु सेना ने अमेरिकी निर्मित हथियारों पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य से घरेलू स्तर पर निर्मित बीएनटी-250 बम का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। जकार्ता पोस्ट अखबार ने गुरुवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। एयरबेस कमांडर मुचतादी अंजार लेगोवो ने कहा कि ये परीक्षण तकनीकी डेटा एकत्र करने और बम के परिचालन प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के लिए किए गए थे। उन्होंने बताया कि तीसरे एयर स्क्वाड्रन के पायलटों ने 18 नवम्बर को कुल 12 बीएनटी-250 बमों से लैस दो एएफ-16 एम लड़ाकू विमानों को लॉन्च किया। प्रत्येक विमान ने आठ बम विस्फोट किए।




**नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता खराब रहने के कारण ठंडी और धुंध भरी सर्दियों की सुबह में कर्तव्य पथ पर एक साइकिल चालक।**

# भारत-इंडोनेशिया ने समृद्ध हिन्द प्रशांत के लिए प्रतिबद्धता जताई

**नई दिल्ली।** भारत और इंडोनेशिया ने अंतर्राष्ट्रीय कानून और संप्रभुता के अधिकार पर आधारित मुक्त, खुले, शांतिपूर्ण और समृद्ध हिन्द प्रशांत के महत्व को दोहराते हुए इसके लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की है। दोनों देशों ने रक्षा संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने पर भी सहमति व्यक्त की है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को यहां इंडोनेशिया के रक्षा मंत्री सज़ाफ़री सज़ामसोएद्दीन के साथ तीसरे भारत-इंडोनेशिया रक्षा मंत्री संवाद की सह-अध्यक्षता की। बैठक में दोनों देशों ने दीर्घकालिक रणनीतिक साझेदारी और द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और मजबूत करने की पुष्टि की।

# जी-20 सदस्यता हमारा अधिकार अपमान बर्दाश्त नहीं: रामाफोसा

**प्रिटोरिया।** दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति साइरिल रामाफ़ोसा ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयान पर अपना रुख साफ़ करते हुए कहा है कि उनका देश 'अपने अधिकार से' जी-20 का सदस्य है और सम्मेलन में शामिल होने के लिए उन्हें किसी देश के मशवरे की ज़रूरत नहीं है। गौरतलब है कि ट्रम्प ने कहा था कि वह दक्षिण अफ्रीका को 2026 में फ्लोरिडा में होने वाले जी-20 सम्मेलन में आमंत्रित नहीं करेंगे। इसके जवाब में रामाफोसा ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका अपने नाम और अधिकार से जी-20 का सदस्य है। उसकी जी-20 सदस्यता सभी सदस्य राष्ट्रों की मंज़ूरी से है। दक्षिण अफ्रीका एक स्वायत्त संवैधानिक लोकतांत्रिक देश है और वैश्विक मंचों में सदस्यता एवं अधिकार के संबंध में किसी अन्य देश से अपमान स्वीकार नहीं करता है। उन्होंने एक बयान में कहा कि दक्षिण अफ्रीका हर देश की संप्रभुता का सम्मान करता है और वैश्विक समुदाय में किसी देश का या उसकी उपस्थिति और योग्यता का अपमान नहीं करेगा।

# इमरान खान जेल में, बाहर मौत की अफवाह

## जेल प्रशासन बोला: पूर्व पीएम की तबीयत ठीक, समर्थक मुलाकात पर अड़े, बहनें बोलीं: सच बताएं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की मौत को लेकर सोशल मीडिया पर अफवाह तेज हो गई है। इमरान अगस्त 2023 से रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि उनकी तबीयत ठीक नहीं है। पिछले 3 हफ्तों से इमरान की बहनें उनसे मिलने की कोशिश कर रही हैं, लेकिन जेल प्रशासन इसकी अनुमति नहीं दे रहा है। इसके चलते से इमरान की खराब सेहत के कयास लगाए जा रहे हैं। इमरान की बहनों ने सरकार से सच बताने की मांग की है। तनाव बढ़ने के बाद जेल प्रशासन ने कहा है कि इमरान खान की तबीयत बिल्कुल ठीक है। इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने भी इमरान की सेहत के बारे में हाल की अफवाहों के बारे में सरकार से स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही प्रशासन से पूर्व प्रधानमंत्री और उनके परिवार के बीच मुलाकात की व्यवस्था करने की मांग की है। इमरान की बहन अलीमा खान मंगलवार रात रावलपिंडी की अडियाला जेल के बाहर प्रदर्शन में शामिल हुईं। पीटीआई ने आरोप लगाया है कि विदेशी सोशल मीडिया अकाउंट्स से इमरान की मौत तक की खबरें फैलाई जा रही हैं, जो राष्ट्रीय सुरक्षा और मानवाधिकारों का उल्लंघन है। पार्टी ने सख्त चेतावनी दी है कि इमरान खान की सुरक्षा, स्वास्थ्य और संवैधानिक अधिकारों की जिम्मेदारी सीधे सरकार पर है। अगर कोई अनहोनी हुई तो इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पीटीआई ने अफवाह फैलाने वालों की जांच कराने की भी मांग की। इमरान खान की बहनें अलीमा खान, नोरीन नियाजी और डॉ. उज्मा खान पिछले कई दिनों से अडियाला जेल के बाहर धरना दे रही हैं, लेकिन उन्हें भाई से मिलने की अनुमति नहीं मिली। उनकी बहनों ने आरोप लगाया कि धरने के समय उन पर लाठीचार्ज किया गया और सड़क पर खींचकर घसीटा गया। उन्होंने इसे क्रूरता बताया और कहा है कि यह सब इमरान को परिवार से अलग करने की साजिश का हिस्सा है। अडियाला जेल में हर मंगलवार को कैदियों से मुलाकात की इजाजत मिलती है। इमरान खान के परिवार और पीटीआई नेताओं का कहना है कि उन्हें कई हफ्तों से खान से मुलाकात करने नहीं दी गई। बीते मंगलवार को भई बड़ी संख्या में पीटीआई कार्यकर्ता इमरान खान को देखने पहुंचे, लेकिन जेल प्रशासन ने किसी को भी उनसे मिलने नहीं दिया। इससे लोगों की चिंता और भी बढ़ गई। इसके बाद मंगलवार रात सोशल मीडिया पर 'इमरान खान कहां हैं', ट्रेंड करने लगा। इसके बाद बुधवार को अदियाला जेल के बाहर भारी संख्या में पीटीआई समर्थक जुटे। इस बीच, रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने इमरान की जेल सुविधाओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इमरान के पास जेल में टीवी है, बाहर से खाना आता है और जिम इक्विपमेंट भी मौजूद है। आसिफ ने कहा कि जब वो जेल में बंद थे तो उनके पास सिर्फ दो कंबल होते थे। उन्होंने बताया कि हम ठंडे फर्श पर सोते थे और जेल में बना खाना ही खाते थे। हमें गर्म पानी भी नहीं मिलता था। उन्होंने आरोप लगाया कि इमरान के पास डबल बेड और मखमली बिस्तर है। दावा किया कि जेल अधिकारी व्यक्तिगत रूप से उनकी देखभाल करते हैं। आसिफ ने कहा कि इमरान पर उनके समर्थकों को झूठ बोलने से पहले खुदा से डरना चाहिए। मार्च 2025 में इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने इमरान खान को परिवार और वकीलों से नियमित मुलाकात की मंजूरी दी थी, लेकिन जेल प्रशासन आदेश का पालन नहीं कर रहा।



■ इमरान को कुछ हुआ, तो बर्दाश्त नहीं करेंगे: पीटीआई, इमरान जेल में मखमली बिस्तर पर सोते हैं: रक्षा मंत्री

## एक हिंदू के सामने हमारे 90 हजार फौजियों ने सरेंडर किया: पाकिस्तान के पूर्व सांसद

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व सांसद और जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम (एफ) के प्रमुख फजल-उर-रहमान ने रविवार को एक रैली में कहा कि सेना देश की लगातार बेइज्जती करा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि 1971 की जंग में पाकिस्तान की सेना ने एक हिंदू (भारतीय जनरल) के सामने 90 हजार से ज्यादा सैनिकों के साथ सरेंडर किया था और पूरे मुल्क की इज्जत मिट्टी में मिला दी। उनके मुताबिक, पाकिस्तान ने दुनिया के सामने अपना चेहरा उसी दिन जला लिया था। मौलाना ने कहा कि देश को मिली उस शर्मनाक हार से पाकिस्तान आज तक उबर नहीं पाया है, क्योंकि उसी मानसिकता के फैसले आज भी जारी हैं।

# भारत-यूएई व्यापार 100 अरब डॉलर के पार

**नई दिल्ली।** भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच का व्यापार वित्त वर्ष 2024-25 में 19.6 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि के साथ सौ अरब डॉलर के स्तर को पार कर 100.06 अरब डॉलर तक पहुंच गया। भारत-यूएई सीईपीए (व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता) के अंतर्गत संयुक्त समिति की राजधानी में हुई तीसरी बैठक में दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय व्यापार में हुई तीव्र वृद्धि का स्वागत किया।

भारत की ओर से बैठक की अध्यक्षता वाणिज्य विभाग के अपर सचिव अजय भादू और यूएई के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार कार्य सहायक अवर सचिव जुमा अल कैत ने की। दोनों पक्षों ने वर्ष 2030 तक गैर-तेल और गैर कीमती धातु व्यापार को 100 अरब डॉलर तक बढ़ाने के लक्ष्य की ओर अपनी साझा प्रतिबद्धता दोहराई। बैठक में पक्षों के बीच व्यापार सुगमता, नियामक सहयोग, डेटा साझाकरण को मज़बूत करने और सेवा उपसमि. ति की बैठक आयोजित करने पर सहमति बनी है। यूएई भारत के प्रमुख व्यापारिक भागीदारों में है। भारत-यूएई संयुक्त आयोग द्विपक्षीय व्यापार में प्रगति की



■ यूएई भारत के प्रमुख व्यापारिक भागीदारों में है

समीक्षा, चुनौतियों का समाधान और सीईपीए को लागू करने के लिए प्राथमिक संस्थागत तंत्र के रूप में कार्य करता है। वाणिज्य मंत्रालय की गुरुवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार दोनों पक्षों ने सीईपीए के अंतर्गत प्रगति की व्यापक समीक्षा की। बैठक में बाजार में प्रवेश से जुड़े मुद्दों, डेटा के आदान-प्रदान, सोने के व्यापार में शुल्क-दर आधारित मात्रात्मक आयात कोटा (स्वर्ण टीआरक्यू) के आवंटन, डंपिगरोधी मामलों, सेवाओं, उत्पत्ति के नियमों, बीआईएस लाइसेंसिंग आदि पर विस्तृत चर्चा की गई। भारतीय पक्ष ने पारदर्शी प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से स्वर्ण टीआरक्यू आवंटित करने के अपने हालिया निर्णय के बारे में भी यूएई को जानकारी दी।

# चीन में 15 साल बाद सबसे बड़ा ट्रेन हादसा

## ट्रैक पर काम कर रहे लोगों को ट्रेन ने मारी टक्कर

**बीजिंग।** चीन के दक्षिणी प्रांत युन्नान में गुरुवार सुबह रेल हादसा में 11 रेलवे कर्मचारियों की मौत हो गई और 2 लोग घायल हो गए। यह दुर्घटना उस समय हुई जब एक टेस्ट ट्रेन, जो भूकंप से जुड़े इक्विपमेंट की जांच कर रही थी, अचानक उन कर्मचारियों से टकरा गई।

हादसा कुनमिंग शहर के लुओयांगजेन रेलवे स्टेशन पर हुआ, जहां रेलवे कर्मचारी एक टर्निंग ट्रैक वाले हिस्से में काम कर रहे थे। इसी दौरान ट्रेन उसी ट्रैक पर आ गई और टक्कर हो गई। यह 2011 में हुए ट्रेन हादसे के बाद दूसरी सबसे बड़ी दुर्घटना है। तब ट्रेन हादसे में 40 लोगों की मौत हुई थी। घायलों को तुरंत हॉस्पिटल ले जाया गया। चीन के सरकारी टीवी

■ 11 की मौत, दो घायल

चौनल सीसीटीवी के मुताबिक, टेस्ट ट्रेन नंबर 55537 साइज्मिक (भूकंप मापने वाले) इक्विपमेंट की जांच के लिए चल रही थी। हादसे के तुरंत बाद रेलवे और लोकल प्रशासन ने इमरजेंसी रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया था। कुनमिंग रेलवे अथॉरिटी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर पीड़ितों और उनके परिवारों के संवेदना जाहिर की है। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। चीन दुनिया का सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क चलाता है, जिसकी लंबाई 160000 किलोमीटर से ज्यादा है और हर साल इसमें अरबों लोग टैवल करते हैं। चीन की रेल सर्विस को तेज और सुविधाजनक माना जाता है, लेकिन पहले भी कई बड़े हादसे हो चुके हैं। 2011 में झेजियांग प्रांत में हुई एक दुर्घटना में 40 लोगों की मौत हुई थी। 2021 में गांसू प्रांत में भी एक ट्रेन ने कर्मचारियों को टक्कर मारी थी, जिसमें 9 लोग मारे गए थे। चीन अपनी हाई-स्पीड रेल को दुनिया की सबसे सुरक्षित और आधुनिक ट्रेन सेवा के रूप में पेश करता है। यह दावा काफी हद तक सही भी है, क्योंकि हाई-स्पीड ट्रेनें अपने मुख्य रूटों पर ऑटोमैटिक सिस्टम पर चलती हैं और वहां मानव गलती की गुंजा. इश बहुत कम रहती है। असली खतरा वहां पैदा होता है, जहां इन ट्रेनों के ट्रैक की मरम्मत, तकनीकी जांच या टेस्टिंग का काम चल रहा होता है।

# श्रीलंका में बारिश, भूस्खलन से मरने वों की संख्या 31 हुई

**कोलंबो।** हाल के वर्षों में सबसे खतरनाक प्राकृतिक आपदा से गुज़र रहे श्रीलंका में भारी बारिश और कई भूस्खलनों के बाद 31 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कम से कम 14 लोग गायब हैं। आपदा प्रबंधन केंद्र (डीएमसी) ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

डीएमसी ने अपने बयान में कहा कि इस आपदा के कारण हज़ारों की संख्या में लोग बेघर हो चुके हैं। नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, इस मौसम ने 17 जिलों के 1158 परिवारों का जीवन प्रभावित किया है। डीएमसी ने कहा कि 10 लोग घायल हुए हैं। तीन घर पूरी तरह तबाह हो चुके हैं जबकि 381 घर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। कम से कम 131 लोगों को अस्थाई सुरक्षा केंद्रों में विस्थापित किया गया है। बदुल्ला जिले में सबसे ज्यादा 18 लोग मारे गए हैं, जबकि केगल्ला में सात लोगों ने अपनी जान गंवाई है। नुवारा एलिया में इस मौसम के कारण चार लोगों का निधन हुआ है।

डीएमसी ने बताया कि हंबनटोटा और कुरुनेगला में एक-एक व्यक्ति की जान जाने की खबर है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि लगातार बारिश के कारण भूस्खलन और बाढ़ के अलावा सड़कें बंद होने का भी खतरा है। खासकर केंद्रीय और पहाड़ी क्षेत्रों में। बिगड़ते हालात के बीच यहां परीक्षा विभाग ने गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार को होने वाली विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षाओं को स्थगित करने की घोषणा की है।

# हांगकांग के ताइ पो में लगी आग

## 65 लोगों की मौत, 279 लोग लापता

हांगकांग। हांगकांग के ताइ पो जिले में आवासीय इमारत में आग लगने से कम से कम 65 लोगों की मौत हो गई है और 279 लोग अभी भी लापता हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार बचाव दल ऊंची इमारतों की तलाशी ले रहे हैं, जिनमें अभी भी आग लगी हुई है। इस कॉम्प्लेक्स में बड़ी संख्या में बुज़ुर्ग लोग रहते हैं, जिससे मरने वालों की संख्या और बढ़ने की आशंका है।

अधिकारियों ने तीन लोगों को गैर-इरादतन हत्या के शक में गिरफ्तार किया है, उन पर आग लगने से जुड़ी 'बड़ी लापरवाही' का आरोप है। उनके शामिल होने के बारे में अभी तक जानकारी नहीं दी गई है। हांगकांग के चीफ़ एग्ज़ीक्यूटिव जॉन ली ने कहा है कि आने वाले लेजिस्लेटिव काउंसिल (लेगको) चुनावों से पहले सभी चुनाव प्रचार गति.



विधियों को रोक दिया गया है। सरकार आपदा प्रतिक्रिया को प्राथमिकता दे रही है। रेडियो टेलीविज़न हांगकांग के मुताबिक शहर के चीफ़ एग्ज़ीक्यूटिव जॉन ली ने सुबह एक ब्रीफ़िंग में पत्रकारों से कहा कि सबसे पहली प्राथमिकता आग बुझाना और फंसे हुए लोगों को बचाना है। दूसरा काम घायलों का इलाज करना है, तीसरा उसके बाद के हालात को संभालना है और फिर हम पूरी जांच करेंगे। पब्लिक ब्रॉडकास्टर आरटीएचके के मुताबिक ली ने पत्रकारों से कहा कि हमने लेगको चुनावों के लिए प्रमोशनल एक्टिविटीज़ और फ़ोरम रोक दिए हैं। सरकार इस बड़ी मुसीबत से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। अब हमारी प्राथमिकता आग पर काबू पाना है। आग की खबरें चीन में सोशल मीडिया पर छाई रहीं पोस्ट को एक अरब से जयादा बार देखा गया।

# रूस जंग खत्म करने को तैयार नहीं: जर्मनी

## देश का रक्षा बजट बढ़ाने का ऐलान, कहा: 2029 तक नाटो पर हमला कर सकते हैं पुतिन

**बर्लिन।** जर्मनी ने रूस पर आरोप लगाया है कि वह यूक्रेन जंग खत्म करने के लिए किसी तरह का समझौता करने को तैयार नहीं दिख रहा है। जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने संसद में कहा कि रूस ने यूक्रेन के लिए तैयार की गई नई शांति योजना पर कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं दी है। उन्होंने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बयानों में शांति की कोई इच्छा नहीं दिखती। बोरिस ने कहा, पुतिन की प्रतिक्रिया से साफ है कि वह किसी तरह का समझौता नहीं करना चाहते।

बोरिस ने बताया कि इसी वजह से जर्मनी अपने रक्षा बजट में बढ़ोतरी करेगा। साथ ही यूक्रेन को सैन्य मदद भी बढ़ाएगा। बोरिस ने यह भी कहा कि जर्मनी को बदलते वक्त के साथ अपने लिए नए पार्टनर ढूंढने की जरूरत है। जर्मनी के विदेश मंत्री योहान



■ जर्मनी को बदलते वक्त के साथ अपने लिए नए पार्टनर ढूंढने की जरूरत: बोरिस पिस्टोरियस

वेडफुल ने मंगलवार चेतावनी दी है कि रूस अगले चार साल में किसी छा्ज्ञ देश पर हमला कर सकता है। उन्होंने यह बात बर्लिन फॉरेन पॉलिसी फोरम में कही। वेडफुल ने बताया कि जर्मन खुफिया एजेंसियों के मुता. बिक रूस 2029 तक नाटो के खिलाफ युद्ध की तैयारी कर रहा है। उनका कहना है कि रूस की महत्वाकांक्षा सिर्फ यूक्रेन तक सीमित नहीं है। उसने पिछले कुछ सालों में अपनी सैन्य ताकत और हथियार उत्पादन काफी बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि रूस ने अपनी अर्थव्यवस्था और समाज को काफी हद तक युद्ध के हिसाब से ढाल दिया है। साथ ही, रूस जरूरत से ज्यादा सैनिकों की भर्ती कर रहा है। लगभग हर महीने एक नई डिविजन तैयार की जा रही है। वेडफुल ने चेतावनी दी है कि रूस की ये नई सैन्य यूनिट्स् यूरोपीय संघ और नाटो को निशाना बना सकती हैं। नाटो महासचिव मार्क रुटे ने कहा है कि यूक्रेन युद्ध में अगर शांति समझौता भी हो जाए, तब भी रूस यूरोप के लिए लंबे समय तक खतरा बना रहेगा। उन्होंने यह बयान ब्रसेल्स में स्पेनिश अखबार एल पाइस को दिए इंटरव्यू में दिया।

# वॉशिंगटन डीसी में गोलीबारी, दो सुरक्षा प्रहरी गंभीर रूस से घायल

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के वाशिंगटन डीसी में बुधवार को व्हाइट हाउस के पास हुई गोलीबा. री में दो सुरक्षा प्रहरी गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना में नेशनल गार्ड के जवानों के साथ एक और व्यक्ति के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना है। यह घटना वाशिंगटन डीसी के भीड़भाड़ वाले इलाके, फारागट स्क्वायर के पास हुई, जिससे इलाके में अफरा तफरी मच गई। इस गोलीबारी के मामले में एक हमलावर को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों के अनुसार आरा. 'पी ने सुरक्षा प्रहरियों पर गोलियां चलाईं, जिसके बाद पास में मौजूद नेशनल गार्ड के दूसरे जवानों ने उसे पकड़ लिया, जिन्होंने गोलियों की आवाज सुनी थी।

# यूक्रेन के लिए 8.1 अरब डॉलर की वित्तीय सहायता देगा आईएमएफ

**कीव।** अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने यूक्रेन को अगले चार साल में 8.1 अरब डॉलर की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के लिए युद्धग्रस्त देश के साथ एक स्टाफ लेवल समझौता किया है। आईएमएफ की टीम ने गेविन ग्रे के नेतृत्व में 17-21 नवम्बर के दौरान यूक्रेनी अधिकारियों के साथ एक नई विस्तारित कोष सुविधा (ईएफएफ) व्यवस्था के लिए यूक्रेन के अनुरोध पर विचार किया था। उसके बाद दोनों पक्षों के बीच यह समझौता हुआ है। इस समझौते के मुख्य उद्देश्य यूक्रेन की वृहद आर्थिक स्थिरता बनाए रखना, ऋण स्थिरता और बाहरी व्यवहार्यता को पुनर्स्थापित करना, भ्रष्टाचार का मुकाबला करना और शासन में सुधार हैं। आईएमएफ द्वारा बुधवार को जारी बयान में कहा गया है कि 48 महीने के ईएफएफ के तहत यूक्रेन को 5.94 अरब सिंगापुर डॉलर (लगभग 8.1 अरब अमेरिकी डॉलर) की मदद मुहैया कराई जाएगी जो उसके कोटे का 295 प्रतिशत है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108